राष्ट्रीय दैनिक

पटना एवं दिल्ली से प्रकाशित

# प्रात·किरण

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

हर खबर पर पकड़





11 रोहित शर्मा को क्यों मुंबई इंडियन ...

मध्यप्रदेश में 7 सांसद बदलने तो... 12

वर्ष : 11 | अंक : 265 | पटना, बुधवार, 07 फरवरी, 2024 | विक्रम संवत 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

# मप्र के हरदा शहर में पटाखा कारखाने में आग लगने से नौ लोगों की मौत, 200 घायल

प्रात : किरण

हरदा/भोपाल/एजेंसी। मध्यप्रदेश के हरदा शहर में मंगलवार को एक पटाखा कारखाने में विस्फोट के बाद आग लग गई, जिससे इसमें नौ लोगों की मौत हो गयी जबकि 200 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। घटना के कुछ वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आए, जिसमें घटनास्थल पर रुक-रुक कर हो रहे विस्फोटों के साथ आग लगने के बीच लोग खुद को बचाने के लिए भागते नजर आ रहे हैं। वीडियो में कारखाने से निकलते धुएं के घरे गुबार दिखाई दे रहे हैं। यह घटना प्रदेश की राजधानी भोपाल से लगभग 150 किलोमीटर दूर हरदा शहर के बाहरी इलाके मगरधा रोड पर बैरागढ़ में हुई। अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह संजय दुबे ने बताया, हरदा घटना में अब तक नौ लोगों के मौत की खबर है और लगभग 200 अन्य घायल हुए हैं। घायल खतरे से बाहर हैं। अधिकारियों के अनुसार विस्फोट का कारण अभी तक पता नहीं चला है और आग पर काबू पाने के प्रयास जारी हैं। घटना के बाद मुख्यमंत्री मोहन यादव ने बैठक की और



कहा कि बचाव कार्य के लिए हेलीकॉप्टर की व्यवस्था के लिए सेना से संपर्क किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने हादसे में घायलों को तत्काल उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा, मैंने संबंधित अधिकारियों से बात की और घटना का विवरण मांगा है। उन्होंने कहा कि घटना के बारे में केंद्र को सूचित कर दिया गया है। मुख्यमंत्री ने हादसे में मरने वाले के परिजनों को 4-4 लाख रुपये की सहायता देने की घोषणा की। यादव ने कहा कि घायलों के उपचार का पूरा खर्च राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने प्रदेश सरकार के मंत्री उदय प्रताप सिंह, अपर मुख्य सचिव अजीत केसरी और होमगार्ड के महानिदेशक अरविंद कुमार को हेलीकॉप्टर से हरदा पहुंचने का निर्देश दिया।

### राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री ने जताया शोक

हादसे पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और पीएम मोदी ने दुख जताया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि वह इस त्रासदी में लोगों की मौत से बेहद दुखी हैं और शोक संतप्त परिवार के सदस्यों के प्रति संवेदना व्यक्त करती हैं। प्रधानमंत्री ने एक्स पर पोस्ट में कहा, मध्यप्रदेश के हरदा में एक पटाखा कारखाने में दुर्घटना के कारण लोगों की मौत से व्यथित हूं। उन सभी के प्रति संवेदना जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया है। जो घायल हुए हैं वे जल्द से जल्द ठीक हो जाएं। मोदी ने प्रत्येक मृतक के परिजन को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो-दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की।

अधिकतम तापमान 17°C

न्यूनतम तापमान 13°C

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 64,355 |
| चांदी | 78,800 |
| सेंसेक्स | 72,186 |
| निफ्टी | 21,929 |

## संक्षिप्त खबरें

### भाजपा और आरएसएस ने देश में नफरत और हिंसा फैलाई :राहुल गांधी

राउरकेला। लोकसभा चुनाव शुरू होने में कुछ ही महीने बचे हैं। ऐसे में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मणिपुर से मुंबई तक 6,700 किलोमीटर से ज्यादा की भारत जोड़ो न्याय यात्रा शुरू कर दी है। उनकी यात्रा आज ओडिशा में प्रवेश करेगी। बता दें, यात्रा 14 जनवरी को मणिपुर से शुरू हुई थी और 20 मार्च को मुंबई में समाप्त होगी। असम में यह यात्रा 25 जनवरी तक जारी रहेगी और 15 राज्यों के 110 जिलों से होकर गुजरेगी। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा फिलहाल झारखंड के खूंटी पहुंच गई है।

### तीन मंदिर मांगने पर भड़के ओवैसी बोले अब धोखा नहीं खाएंगे

नई दिल्ली। श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरि महाराज ने इस देश के मुसलमानों से सिर्फ तीन मंदिर मांगे हैं। उन्होंने कहा कि अयोध्या, ज्ञानवापी और कृष्ण जन्मभूमि हमें दे दें तो दूसरी मस्जिदों की तरफ हम नहीं देखेंगे। महाराज के इस बयान पर एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी बहुत बुरी तरह भड़क गए हैं। उन्होंने कहा है कि यह तो सीधा-सीधा ब्लैकमेल है। वे मुस्लिम समुदाय को खुले तौर पर धमकी दे रहे हैं। यह एक तरह से ब्लैकमेल है कि हमें जो चाहिए, वह नहीं दिया गया तो हम वही करेंगे जो छह दिसंबर 1992 को किया था। यह हिंसा का आह्वान है। यह पूछने पर कि यह धमकी कैसे हुई? हिंदू पक्ष शांतिपूर्ण ढंग से ये बात कर रहा है कि ये तीनों जगह हमें सौंप दी जाए। इस पर ओवैसी ने कहा कि ये लोग झूठे हैं। झूठ बोलना इनकी फितरत में है। इन्होंने पहले भी ऐसा किया था। ये लोग कौन होते हैं, मांग करने वाले। यह हिंदुत्व और बहुसंख्यकवाद की राजनीति है।

**नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक, 14 एजेंडों पर लगी मुहर**

# इंजीनियरिंग छात्रों को 10 हजार का स्टाइपेंड देगी सरकार

- सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्र होंगे लाभान्वित

प्रात : किरण



पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक हुई। जिसमें कुल14 महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर मुहर लगी। बैठक के बाद मंत्रिमंडल सचिवालय के मुख्य सचिव डॉ एस सिद्धार्थ ने मीडिया से बातचीत की। उन्होंने कहा कि मंत्रिपरिषद की बैठक में कुल 14 एजेंडों पर मुहर लगी। बिहार सरकार अब इंजीनियरिंग छात्रों के लिए नई पॉलिसी लेकर आई है। सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेज में पढ़ने वाले छात्रों को सरकार अब दस हजार रुपए का स्टाइपेंड देगी। इंटर्नशिप पर यह राशि दी जायेगी। बीटेक के सातवें सेमेस्टर में इंटर्नशिप करने पर राशि मिलेगी। वहीं, विज्ञान प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा के क्षेत्रीय कार्यालय में ग्रुप डी के आवेदन के लिए कोई शुल्क नही लगेगा। तीन लाख 46 हजार 777 आवेदन कर्ता को इसका लाभ मिलेगा। इसके साथ ही बिहार सरकार राज्यभर में 2165 पंचायत भवन बनाएगी। बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में 1083 और सामान्य क्षेत्र में 1082 भवन बनेंगे। इसपर कुल 6 हजार करोड़ 10 लाख 38 हजार 707 करोड़ रुपए खर्च होंगे। नीतीश कैबिनेट ने उद्योग विभगा के अंतर्गत एक्स सलेरेटिंग एम एस एम ई परफॉर्मेंस के तहत सूक्ष्म, लघु, एंव मध्यम उद्यमों के क्षमता वर्धन एवं कोरोना वैश्विक महामारी के कारण पड़े दुष्प्रभाव को कम करने के लिए विश्व बैंक समर्थित सेंट्रल योजना रैंप के तहत 140.74 करोड़ की प्रशासनिक स्वीकृति एवं संविदा आधारित पदों के सृजन की स्वीकृति दी गई है। वहीं सरकार ने पटना स्थित एनआईटी में इंक्यूबेशन सेंटर के निर्माण के लिए और अन्य कार्यों के लिए कुल 47.76 करोड़ की राशि की स्वीकृति दी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पिछले दिनों एनआईटी के कार्यक्रम के दौरान एनआईटी में इंक्यूबेशन सेंटर बनाने का ऐलान किया था। अब कैबिनेट ने इसपर अपनी स्वीकृति दे दी है। उद्योग विभाग के अंतर्गत रेजिंग एंड एक्सलेरेटिंग एमएसमई परफॉरमेंस योजना की स्वीकृति दी गई। इसके योजना एवं विकास विभाग के अन्तर्गत राज्य योजना अन्तर्गत योजना एवं विकास विभाग के अधीन कार्यरत बिहार मौसम सेवा केन्द्र को सृजित पदों सहित गैर योजना मद में स्थानांतरित करने की स्वीकृति दी गई। इसके तहत 10 प्रशासनिक एवं 43 तकनीकी पद हैं।

# राधा चरण साह की 26 करोड़ की संपत्ति जब्त

**अवैध बालू खनन मामला : ईडी ने विधान परिषद के सदस्य पर की बड़ी कार्रवाई**

- जांच में सामने आया कि रेत की अवैध बिक्री और इसके खनन को मुख्य रूप से एक गिरोह द्वारा नियंत्रित किया गया

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। प्रवर्तन निदेशालय ने मंगलवार को कहा कि उसने बिहार में कथित अवैध रेत खनन मामले की अपनी धन शोधन जांच के तहत राज्य विधानपरिषद के सदस्य और जदयू के नेता राधा चरण साह की 26 करोड़ रुपये की दो अचल संपत्तियां कुर्क कीं। बिहार पुलिस ने ब्रॉड सन कमोडिटीज प्राइवेट लिमिटेड और अन्य के खिलाफ भारतीय दंड संहिता और बिहार खनिज नियम, 2019 की विभिन्न धाराओं के तहत कुल 19 प्राथमिकियां दर्ज की थीं, जिसके आधार पर निदेशालय ने धन शोधन का मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। प्रवर्तन निदेशालय ने एक बयान में दावा किया कि जांच में सामने आया कि रेत की अवैध बिक्री और इसके खनन को मुख्य रूप से एक गिरोह द्वारा नियंत्रित किया गया और इस गिरोह के सदस्य होने के नाते राधा चरण साह ब्रॉड सन कमोडिटीज प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से अपराध से भारी-भरकम आय प्राप्त कर रहे थे। ईडी ने बताया, उन्होंने (राधा चरण साह) हवाला नेटवर्क का उपयोग कर अपने बेटे कन्हैया प्रसाद की सहायता से अपराध की आय को छिपाया और धन शोधन किया।

ईडी के मुताबिक, ब्रॉड सन कमोडिटीज प्राइवेट लिमिटेड बिहार के खनन प्राधिकरण द्वारा जारी विभागीय प्री-पेड परिवहन ई-चालान का उपयोग किए बिना अवैध रेत खनन और रेत की बिक्री में शामिल रही है और इससे सरकारी खजाने को 161.15 करोड़ रुपये की भारी राजस्व हानि हुई। ईडी ने पिछले वर्ष साह, उनके बेटे कन्हैया प्रसाद और ब्रॉड सन कमोडिटीज के निदेशकों मिथिलेश कुमार सिंह, बबन सिंह और सुरेंद्र कुमार जिंदल को गिरफ्तार किया था और वर्तमान में वे न्यायिक हिरासत के तहत जेल में बंद हैं। ईडी ने बताया कि नवंबर 2023 में आरोपियों के खिलाफ पटना की विशेष धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) अदालत में आरोपपत्र दाखिल किया गया था। ईडी के मुताबिक, पीएमएलए के तहत कुर्क की गई दो अचल संपत्तियों का

# राजद एमएलसी रामबली चंद्रवंशी की सदस्यता खत्म

प्रात : किरण



पटना। राजद के विधान पार्षद रामबली सिंह चंद्रवंशी की सदस्यता समाप्त कर दी गयी है। विधान परिषद के सभापति देवेश चंद्र ठाकुर ने मंगलवार को उनकी सदस्यता समाप्त करने संबंधी फैसले पर मुहर लगा दी है। इसके बाद परिषद के स्तर से इसकी अधिसूचना जारी कर दी गई है। इसी साल 16 जनवरी को इस मामले की अंतिम सुनवाई हुई थी। इसके बाद सभापति ने फैसले को सुरक्षित रख लिया था। इसी दिन एमएलसी रामबली सिंह ने भी सभापति के समक्ष अपना पक्ष रखा था। उनके खिलाफ यह कारवाई अनुच्छेद 191 (2) और संविधान की 10वीं अनुसूची के अलावा बिहार विधान परिषद दल विरोधी नियम के प्रावधानों के अंतर्गत की गई है। रामबली चंद्रवंशी के खिलाफ राजद ने शिकायत दर्ज करायी थी, जिसके बाद सभापति ने फैसला सुनाया है। बता दें विधान परिषद में राजद के सचेतक सुनील सिंह ने सभापति को पत्र लिखकर रामबली चंद्रवंशी की सदस्यता खत्म करने की मांग की थी। सुनील सिंह ने शिकायत की थी रामबली चंद्रवंशी राजद के विधान पार्षद होने के बावजूद सार्वजनिक सभाओं में पार्टी नेतृत्व के खिलाफ बयानबाजी कर रहे हैं। ये दलबदल कानून के तहत कार्रवाई का मामला बनता है इसलिए उनकी विधान परिषद की सदस्यता रद्द की जाये। दरअसल रामबली सिंह चंद्रवंशी ने अति पिछड़ों का हक दिलाने के लिए यात्रा निकाली थी। वे लगातार ये कह रहे थे बिहार सरकार में बैठे नीतीश कुमार और लालू प्रसाद यादव अति पिछड़ों के साथ हकमारी कर रहे हैं। कपूरी ठाकुर ने जिन जातियों को अति पिछड़ा माना था, उसके साथ हकमारी हो ही है। नीतीश कुमार ने संपन्न और मजबूत जातियों को अति पिछड़ा घोषित कर दिया है, इससे जो वाकई अति पिछड़े हैं उनका हक मारा गया है। रामबली चंद्रवंशी ने कहा था कि राजद जो चाहे कर ले लेकिन वे समाज हित के लिए अपनी आवाज उठाते रहेंगे।

# आनंद मोहन को झटका, सुप्रीम कोर्ट ने पासपोर्ट जब्त करने का दिया आदेश

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। पूर्व सांसद आनंद मोहन सिंह को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा है।आनंद मोहन की रिहाई के खिलाफ जी. कृष्णैया की विधवा उमादेवी कृष्णैया की याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। नाराज कोर्ट ने आज केंद्र सरकार और राज्य सरकार को भी जमकर फटकार लगायी है। सुप्रीम कोर्ट में आज जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस के.वी. विश्वनाथन की बेंच में आनंद मोहन की रिहाई के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई हुई। याचिका दायर करने वाली उमादेवी कृष्णैया की ओर से सीनियर एडवोकेट सिद्धांत लूथरा मौजूद थे। वहीं आनंद मोहन की ओर से वरीय अधिवक्ता दिनेश द्विवेदी बहस कर रहे थे। वहीं, राज्य सरकार की ओर से वकील रंजीत कुमार मौजूद थे। सुप्रीम कोर्ट ने सभी पक्षों की दलील सुनने के बाद बड़े आदेश दिये। कोर्ट ने कहा कि तत्काल प्रभाव से आनंद मोहन का पासपोर्ट जब्त कर लिया जाये। सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने आनंद मोहन को स्थानीय पुलिस के पास हर 15 दिन पर हाजिरी लगाने को कहा है। कोर्ट की बेंच ने इस मामले में केंद्र सरकार के रवैये पर गहरी नाराजगी जतायी। दरअसल याचिका दायर करने वाली उमादेवी कृष्णैया ने केंद्र सरकार को भी प्रतिवादी बनाया था। लेकिन केंद्र सरकार की ओर से कोर्ट में कोई जवाब नहीं दिया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को जमकर फटकार लगाते हुए इस मामले में एक सप्ताह में जवाब देने को कहा। कोर्ट की बेंच ने कहा कि ये मामला लगातार टल रहा है। कभी राज्य सरकार समय मांगती है तो कभी केंद्र सरकार जवाब नहीं देती है। मामले को और अधिक टाला नहीं जा सकता। 27 फरवरी को आखिरी फैसला :सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने कहा कि वह इस मामले में आखिरी फैसला सुनायेगी. इसके लिए 27 फरवरी को सुनवाई की आखिरी तारीख रखी गयी है। कोर्ट ने कहा कि इतने महत्वपूर्ण मामले को और आगे टाला नहीं जा सकता।

### यूपी से कुमार विश्वास को राज्यसभा में भेज सकती भाजपा

नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश की सात राज्यसभा सीटों के लिए भाजपा ने 35 नाम की एक सूची तैयार की है। दिलचस्प है कि इस सूची में तेज-तर्रार प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी को फिर से भेजने के साथ-साथ कुमार विश्वास के नाम पर भी चर्चा की गई है। हाल के दिनों में कुमार विश्वास पूरी तरीके से भाजपा के रंग में रंगे दिखाई दिए हैं। इसके बाद अगर पार्टी की ओर से उन्हें राज्यसभा भेजा जाता है, तब इसमें किसी को आश्चर्य नहीं होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आवास पर भाजपा की कोर कमेटी की बैठक हुई थी।

# राजद्रोह के 701 और यूएपीए के तहत 5023 मामले दर्ज हुए : नित्यानंद

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने मंगलवार को लोकसभा को बताया कि राजद्रोह और देश के खिलाफ अपराधों के लिए 2018 से 2022 तक 701 मामले दर्ज किए गए और विधिविरुद्ध क्रियाकलाप निवारण अधिनियम के तहत 5,023 मामले दर्ज किए गए। उन्होंने कहा कि राजद्रोह और देश के खिलाफ अपराधों के तहत दर्ज मामलों की संख्या 2021 में 149 से घटकर 2022 में 68 रह गई। राय ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि इसी तरह यूएपीए के तहत दर्ज मामलों की संख्या 2021 में 814 से बढ़कर 2022 में 1005 हो गई। उन्होंने कहा कि इस अवधि में 788 लोगों को गिरफ्तार किया गया और 500 लोगों के खिलाफ राजद्रोह तथा राज्यों के खिलाफ अपराध के मामलों में आरोपपत्र दायर किया गया।

# भाजपा, जदयू के पास ही है बहुमत का आंकड़ा : सम्राट

प्रात : किरण



पटना। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मंगलवार को वित्त मंत्रालय का पदभार संभाल लिया। पदभार ग्रहण करने के बाद वित्त मंत्री ने विभागीय पदाधिकारियों के साथ बजट पर विस्तृत चर्चा की। पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि बिहार में नई सरकार के गठन के बाद सबसे बड़ी चुनौती अपने संसाधनों को बढ़ाने की है। बजट में हमारी हिस्सेदारी कम होती है लेकिन भारत सरकार से जो सहयोग मिलता है तो वह बजट बड़ा हो जाता है। वहीं, उपमुख्यमंत्री ने राजद व कांग्रेस पर निशाना साधा है। जब पत्रकारों ने पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के खेला होने के बयान के संबंध में पूछा तो उन्होंने कहा कि भाजपा, जदयू के पास पूर्ण बहुमत है और तीसरी पार्टी के तौर पर जीतन राम मांझी का समर्थन है। तीन पार्टी के बहुमत से 128 विधायक होते हैं, इसके बावजूद कोई छेड़छाड़ करने की कोशिश करता है तो क्या कहा जाए। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि कुछ लोग तो खेला के डर से अपने एमएलए को हैदराबाद घूमा रहे हैं।

# ईडी ने सीएम केजरीवाल के निजी सहायक के परिसरों पर मारे छापे

प्रात : किरण



नई दिल्ली। ईडी ने दिल्ली जल बोर्ड में कथित अनियमितताओं से जुड़ी धन शोधन की जांच के तहत दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निजी सहायक बिभव कुमार और आम आदमी पार्टी से जुड़े कुछ लोगों के परिसरों की मंगलवार को तलाशी ली। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि छापेमारी के तहत राष्ट्रीय राजधानी के करीब 10-12 परिसरों की तलाशी ली। केंद्रीय एजेंसी के अधिकारी, बिभव कुमार, दिल्ली जल बोर्ड के पूर्व सदस्य शलभ कुमार, पार्टी के राज्यसभा सदस्य और राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष एन डी गुप्ता के कार्यालय के अलावा कुछ अन्य लोगों के परिसरों की तलाशी ली। यह कार्रवाई दिल्ली जल बोर्ड के ठेके की प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं से जुड़ी है। इसी मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने सेवानिवृत्त मुख्य इंजीनियर जगदीश कुमार अरोड़ा और ठेकेदार अनिल कुमार अग्रवाल को पिछले सप्ताह गिरफ्तार किया था। एक विशेष पीएमएलए (धन शोधन निवारण अधिनियम) अदालत ने सोमवार को उनकी हिरासत की अवधि पांच और दिन बढ़ा दी। प्रवर्तन निदेशालय ने दावा किया कि वृहद साजिश का पता लगाने के लिए उनसे हिरासत में और पूछताछ करने की आवश्यकता है। केंद्रीय एजेंसी की यह कार्रवाई तब हो रही है जब दिल्ली की कैबिनेट मंत्री आतिशी ने एजेंसी को लेकर एक बड़ा खुलासा करने का वादा किया था। आतिशी ने एक संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि प्रवर्तन निदेशालय ने आबकारी नीति समेत कुछ मामलों में आप पदाधिकारियों के खिलाफ की जा रही जांच में गवाहों के बयान की ऑडियो रिकॉर्डिंग डिलीट कर दी है। मंत्री ने एजेंसी को उन्हें अदालत तथा देश में पेश करने की चुनौती दी। आतिशी ने आरोप लगाया कि आप नेताओं के खिलाफ छापेमारी पार्टी को डराने और चुप कराने की कोशिश है।

**संबोधन** | **पीएम ने गोवा में आयोजित भारत ऊर्जा सप्ताह 2024 के उद्घाटन सत्र को किया संबोधित**

# भारत जल्दी ही विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा : मोदी

प्रात : किरण




पंजिम/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि भारत जल्दी ही विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा तथा देश की आर्थिक वृद्धि में ऊर्जा क्षेत्र का महत्व बढ़ रहा है और देश प्राथमिक ऊर्जा के विभिन्न रूपों में प्राकृतिक गैस के उपयोग बढायेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार देश में हर जगह किफायती दर पर ऊर्जा की उपलब्धता सुनिश्चित करने का प्रयास कर रही है तथा वैश्विक बाजार में उथल-पुथल के बाद भी भारत एक ऐसा देश है, जहां भी बीते दो वर्षों में पेट्रोल और डीजल के दाम कम हुये हैं। उन्होंने यह भी कहा कि देश इस समय विभिन्न प्रकार की प्राथमिक ऊर्जा जिस अनुपात में कर रहा है, उसमें प्राकृतिक गैस का अनुपात छह प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत तक करने का लक्ष्य है। इसके लिये पांच-छह वर्ष में सात अरब डालर का निवेश करने की योजना है। प्रधानमंत्री गोवा में आयोजित भारत ऊर्जा सप्ताह 2024 के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। इसमें दुनिया भर से आमंत्रित तेल और प्राकृतिक गैस उद्योग के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। श्री मोदी ने गोवा के राज्यपाल पी एस श्रीधरन पिल्लई, मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत, केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी, रामेश्वर तेली और अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में कहा, भविष्य की इन जरूरतों को देखते हुये, समझते हुये भारत अभी से तैयारी कर रहा है। उन्होंने दुनिया भर से जुटे इस उद्योग के प्रतिनिधियों को आपस में उन्नत प्रौद्योगिकीय सहयोग करने, एक-दूसरे से सीखने और स्वस्थ ऊर्जा के स्रोतों के विकास में सहयोग करने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह आयोजन ऐसे समय हो रहा है जबकि चालू वित्तीय वर्ष के पहले छह महीनों में ही, भारत की जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) की वृद्धि दर साढ़े सात फीसदी से अधिक रही है और यह पहले के अनुमानों से बहुत अधिक है। उन्होंने कहा कि भारत आज विश्व की सबसे तेज बढ़ती अर्थव्यवस्था है और अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष का अनुमान है हम ऐसे ही तेज गति से आगे बढ़ेंगे। उन्होंने कहा, ह्यआज पूरी दुनिया के एक्सपर्ट ये मान रहे हैं कि भारत जल्द ही विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा। भारत की आर्थिक वृद्धि की इस गाथा में ऊर्जा क्षेत्र की बहुत महत्वपूर्ण है, स्वाभाविक रूप से उसका महात्मय बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि ऊर्जा की खपत के मामले में भारत पहले ही विश्व का तीसरा सबसे बड़ा देश है और दुनिया का चौथा सबसे बड़ा एनएनजी आयातक, चौथा सबसे बड़े तेल शोधनकर्ता और चौथा सबसे बड़ा वाहन विनिमार्ता है वाले देश हैं। भारत इस समय 25.4 करोड़ टन वार्षिक शोधन क्षमता के साथ पहले ही विश्व के सबसे बड़े तेल शोधनकताओं में से एक हैं। उन्होंने कहा, ह्यह्यहमने 2030 तक भारत की रिफाइनिंग कैपेसिटी को 45 करोड़ टन तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। भारत पेट्रो रसायन और अन्य तैयार पेट्रोलियम उत्पादों के क्षेत्र में भी एक बड़ा निर्यातक बनकर उभरा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि ऊर्जा की बढ़ती मांग के बीच भारत, देश के हर कोने में किफायती ऊर्जा की उपलब्धता को भी सुनिश्चत कर रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### सड़क हादसे में एक युवक की मौत

फतुहा। मंगलवार को तेज रफ्तार से आ रही अनियंत्रित कार ने एक युवक को टक्कर मार दी। जिससे युवक घायल हो गया। घायल युवक की पहचान बड़ी केबई निवासी राम जमादार के 17 वर्षीय पुत्र रंजीत कुमार के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक युवक मैट्रिक का एग्जाम सेंटर का पता लगाने जा रहा था तभी एक अज्ञात कार के चपेट में आ गया। जिससे वह दुर्घटनाग्रस्त हो गया। ग्रामीणों की मदद से युवक को हॉस्पिटल लाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं इस घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।

### सड़क दुर्घटना में एक युवक गंभीर रूप से जख्मी

फतुहा। मंगलवार की सुबह एनएच 30 पर अज्ञात कार के चपेट में आने से युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। युवक की पहचान बिहारशरीफ के कटरा निवासी मो शहाबुद्दीन के 25 वर्षीय पुत्र मो ओवैस के रूप में हुई है। घायल युवक का स्टाफ मो सैफ ने बताया कि अपने घर बिहारशरीफ से पटना के बाजार समिति अपने फल के दुकान पर हमेशा की तरह जा रहे थे। तभी रास्ते में हमारे बाइक में खराबी आ गई। जिसे ठीक करवाने के लिए मैकेनिक के पास जा रहे थे। तभी सुपनचक के समीप पूजा ढाबा के पास सामने से आ रही तेज रफ़्तार चारपहिया वाहन ने टक्कर मार दी और फरार हो गया। जिसमें ओवैस घायल हो गया।

### चोरी के जेवर के साथ एक युवक गिरफ्तार

दानापुर। नगर के रूपसपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत रूपसपुर पुलिस ने एक युवक को चोरी के जेवरात के साथ गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। थानाध्यक्ष रणविजय कुमार ने बताया कि पिछले दिनों अर्पणा बैंक कालोनी में दो तीन फ्लैट में चोरी हुई थी। जिसके अनुसंधान में आलमगंज थाना क्षेत्र के लक्ष्मणपुर कोईरी टोला से बीस वर्षीय पंकज कुमार को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से चोरी की कुछ जेवरात भी बरामद किया गया है।

### ग्रिल चोरी कर ले जाने के दौरान ईरिक्शा के साथ दो लोग गिरफ्तार

दानापुर। थाना के अंतर्गत गोला रोड स्थित सैनिक कालोनी में निमार्णाधीन मकान से ग्रिल चोरी कर ले जाने के क्रम में लोगो ने ईरिक्शा चालक समेत दो लोगो को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस मामले की छानबीन में लगी है। बताया जाता है कि मनेर के हथियाकांध सराय निवासी दिलीप कुमार दानापुर के गोलारोड स्थित सैनिक कालोनी में मकान बनवा रहे है। मकान में लगाने को लेकर 33 पीस ग्रिल बनवाया था। चोरो ने वहां से चोरी कर ग्रिल को कुछ दुरी पर छिपा कर रख वहां से धीरे धीरे ठीकाना लगा रहे थे। इसी क्रम में दिलीप ने मंगलवार को एक ईरिक्शा पर ग्रिल लादते दो लोगो को देखा। जिसपर वे ईरिक्शा समेत दोनो को पकड लिये। दो ग्रिल उस पर लदे थे। दोनो को पुलिस के हवाले कर दिया। वही पकड़ा गया चालक ने बताया कि उसे भाड़े पर लाया गया था। उसने घटना से अनभिज्ञता जाहिर कर दिया। पुलिस मामले की छानबीन में लगी है।

### शराब के साथ तीन गिरफ्तार

पटना सिटी (प्राकि)। चौक थाना की पुलिस ने मोरचा रोड में छापेमारी कर वाहन के साथ विदेशी शराब जब्त किया है। स्कूटी के साथ साढ़े दस लीटर विदेशी शराब बरामद किया गया है। इस मामले में हाजीगंज का रहनेवाला आशुतोष कुमार, मालसलामी के नंदगोला का रहने वाला नवल किशोर साव और खाजेकलां थाना क्षेत्र के जल्ला गली का वासी उमेश महतो को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस तीनों से पूछताछ करने के बाद जेल भेज दिया है।

### रेलकर्मियों ने अपनी समस्याओं से महाप्रबंधक को अवगत कराया



हाजीपुर। महाप्रबंधक अनिल कुमार खंडेलवाल रेलकर्मियों की समस्याओं के निराकरण के लिए व्यक्तिगत रूप से रूचि ले रहे हैं। इसी क्रम में आज मुख्यालय, हाजीपुर में 10 रेलकर्मी/ उनके आश्रितों ने महाप्रबंधक से मुलाकात की तथा अपनी विभागीय समस्याओं से महाप्रबंधक को अवगत कराया। महाप्रबंधक ने विस्तारपूर्वक उनकी समयाओं को सुना तथा संबंधित विभागों को प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए निर्धारित समय सीमा में केस निष्पादन के निर्देश दिए। इस अवसर पर कार्मिक विभाग के अधिकारी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। विदित हो कि रेल से जुड़े स्टेक होल्डर की समस्याओं के निष्पादन के उद्देश्य से उनकी समस्याओं के समाधान के लिए महाप्रबंधक से मुलाकात हेतु प्रत्येक मंगलवार को निर्धारित किया गया है। इसके लिए रेलकर्मी अपना नाम पूर्व में कार्मिक विभाग में रजिस्टर्ड करवाकर मंगलवार को महाप्रबंधक से मुलाकात कर अपनी समस्याएं उनके सामने रख सकते हैं।

# गरीब कामकाजी महिलाओं के बच्चों के रहने को पालना घर : डॉ चंद्रशेखर

## गायघाट रैनबसेरा में खुला, 15 बच्चों को सुबह 9.30 से अप 5 तक सुविधा

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



गरीब व अत्यंत गरीब महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए राज्य सरकार लगातार प्रयत्न शील है। इसका सकारात्मक परिणाम भी दिख रहा है। अब बड़ी संख्या में महिलाएं आजीविका के लिए घर से बाहर निकल रही हैं। ऐसे में उनकी जरूरत को ध्यान में रखते हुए पालना घर बनाया गया है। यह बात पटना के तत्कालीन डीएम और जीविका के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी डॉ चंद्रशेखर सिंह ने कहीं। वे मंगलवार को वार्ड संख्या 54 में व्यवहार न्यायालय के पास स्थित रैन बसेरा में मोबाइल क्रेच के माध्यम से 15 बच्चों की क्षमता वाले पालना घर के संचालन का उद्घाटन करने के बाद कहीं। डॉ चंद्रशेखर सिंह ने कहा कि पालना घर के सफल संचालन में समुदाय की सहभागिता अनिवार्य है। उन्हें पूरा विश्वास है कि समुदाय इस पालना घर में बढ़-चढ़कर भाग लेगा और अपनी जिम्मेवारी का भी निर्वहन करेगा। दरअसल शहरी इलाकों में रहने वाले अत्यंत निर्धन परिवार के जीविकोपार्जन के लिए जीविका ग्रामीण विकास विभाग के द्वारा सतत जीविकोपार्जन योजना शहरी का संचालन किया जा रहा है। इस योजना का क्रियान्वयन जीविका एवं अंतरराष्ट्रीय एजेंसी बांग्लादेश रूलर एंड एडवांसमेंट कमेटी (बराक) के बीच एक समझौता किया गया है। शहर में ऐसी अनेक महिलाएं हैं, जिन्हें रोजगार की चाहत है और जरूरत भी, लेकिन उनके छोटे बच्चों की देखभाल का कोई सुरक्षित विकल्प नहीं है। इसी को ध्यान में रखकर पालना घर की जरूरत महिलाओं के आजीविका को प्रोत्साहित करने एवं उनके तीन साल तक के आयु के बच्चों के सुरक्षित ठहराव, स्वास्थ्य एवं पोषण तथा विद्यालय पूर्व शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधा प्रदान करने को लेकर शुरू की गई है। पालना घर का संचालन प्रतिदिन सुबह 9.30 बजे से अपराह्न पांच बजे तक किया जाएगा। इस दौरान स्थानीय समुदाय की ही प्रशिक्षित कर्मियों के द्वारा बच्चों को सुरक्षित रखने के साथ-साथ तीन बार पोषण युक्त आहार खिलाने खेल-खेल में पढ़ने और सीखने जैसी गतिविधियां कराई जाएंगी। यहां उपलब्ध सुविधाएं फ्री हैं। बराक की प्रतिनिधि श्वेता बनर्जी ने कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण के इस मुहिम में सहभागी बनना बेहतर है और संस्था हरसंभव सहयोग करेगी। जीविका की परियोजना समन्वयक श्रीमती महुआ रॉय चौधरी ने बताया कि सतत जीविकोपार्जन योजना अत्यंत गरीबों के लिए राज्य सरकार की महत्वपूर्ण पहल है। इस समुदाय की महिलाओं के जीविकोपार्जन गतिविधियों को बढ़ाने में यह पालना घर सहायक होगा। संचालक संस्था मोबाइल क्रेच के राज्य प्रतिनिधि रुपेश कुमार सिन्हा ने कहा कि संस्था को पिछले 54 वर्षो में 18 राज्यों में सरकार और समुदाय के साथ मिलकर पालना घर के संचालन का जो अनुभव मिला है, उसका बेहतर उपयोग यहां किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि गया जिला के धनिया बगीचा इलाके में एक मॉडल पालना घर का सफल संचालन किया जा रहा है। राज्य के अन्य जिलों में भी इस प्रकार के मॉडल पालना घर खोलने की योजना है।

# दानापुर रेल मंडल अस्पताल में कैंसर अवेयरनेस सेमिनार का किया गया आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता



दानापुर खगौल नगर के अंतर्गत 5 तारीख को रेलवे मंडल अस्पताल दानापुर में महिला जनित विभिन्न तरह के कैंसर से संबंधित विषयों पर कैंसर अवेयरनेस सेमिनार का आयोजन किया गया जिसकी शुरूआत दानापुर मंडल महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा शालिनी चौधरी एवं महिला कल्याण संगठन की अन्य सदस्यों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, मंडल अस्पताल एवं अन्य कार्य स्थलों के महिला कर्मचारियों की अच्छी उपस्थिति रही। सेमिनार में डॉ.श्रेया, डॉ.नेहा, डॉ.अनुपम एवं डॉ.विजय लक्ष्मी ने विभिन्न टॉपिक पर अपने-अपने विचार प्रकट किये जो लोगों के लिए बहुत ही ज्ञानवर्धक था । जिससे खासकर ब्रेस्ट कैंसर, सर्वाइकल कैंसर एवं अन्य महिलाओं से संबंधी बीमारियों पर विशेष केंद्रित था। डॉ. अनुपम ने खासकर सर्वाइकल कैंसर एवं उसके बचाव एवं वैक्सीनेशन के बारे में विस्तार से चर्चा की इस अवसर पर लोगों को जागरूक करने के लिये विभिन्न तरह के पोस्टर भी लगाये गये।वहीं लोगों को जागरूक करने के लिये अस्पताल के नर्स कर्मचारियों द्वारा ज्ञानवर्धक रोल प्ले प्रस्तुत किया गया।विदित हो कि विश्व कैंसर दिवस का उद्देश्य शिक्षा और जागरूकता बढ़ाकर प्रत्येक वर्ष करोड़ो लोगों को मौत से बचाना है।

# आधुनिक कमरे के निर्माण को अरदास के बाद शुरू हुआ काम

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



गुरुद्वारा बाललीला मैनी संगत में अंडरग्राउंड पार्किंग का विस्तार तो हो ही रहा है, इसके ऊपर जोड़ाघर बना था।उस जोड़ाघर के ऊपर 50 कमरे के निर्माण के लिए पहले दूसरे तल की ढलाई का काम शुरू हुआ। इसके पूर्व तख्तश्री पटना साहिब के कथावाचक सतनाम सिंह ने कार्य के बेहतर ढंग से और निर्विघ्न संपन्न कराने के लिए अरदास किया। इस दौरान बाबा गुरविंदर सिंह, बाबा बलवंत सिंह, बाबा मिंटा सिंह, राजन सिंह, बलवीर सिंह, गुरबख्शीश सिंह, गुरबंश सिंह, जसप्रीत सिंह, ओंकार सिंह, ग्रंथी अर्जन सिंह आदि मौजूद रहे। दरअसल जोड़ाघर के ऊपर पांच मंजिल आवास संगतों के ठहरने के लिए बनना है। इसमें कुल 50 आधुनिक कमरे का निर्माण किया जाना है। इसे लेकर काम शुरू किया गया है। वहीं इसके पूरब की ओर के निर्माण को भी तोड़ दिया गया है। अंडर ग्राउंड पार्किंग का विस्तार पूरब की ओर होना है, जहां एक साथ कम से कम तीन-चार सौ वाहनों का पार्किंग संभव हो सके। हालांकि इस दौरान जत्थेदार बाबा सुखविंदर सिंह को भी मौजूद रहना था, मगर मौसम के खराब होने और अन्य व्यवस्था के कारण वे यहां नहीं आ पाए। वीडियो कांफ्रेंसिंग के द्वारा ही उन्होंने आयोजित समारोह में भाग लिया और चल रहे काम को देखा।

### ग्लोबल कायस्थ कांफ्रेंस मीडिया सेल के ग्लोबल महासचिव बनें प्रेम कुमार



पटना, भारत की अग्रणी संवाद एजेंसी यूनाईटेड न्यूज ऑफ इंडिया (यूएनआई) में उपसंपादक के पद पर कार्यरत प्रेम कुमार को ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस (जीकेसी) मीडिया सेल का ग्लोबल महासचिव बनाया गया है। जीकेसी के ग्लोबल अध्यक्ष श्री राजीव रंजन प्रसाद ने श्री प्रेम कुमार को (जीकेसी) मीडिया सेल का ग्लोबल महासचिव बनाया है। प्रेम कुमार जीकेसी कला-संस्कृति प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष और कर्नाटक के प्रभारी भी हैं। श्री प्रेम कुमार ने इससे पूर्व जीकेसी मीडिया सेल के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में अपना योगदान दिया है। प्रेम कुमार ने श्री राजीव रंजन और प्रबंध न्यासी श्रीमती रागिनी रंजन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेवारी सौंपी गयी है।

# जबरन चंदा वसूली वालों पर सख्त हुआ पुलिस प्रशासन

## छात्रों, कोचिंग, लाज संचालकों, निजी व सरकारी छात्रावास के वार्डन, केयरटेकर के साथ की बैठक

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



सुलतानगंज थाना परिसर में सरस्वती पूजा को लेकर पुलिस प्रशासन के द्वारा बैठक की गई। इसमें विभिन्न छात्रावासों के छात्रों के अलावा कोचिंग संचालक, स्कूल संचालक, बुद्धिजिवियों, नागरिकों के साथ शांति समिति के सदस्य शामिल हुए।

इसमें एसडीओ गुंजन सिहं एवं एएसपी सरथ आरएस ने कहा कि पूजा समितियों को दो दिनों में थाना स्तर से लाइसेंस लेना अनिवार्य है।सभी छात्रावासों के छात्र एवं वार्डेन से पूजा स्थल की जानकारी विस्तृत रूप से ली गई। साथ ही सख्त निर्देश देते हुए कहा गया कि जबरन चंदा वसूली किए जाने की सूचना तथा आपराधिक गतिविधि में संलिप्त पाए जाने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। एसडीओ ने सभी कोचिंग संचालकों को अपना मोबाइल नंबर जारी करते हुए तत्काल वाट्सऐप ग्रुप से जुड़ कर रहने की अपील की, ताकि सूचना का आदान-प्रदान हो सके। कोचीन संचालकों ने पुलिस प्रशासन को विभिन्न पूजा समितियां के द्वारा दिए गए कूपन जिस नंबर से कॉल कर राशि की मांग की गई वह सब भी उपलब्ध कराया गया पुलिस प्रशासन का कहना था कि जबरन चंदा वसूली को लेकर आप लोगों के पास जो भी सच है या कोई धमकता है डरता है तो इसकी सूचना सुल्तानगंज और बहादुरपुर थाना में लिखित में दिन पुलिस कार्रवाई निश्चित तौर पर करेगी वहीं एसपी शरद आईएस ने कहा कि सरस्वती पूजा को लेकर अनुमंडल को रेप और सब के जवान मिलना है इन्हें संवेदनशील स्थानों पर प्रतिनियुक्ति किया जाएगा जिन कोचिंग संचालकों को जबरन धमकी दी जाएगी, वहां 15 फरवरी या उसके बाद भी बल की तैनाती रहेगी। उन्हें सुरक्षा प्रदान की जाएगी।

जो भी समिति भगवती सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर पूजा करेंगे और विसर्जन शोभायात्रा निकालेंगे, उन्हें दो दिनों में लाइसेंस के लिए आवेदन देना होगा। कोई भी पूजा समिति से जुड़े लोग या सरकारी या निजी छात्रावास में रहने वाले छात्र जबरन चंदा वसूली के लिए दबाव डालते हैं या कॉल कर धमकाने का काम करेंगे, ऐसे लोगों पर विधिसम्मत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। एसडीओ व एएसपी ने सुल्तानगंज और बहादुरपुर थाना के थानाध्यक्ष को भी स्पष्ट निर्देश दिया है कि ऐसे पूजा समिति के लोगों को चिन्हित कर उन पर नोटिस निर्गत कर बांड भरवाएं, जो जबरन चंदा वसूली करते हैं या लोगों को डराने-धमकाने का काम करते हैं।

बैठक में सुल्तानगंज थानाध्यक्ष अजय कुमार, बहादुरपुर थानाध्यक्ष पूर्णेन्दु मिश्रा के अलावा थाना क्षेत्र में पड़ने वाले राजकीय कल्याण छात्रावास, अरफाबाद अंबेडकर छात्रावास, चौरसिया भवन छात्रावास, पटना सेन्ट्रल स्कूल महेन्द्रू, हथुआ पीजी हॉस्टल, सीबी रमण छात्रावास, रामानुजम छात्रावास एवं पूजा समिति के शिव मंदिर दरगाह रोड, मोहम्मदपुर पूजा समिति एवं भागीरथी पूजा संचालक आदि मौजूद रहे।

# 40 घंटे बाद सैदपुर नहरनुमा नाला से निकला डूबे युवा का डेडबॉडी

## सोमवार को नगर निगम के जेसीबी की मदद से नहीं निकल पाया था शव

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता





सैदपुर के नहरनुमा नाला में चार फरवरी की शाम एक युवक गिर गया था। उसे खासा मशक्कत के बाद भी नहीं निकाला जा सका था। मंगलवार को पूर्वाह्न में उसका डेडबॉडी पानी में उपलाया हुआ मिला, जिसे एसडीआरएफ की टीम ने झग्गड़ की मदद से बाहर निकालने का काम किया। इस दौरान उक्त नहरनुमा नाला के दोनों ओर लोगों की खासा भीड़ जुटी थी। मृतक की पहचान सुल्तानगंज थाना क्षेत्र के दरगाह रोड के रहने वाले करीब 30-32 साल के नेयाज अली उर्फ मो सोनू साजिद के रूप में की गई। शव निकलने के बाद ही ठेला पर रखकर उसके परिजन वहां से ले गए। इस दौरान परिजन मीडिया से कोई भी बातचीत नहीं की। वह शादीशुदा और बाल बच्चे वाला है। जन संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष सह पूर्व पार्षद प्रदीप मेहता, पूर्व अध्यक्ष देवरत्न प्रसाद, उपाध्यक्ष सलमान अख्तर, प्रवक्ता डॉ इकबाल अहमद एवं महासचिव उमेश पंडित ने संयुक्त बयान जारी कर बिहार सरकार से मांग की है कि सैदपुर पहाड़ी नाला के अरफाबाद-जटाही मंदिर के पास चार फरवरी को साजिद उर्फ सोनू नाम का व्यक्ति नहर के किनारे असंतुलित होने के कारण गिर गया। स्थानीय लोगों के द्वारा बांस की मदद से उसे पकड़ निकालने का प्रयास किया गया, लेकिन कीचड़ में इतना धंस गया था कि वह दलदल में लगातार धंसता ही गया। उसी रात निगम का जेसीबी जाकर खोजने का प्रयास किया, मगर डेडबॉडी नहीं मिला। सोमवार को भी जेसीबी की मदद से शव को खोजने का काम किया गया, मगर प्रयास विफल ही रहा। मंगलवार को करीब 30 घंटा से अधिक का समय बीतने के बाद नाला में गिरे युवा का शव घटनास्थल से करीब 500 फीट पूरब की ओर पानी में उपलाया हुआ देखा गया। इसे एसडीआरएफ के हवलदार रमेश कुमार के नेतृत्व में आए हुए जवान अरविंद कुमार, मिथिलेश कुमार, मनोज कुमार एवं मनीष कुमार ने झग्गड़ की मदद से निकलने का काम किया। श्री मेहता ने कहा कि करीब पांच माह पूर्व 23 सितंबर को मुख्यमंत्री एवं तत्कालीन उपमुख्यमंत्री ने 259 करोड़ की लागत से सैदपुर पहाड़ी नाला को पाट कर सड़क बनाने की योजना का शिलान्यास सैदपुर के पास किए थे। इसे डेढ़-दो साल में निर्माण कार्य पूरा करने की समय-सीमा निर्धारित किया गया। कार्य पूरा करने की जवाबदेही बुडको को दिया गया था। मगर पांच माह बीत जाने के बाद भी अब तक इस दिशा में कोई प्रगति नहीं देखा जा रहा है। सैदपुर नहरनुमा नाला, जो मौत के नाला के नाम से जाना जाता है। इस पांच माह में ही आधा दर्जन लोगों की गिरकर मौत हो चुकी है। इसके बाद भी बुडको के अधिकारी और अभियंताओं के कान पर जू नहीं रेंग रहा है। जन संघर्ष मोर्चा सरकार से मांग करती है कि जिस व्यक्ति की उक्त नाला में डूबने से मौत हुई है, उसके आश्रित को मुआवजा दिया जाए। बुडको के कार्य संवेदनहीनता के कारण नाला में गिरने से उसकी मौत हुई है। जानकारी मिली है कि बुडको के द्वारा पहाड़ी से कार्य शुरू करने की योजना बनी है। वह नगर विकास विभाग एवं पथ निर्माण विभाग से मांग करते हैं कि कार्य का प्रारंभ सैदपुर की ओर से कराया जाए। कारण कि सैदपुर से लेवल डालकर पहाड़ी तक काम जल्द से जल्द शुरू कराया जाए, नहीं तो मोर्चा आंदोलन के लिए मजबूर होगा। वहीं अरफाबाद-जटाही मंदिर के बीच नेयाज अहमद उर्फ सोनू साजिद के नाला में गिरने से मौत हुई। हालांकि डूबे युवा को निकालने के लिए पार्षद विनय कुमार बाला के द्वारा भी खासा प्रयास निकालने का किया गया। विदित हो कि वर्ष 2015 से लगातार पाटलिपुत्र नगर विकास समिति सैदपुर नाला को ढंक कर रोड बनाने की मांग को लेकर संघर्ष कर रही है। समिति के अध्यक्ष बबलू कुमार खुद मुख्यमंत्री को आवेदन सौंप थे, जिसके बाद 23 सितंबर, 23 को सैदपुर के शिवम अपार्टमेंट के पास नाला को ढंक कर सड़क निर्माण के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और तत्कालीन डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने सड़क निर्माण हेतु शिलान्यास किया था। मगर काम कहीं नहीं दिख रहा है। इससे स्थानीय लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। बुडको की लापरवाही को लेकर पाटलिपुत्र नगर विकास समिति और जन संघर्ष मोर्चा संयुक्त रूप से एक-दो दिनों में वृहद आंदोलन करेगी। साथ ही मांग रखेगी कि जब घटना घटित क्षेत्र में हो रही है, तो भूमि पूजन पहाड़ी पर क्यों कराया गया। सैदपुर से गायघाट के डंका इमली के बीच नहरनुमा नाला के दोनों ओर चहारदीवारी टूटा है। रोड की हालत भी खस्ता है। इस कारण से आए दिन विभिन्न वाहन सवार वाहन सहित या खुद हाथी डुबाऊ नाला में गिरकर घायल हो रहे हैं या उनकी मौत हो रही है।

# सब डर्मल इंप्लांट लगाने में पीएमसीएच अव्वल

प्रात :किरण संवाददाता



पटना- राज्य में पिछले वर्ष के सितंबर से परिवार नियोजन के लिए लंबी अवधि के अस्थायी साधन में नया विकल्प लाभार्थियों के लिए उपलब्ध कराया गया है। राज्य के दो जिलों पटना एवं भागलपुर के 4 अस्पतालों में फिलहाल यह सुविधा उपलब्ध है। सब डर्मल इंप्लांट परिवार नियोजन कार्यक्रम में उपलब्ध अस्थाई साधनों की सूचि में शामिल हो चुका है। इस साधन के इस्तेमाल को लेकर अच्छी प्रतिक्रिया भी मिल रही है। फैमिली प्लानिंग काउंसलर के माध्यम से काउंसलिंग कर एक्सपर्ट द्वारा इसे इंप्लांट कराया जा रहा है।

**क्या है इम्प्लांट:** इम्प्लांट एक माचिस की तीली के आकार की छोटी, पतली और लचीली रॉड है, जिसे महिला की बांह के ऊपरी हिस्से में त्वचा के नीचे लगाया जाता है। यह 3 साल तक अनचाहे गर्भ से सुरक्षा प्रदान करता है।

**इम्प्लांट लगाने में पीएमसीएच आगे:** आंकड़ों के अनुसार पटना एवं भागलपुर में अभी तक करीब 590 लाभार्थियों को सब डर्मल इंप्लांट लगाया जा चुका है। इसमें पीएमसीएच में 218, गुरु गोविन्द सिंह अस्पताल में 180, जवाहर लाल नेहरु मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में 70 तथा सदर अस्पताल, भागलपुर में 122 लाभार्थियों को इम्प्लांट लगाया जा चुका है।

**काउंसलिंग से स्वीकार्यता में आयी है तेजी:** पीएमसीएच के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की चिकित्सक तथा मास्टर ट्रेनर डॉ। रानू सिंह ने बताया कि अगर कोई महिला बीच में ही गर्भधारण करना चाहती है तो वह इसे निकालने के कुछ दिनों में ही गर्भधारण के लिए तैयार हो जाती है। यह इसे अन्य उपलब्ध अस्थायी साधनों की तुलना में इसे विशेष बनाता है। यदि कोई महिला गर्भधारण में प्राथमिकता के आधार पर तीन साल साल की देरी करना चाहती है।

# मडीए अभियान को लेकर जीविका के कर्मियों का किया गया उन्मुखीकरण

प्रात :किरण संवाददाता

- पीसीआई द्वारा आयोजित की गयी उन्मुखीकरण कार्यशाला
- जीविका के संकुल कर्मियों ने एमडीए को सफल बनाने का लिया संकल्प

पटना। आगामी 10 फरवरी से शुरू होने वाले एमडीए अभियान में जीविका के कर्मियों के लिए वर्चुअल उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित की गयी। वर्चुअल माध्यम से आयोजित कार्यशाला में जीविका के डीपीएम, एचएम सहित अन्य कर्मियों ने भाग लिया। कार्यशाला में शामिल प्रतिभागियों को फाइलेरिया होने के कारण, एमडीए अभियान के दौरान दवा सेवन की महत्ता तथा जागरूकता की जरूरत पर बल दिया गया।

कार्यशाला में प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए विश्व स्वास्थ्य संगठन के राज्य एनटीडी समन्वयक डॉ। राजेश पाण्डेय ने बताया कि फाइलेरिया या हाथीपांव एक सार्वजनिक स्वास्थ्य संबंधी समस्या है। यह रोग मच्छर के काटने से फैलता है। उन्होंने बताया कि 80 % हाइड्रोसिल के मामलों के पीछे कारण फाइलेरिया होता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) के अनुसार फाइलेरिया दुनिया भर में दीर्घकालिक विकलांगता के प्रमुख कारणों में से एक है एवं विश्व भर में विकलांगता का दूसरा बड़ा कारण है। उन्होंने कहा कि आमतौर पर बचपन में होने वाला यह संक्रमण लिम्फैटिक सिस्टम को नुकसान पहुंचाता है और अगर इससे बचाव न किया जाए तो इससे शारीरिक अंगों में असामान्य सूजन होती है। डॉ। पाण्डेय ने कहा कि अगर हर लाभार्थी लगातार 5 साल तक फाइलेरिया रोधी दवा खा लेता है तो फाइलेरिया उन्मूलन संभव है।

उन्होंने कहा कि आगामी 10 फरवरी से राज्य के 24 जिलों में एमडीए के माध्यम से फाइलेरिया रोधी दवाएं घर-घर जाकर लोगों को खिलाई जाएगी। एमडीए अभियान को सफल बनाने के लिए उन्होंने जीविका कर्मियों की भूमिका महत्वपूर्ण बताई एवं उनके सहयोग की अपील भी की।

**दवा सेवन को बढ़ाना लक्ष्य:** कार्यशाला को संबोधित करते हुए पीसीआई इंडिया की राजश्री दास ने बताया कि समुदाय में जागरूकता की अलख जगाने में जीविका दीदियों की भूमिका अहम् है। जीविका दीदियों की पहुँच गाँव-गाँव तक होती है। इसलिए वह समुदाय को एमडीए पर जागरूक करने में अधिक सक्रिय भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने बताया कि राज्य में पिछले एमडीए राउंड में करीब 53 प्रतिशत दीदियों ने दवा का सेवन किया था। इस वर्ष इनका प्रयास होना चाहिए कि कम से कम 90 प्रतशत जीविका दीदियाँ दवा का सेवन करें। सोम्या शालिनी, एच एंड एन मेनेजर ने जीविका की तरफ से पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

पीसीआई की राज्य कार्यक्रम प्रबंधक, एनटीडी डॉ। पंखुड़ी मिश्रा ने कहा कि अभियान की बारे में जागरूकता फैलाने के लिए कार्य किये जा रहे हैं तथा जीविका के साथ समंवय स्थापित कर कार्ययोजना बनायी जा चुकी है। उन्होंने बताया कि अभियान का संचालन अपर निदेशक सह राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ। परमेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में किया जायेगा।

# सिटी सिविल कोर्ट में प्रवेश करने वाले वाहनों व लोगों की जांच नहीं

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



गायघाट स्थित व्यवहार न्यायालय की सुरक्षा रामभरोसे है। हालांकि यहां चप्पे-चप्पे पर सीसीटीवी कैमरा लगा हुआ है। इसके लिए कंट्रोल रूम भी बनाया गया है। यहां एक कर्मचारी बैठकर उस पर निगाह रखने का काम करता है। मगर दूसरी ओर कोर्ट परिसर में बड़ी संख्या में दोपहिया वाहनों का प्रवेश होता है। साथ ही मुकदमे को लेकर वकील से लेकर मुवक्किल, मुंशी एवं अन्य लोगों का भी आना-जाना लगा रहता है। इस दौरान दोनों गेट पर मौजूद पुलिस कर्मियों के द्वारा शायद ही कभी किसी की जांच की जाती है। हालांकि सिटी सिविल कोर्ट में प्रवेश के लिए दो रास्ते हैं एक दक्षिण की ओर और दूसरा उत्तर की ओर के गेट से। दक्षिण की ओर के रास्ते से यहां पदस्थापित न्यायाधीशगणसे लेकर, प्रतिष्ठित अधिवक्ता व कर्मचारी के फोर व्हीलर व दोपहिया वाहन प्रवेश करता है। वहीं कर्मियों के भी दोपहिया वाहन से लेकर कुछ अधिवक्ताओं के टू व्हीलर को भी प्रवेश दिया जाता है। इसी गेट से प्रवेश करने के साथ ही दाहिने ओर जाकर विभिन्न मामलों में मुकदमे की तारीख पर जेल से बंदियों को बने हाजत में रखना पड़ता है। यहीं से पुलिस सुरक्षा में कोर्ट में पेश करने के बाद वापस कोर्ट हाजत में रखा जाता है। इससे इस दक्षिणी द्वार के पास अधिक पुलिस कर्मियों की तैनाती और निगाहबानी भी होती है। वहीं उत्तर की ओर गेट से प्रवेश करने वाले में महज एक सैफ के जवान के बूते सुरक्षा है। इस दरवाजे से अधिवक्ता के अलावा कोई भी व्यक्ति वाहन लेकर अंदर प्रवेश कर जाता है।

इस दौरान कभी भी संदिग्ध व्यक्ति की न तो जांच की जाती है और न ही वाहन की जांच की जाती है। यह सुरक्षा में एक बड़ी चूक मानी जा सकती है। कारण कि किसी भी दोपहिया वाहन में विस्फोटक या टाइम बम जैसा कोई भी सामान आ-जा सकता है। यहां तक कि संदिग्ध लोगों की भी जांच नहीं की जाती है। वैसे कोर्ट परिसर के बाहर से लेकर अंदर चप्पे-चप्पे पर अनेक सीसीटीवी कैमरा काम कर रहा है। इसके संचालन और देखरेख के लिए बाजाब्ता कंट्रोल रूम भी बना है। यहां एक कर्मचारी की तैनाती भी है। इसके बावजूद दोनों मेन गेट पर वाहन या लोगों के शरीर की तलाशी नहीं लिया जाना, सुरक्षा में चूक माना जा सकता है। यही नहीं, कोर्ट परिसर के सटे बाहर दीवार से लगे अनेक वाहन को भी खड़ा किया जाता है।

जब भी बिहार के किसी भी कोर्ट में कोई बड़ी घटना होती है, तब हर जिला या अनुमंडल स्तर के कोर्ट के सुरक्षा की ऑडिट कराई जाती है। एक-दो माह पूर्व भी सुरक्षा ऑडिट एसडीओ और एएसपी के स्तर से किया गया था।

### राधेश्याम परिवार करता समाज की सच्ची सेवा : डीआईजी अनुसूइया

पटना सिटी (प्राकि)। असहायों व गरीबों की सेवा करना ही समाज की सच्ची सेवा है। राधेश्याम परिवार व राधेश्याम परिवार सेवा संस्थान हमेशा सामाजिक कार्यों के प्रति सजग रहते हुए निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाती है।

समाजसेवा के क्रम में राधेश्याम परिवार के संरक्षक स्व अनिल बंका की पुण्य स्मृति में राधेश्याम परिवार सेवा संस्थान की ट्रस्टी श्रीमती रीता बंका के सौजन्य से एक ट्राई साइकिल जरूरतमंद को प्रदान की गई। इस अवसर पर फायर एंड सेफ्टी एंड होमगार्ड के डीआईजी श्रीमती अनुसूइया रणसिंह साहू मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित मौजूद थीं। संस्थापिका शोभा गुप्ता ने अंगवस्त्र प्रदान कर उनका स्वागत किया। व्यवस्थापक चक्रेश अग्रवाल ने पुष्पगुच्छ देकर उनका अभिवादन किया। श्रीमती साहू ने राधेश्याम परिवार के कार्यों की प्रशंसा की। इस मौके पर आलोक गुप्ता, सरोज जायसवाल, रीता बंका, सीता झुनझुनवाला, विनोद किसलय, रंजीत मित्तल, पवन कुमार, अंकित कुमार आदि उपस्थित थे।

### 15 दिनों में मंगल तालाब का लेजर शो होगा शुरू : एमडी

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

पटना साहिब के हृदयस्थली मंगल तालाब में सर्वशदानी श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के 350वें प्रकाश पर्व पर मंगल तालाब में लेजर शो शुरू किया गया था। इसमें लाइट और पानी के माध्यम से गुरु महाराज के जीवन से जुड़े इतिहास से लोगों को रू-ब-रू कराया जाता था। मगर यह लेजर शो एक फरवरी से बंद कर दिया गया है। इससे तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब और गुरुद्वारा बाल लीला में दर्शन-दीदार को आने वाली सिख संगत, जो शाम के समय यहां लेजर शो देखने आया करती थी, उन लोगों को निराशा हाथ लगने लगी। इसकी शिकायत संगतों के द्वारा तख्तश्री कमेटी के कार्यालय में की गई। इसके बाद कमेटी के अध्यक्ष जगजोत सिंह के द्वारा पहल किए जाने पर वरीय उपाध्यक्ष लखविंदर सिंह के द्वारा एक पत्र पर्यटन विभाग के महाप्रबंधक नंदकिशोर के नाम से जारी किया गया। उक्त पत्र को लेकर कमेटी कार्यालय के मैनेजर हरजीत सिंह पर्यटन विभाग के एमडी नंदकिशोर से जाकर मिले। उन्होंने उन्हें पत्र सौंपा और वहां की स्थितियों से भी अवगत कराने का काम किया। महाप्रबंधक को बताया गया कि गुरु साहिब के बलिदान और योगदान की जानकारी स्थानीय लोगों एवं संगतों को लेजर शो के माध्यम से मिल पा रहा था।

# निजी विश्वविद्यालय बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करें : आर्लेकर

## निजी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के साथ राज्यपाल ने राजभवन में की बैठक

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



पटना। राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने बिहार के निजी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के साथ राजभवन में बैठक कर वहां की गतिविधियों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की संख्या, पढ़ाये जाने वाले विषय एवं आधारभूत संरचना आदि की जानकारी ली तथा उनसे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने को कहा। राज्यपाल ने कहा कि बिहार में शिक्षा के क्षेत्र में निजी विश्वविद्यालयों का भी योगदान है और यहां की शैक्षणिक व्यवस्था में सुधार हेतु सबको मिलकर प्रयास करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों में भारतीय ज्ञान परंपरा को स्थापित करने की जरूरत है और इसके लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के प्रावधानों को लागू किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सभी बच्चों का अधिकार है। निजी विश्वविद्यालयों को प्रयास करना चाहिए कि गाँवों के गरीब बच्चों को भी ऐसी शिक्षा मिले और इसके लिए सभी संभव प्रयास किये जाने चाहिए। वे गाँवों में जाकर भी बच्चों की मदद कर सकते हैं। विश्वविद्यालय ग्रामीण लोगों की मदद के लिए इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी से भी मदद ले सकते हैं। राज्यपाल ने कहा कि निजी विश्वविद्यालय अपनी विभिन्न गतिविधियों के लिए नवीनतम तकनीकों का उपयोग करें। वे बच्चों को एनसीसी तथा एनएसएस से भी जोड़ें। बैठक में राज्यपाल के प्रधान सचिव श्री रॉबर्ट एल० चोंग्थू, बिहार के निजी विश्वविद्यालयों के कुलपतिगण एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

# प्रदेश में पर्यटन उद्योग की असीम संभावनाएं : प्रेम कुमार

- पर्यटन मंत्री प्रेम कुमार ने पद्भार ग्रहण किया

पटना, प्रात : किरण संवाददाता





पटना। डॉ प्रेम कुमार ने मंगलवार को पुराना सचिवालय स्थित पर्यटन विभाग कार्यालय में मंत्री पद का पद्भार ग्रहण किया। मंत्री का स्वागत पर्यटन विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह ने किया। इस मौके पर उन्हें विभाग के कार्यों से संबंधित प्रजेंटेशन दिखाया गया और पर्यटन विभाग के महत्वपूर्ण परियोजनाओं की जानकारी दी गयी। मंत्री ने कहा कि बिहार प्रदेश अपनी समृद्ध सांस्कृतिक परम्पराओं, विरासतों तथा सभी धर्मों के पवित्र स्थलों के केंद्र के रूप में पर्यटन मानचित्र पर पहचान बना चुका है। पर्यटकों को परिभ्रमण में किसी तरह की कठिनाई उत्पन्न न हो, उनकी संख्या लगातार बढ़े, इस हेतु सरकार प्रयत्नशील रहेगी। मुझे यह जानकर खुशी हुई है कि गत वर्ष ही 8 करोड़ से ज्यादा पर्यटक बिहार भ्रमण के लिए पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि यह हर्ष की बात है कि आज राज्य के विभिन्न पर्यटन स्थलों पर पर्यटक रूक कर सुखद अनुभूति महसूस कर रहे हैं। पर्यटन संपदाओं से समृद्ध इस प्रदेश में पर्यटन उद्योग की असीम संभावनाएं है। पर्यटन को रोजगारोन्मुख बनाने के लिए पर्यटन स्थलों को विकसित कर पर्यटकों की बुनियादी सुख-सुविधाओं का समुचित प्रबंधन करने का कार्य राज्य सरकार की प्राथमिकता है। राज्य में आने वाले पर्यटकों को बेहतर सुविधा, सहयोग एवं यात्रा परिभ्रमण उल्लासमय हों, इस दिशा में पर्यटन विभाग लगातार प्रयासरत रहेगा। इस मौके पर पर्यटन निदेशक विनय कुमार राय, बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम के प्रबंध निदेशक नंदकिशोर, बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम के महाप्रबंधक अभिजीत कुमार, केडी प्रोज्जवल, उप निदेशक प्रदीप कुमार गुप्ता सहित विभाग के पदाधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## आपदा प्रबंधन मंत्री ने कार्यालय का किया भ्रमण

पटना। आपदा प्रबंधन मंत्री डॉ प्रेम कुमार ने विभागीय कार्यालयम में विभाग का पदभार ग्रहण किया। इसके साथ ही सरदार पटेल भवन स्थित कार्यालय का भ्रमण किया गया। अपर मुख्य सचिव एवं विभाग के पदाधिकारियों ने मंत्री का स्वागत किया। बैठक में अपर मुख्य सचिव, प्रत्यय अमृत, विशेष सचिव, खुर्शीद अकरम, संयुक्त सचिव, नदीमुल गफ्फार सिद्दीकी, विशेष कार्य पदाधिकारी, शैलेश चन्द्र दिवाकर एवं संदीप कुमार उपस्थित थे। मंत्री को विभाग के द्वारा किए जा रहे सभी कार्यों की संक्षिप्त जानकारी दी गयी। उन्हें जानकारी दी गई कि 31 जनवरी को मुख्यमंत्री, बिहार के द्वारा विभाग में अवस्थित आधुनिकृत राज्य आपातकालीन संचालन केन्द्र एवं निर्णय समर्थन प्रणाली का शुभारंभ किया गया। इससे सभी जिला आपातकालीन केन्द्र के साथ बेहतर एवं त्वरित समन्वय किया जा सकेगा। इस सॉफ्टवेयर में रियल टाईमिंग रिपोर्टिंग, ऐप आधारित निगरानी, रिसोर्स मैपिंग की ट्रैकिंग, जीआईएस मैप से आपदा की स्थिति का आकलन, अन्तर्विभागीय समन्वय एवं निर्णय लेने में सहायक होगा, जिससे कार्यों में गतिशीलता एवं सक्षमता से बचाव एवं पूर्व तैयारी हेतु सभी कार्यों का निष्पादन त्वरित गति से किया जा सकेगा। विभागीय मंत्री के द्वारा संतोष व्यक्त करते हुए विभाग से आपदा के समय त्वरित एवं गतिशीलता के साथ कार्य करने की अपेक्षा की गई।

# नीतीश कुमार ने सूबे के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित किया : उमेश

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



- कहा-18 साल सुशासन को बखूबी जानती है जनता

पटना। जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि सूबे की जनता 15 साल के कुशासन और 18 साल सुशासन का अंतर बखूबी जानती है। लफ्फाजी और दुष्प्रचार करने से हकीकत को कोई भी छिपा नहीं सकता है। उन्होंने चुनौती देते हुए पूछा कि राजद 15 साल के कार्यकाल में जनता के हित में किए गए अपने 15 कामों को गिनवाए। उन्होंने कहा कि राजद के शासनकाल में सिर्फ लालू एंड फैमिली का विकास हुआ। प्रदेश की जनता भलीभांति जानती है कि सामाजिक न्याय के नाम पर लालू परिवार ने बिहार के पिछड़ा, वंचित, उपेक्षित और शोषित समाज के साथ राजनीतिक अन्याय किया है। राजद द्वारा 15 सालों तक सिर्फ उन्हें वोट बैंक के तौर पर इस्तेमाल किया गया। उनके हितों एवं अधिकारों की कोई चिंता नहीं की गई। उनके विकास को लेकर कोई ठोस नीति तक नहीं बनाई गई। श्री उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि 2005 से पहले राजद सरकार के संरक्षण में चल रहे आपराधिक उद्योग के कारण बिहार का औद्योगिक विकास पूरी तरह से ठप हो चुका था लेकिन नीतीश कुमार ने मुख्यमंत्री बनने के बाद कानून का राज स्थापित कर देश-दुनिया के निवेशकों का ध्यान बिहार की ओर आकृष्ट किया। सन्तोषजनक बात यह है कि आज बिहार में भारी संख्या में उद्योग-धंधे लग रहे हैं जिससे यहां के युवाओं को रोजगार मिल रहा है। श्री उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि विगत 18 सालों में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, रोजगार और कानून व्यवस्था के क्षेत्र में अभूतपूर्व और उल्लेखनीय काम हुए हैं। आज बिहार जिस रफ्तार से विकास कर रहा है उसकी कल्पना 18 साल पहले कोई भी नहीं कर सकता था। सामाजिक न्याय के साथ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करने का काम किया। मौजूदा समय में बिहार सबसे तेज गति से विकास करने वाले देश के चंद राज्यों में से एक है।

## उपेन्द्र कुशवाहा के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर का आयोजन

पटना। रालोजद के प्रदेश कार्यालय में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेन्द्र कुशवाहा के जन्मदिन के अवसर पर माँ ब्लड बैंक सेंटर और लायन्स क्लब बुद्धा पटना के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन करते हुए श्री कुशवाहा ने कहा कि रक्तदान को महादान की संज्ञा दी गई है क्योंकि इसका किसी के जीवन की सुरक्षा से सीधा सम्बन्ध है। कार्यक्रम के आयोजक एवं छात्र लोक जनता दल के प्रदेश अध्यक्ष मो साद हुसैन, प्रदेश महासचिव ई हेमन्त कुमार, राष्ट्रीय महासचिव सह प्रवक्ता फजल इमाम मलिक प्रशान्त पंकज एवं प्रवक्ता नितिन भारती ने शिविर में रक्तदान करने वाले युवा साथियों की सराहना की। इस अवसर पर कुमारी सोनम, सुमन सिंह, प्रतीक कुशवाहा, अनीश मौर्या, अभिमन्यु कुशवाहा, दीपक, आयुष कुशवाहा, अनीश कुशवाहा सहित पूरे प्रदेश से आने वाले छात्रों और युवाओं ने बड़ी संख्या में रक्तदान किया। उक्त आशय कि जानकारी प्रदेश महासचिव व प्रवक्ता ई हेमन्त कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी।

# गांव चलो अभियान को लेकर सारी तैयारी पूरी : भाजपा

- 45 हजार गांव और 268 नगर पंचायत में प्रवास करेंगे नेता और कार्यकर्ता

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पटना। भाजपा का गांव चलो अभियान के तहत बिहार के 45 हजार गांव और 268 नगर पंचायत के अधिकांश मतदान केंद्रों तक भाजपा के नेता और कार्यकर्ता पहुंचेंगे और 24 घंटे तक प्रवास करेंगे। बिहार में गांव चलो अभियान के संयोजक और भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह ने बताया कि इस अभियान को लेकर लगभग सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के गांवों में प्रवास करने वाले पदाधिकारियों की सूची तैयार कर ली गई है तथा कार्यकताओं की सूची भी एक दो दिन में तैयार कर ली जाएगी। श्री सिंह ने कहा कि इस अभियान के तहत 50 हजार से अधिक नेता और कार्यकर्ता प्रदेश के 45 हजार गांवों के मतदान केंद्रों पर 24 घंटे के प्रवास में रहेंगे और लोगों के बीच जाएंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गरीब कल्याण के लिए किए गए कार्यों की धरातल पर जानकारी लेंगे और उसका पूरा फीडबैक लेंगे। उन्होंने कहा कि इस अभियान के तहत भाजपा के कार्यों और मोदी सरकार की उपलब्धियों को घर-घर पहुंचाया जाएगा।

# गरीबी मिटाने में मील का पत्थर साबित होगी लघु उद्यमी योजना : जदयू

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पटना। बिहार सरकार द्वारा प्रारंभ किये गये बिहार लघु उद्यमी योजना की तारीफ करते हुए जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने कहा है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी की खासियत है कि वह जो कहते हैं उसे हर हाल में पूरा करते हैं। बीते महीने उन्होंने बिहार लघु उद्यमी योजना की घोषणा की थी और महज चंद दिनों में इसे शुरू भी कर दिया। यह बिहार से गरीबी मिटाने के प्रति उनकी प्रतिबद्धिता को दिखाता है। योजना को ऐतिहासिक बताते हुए उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत सरकार राज्य के 94 लाख से अधिक परिवारों को स्वरोजगार के लिए 2-2 लाख रु की राशि प्रदान करने वाली है। इस अनुदान राशि से किये जाने वाले स्वरोजगार के लिए 62 उद्योग भी चिह्नित किए गए हैं। इनमें लकड़ी आधारित उद्योग, निर्माण उद्योग, हैंडीक्राफ्ट, टेक्सटाइल, फूड प्रोसेसिंग आदि उद्योग शामिल हैं। लोग इस योजना का अधिकाधिक लाभ उठा सकें इसके लिए सरकार उन्हें ट्रेनिंग भी प्रदान करवाएगी। जदयू प्रवक्ता ने कहा कि जाति धर्म से परे इस योजना का लाभ समाज के सभी वर्गों के गरीबों को मिलेगा, जो बिहार के निवासी होंगे और जिनकी आय 6000 रु प्रतिमाह से कम होगी। योजना का लाभ पाने के लिए ऑनलाइन आवेदन देना होगा वहीं उनका चयन कंप्यूटर रैंडमाईजेशन पद्धति से होगा। पूरी तरह पारदर्शी इस योजना से न केवल चिन्हित गरीब परिवार सशक्त होंगे बल्कि इससे अप्रत्यक्ष रोजगार को भी बढ़ावा मिलेगा। नीतीश सरकार की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि यह नीतीश सरकार द्वारा किये कामों का ही परिणाम है कि 2005 से लेकर अभी तक बिहार के 44 प्रतिशत से अधिक लोग गरीबी से बाहर आ चुके हैं। आंकड़ों के मुताबिक सिर्फ पिछले 9 वर्षों में ही बिहार के 3.77 करोड़ से अधिक लोग बहुआयामी गरीबी से बाहर आये हैं। नीतीश सरकार के प्रयासों से आज बिहार के हर गांव में बिजली, पानी और सड़क की सुविधा पहुंच चुकी है। जीविका के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं में स्वावलंबन की भावना जागृत हुई है। इससे गरीबी उन्मूलन के दिशा में चल रहे प्रयासों को काफी बल मिला है।

## अंतरिम बजट ज्ञान के फार्मूले पर आधारित : मनोज

पटना। केंद्र सरकार का अंतरिम बजट भले छोटा हो लेकिन, यह बिहार जैसे राज्यों के लिए बड़ा है। इस बजट में बिहार जैसे विकासशील राज्यों के लिए सब कुछ ठूंस-ठूंसकर भरा हुआ है। ये बजट ज्ञान पर आधारित है यानी जी-गरीब, वाई- युवा, अ- अन्नदाता और न - नारी। गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी को केंद्र में रख कर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस बजट को बनाया है। इससे बिहार को भरपूर फायदा होने वाला है। इस बार केंद्रीय करों में हिस्से के रूप में बिहार को इस वर्ष 1 लाख 2737 करोड़ की जगह 1 लाख 11 हजार करोड़ ज्यादा मिलेगा यानी की 8500 करोड रुपए अधिक मिलेंगे। गरीब परिवार के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अगले पांच साल में और दो करोड़ घर बनाए जाएंगे। इससे पहले तीन करोड़ घर गरीबों के लिए बनाए जा चुके हैं। योजना को पूरा करने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना में खर्च होने वाले पैसे को 66 फीसदी बढ़ाकर 7900 करोड़ रुपये किया गया है। गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत 80 करोड़ परिवारों को अगले एक साल तक मुफ्त अनाज मिलता रहेगा। देशभर में एक करोड़ घरों पर रूफटॉप सोलर पैनल लगाए जाएंगे। योजना के तहत जिन लोगों के घरों पर सोलर सिस्टम लगेगा, उन्हें 300 यूनिट तक बिजली मुफ्त दी जाएगी। युवाओं के लिए इस बजट में श्रीमती निर्मला सीतारमण ने प्रावधान किए हैं। किसानों के लिए बजट में श्रीमती निर्मला सीतारमण ने फोकस किए हैं। इसके तहत पुरानी योजनाएं जैसे कि किसान सम्मान निधि योजना और फसल बीमा योजनाएं चलती ही रहेगी। केंद्रीय बजट में इस बार वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गरीब महिलाओं पर विशेष ध्यान देते हुए लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य बढ़ाया गया है, जिसमें 2 करोड़ से 3 करोड़ किया गया है।

## 11 सूत्रीय मांगों को लेकर सभी जिलों में होगा प्रदर्शन : महासंघ गोप गुट

पटना। कर्मचारी नेता एवं महासंघ गोप गुट के महासचिव प्रेमचंद कुमार सिन्हा ने बताया कि बिहार राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ गोप गुट की सामान्य परिषद की बैठक में लंबित 11 सूत्री मांगों की पूर्ति हेतु 16 फरवरी को सभी जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन आयोजित करने का निर्णय लिया है। बताया कि ऐक्टू सहित सभी केंद्रीय ट्रेड यूनियनों और संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा संयुक्त देशव्यापी आंदोलनात्मक कार्यक्रम के तहत 16 फरवरी को अखिल भारतीय हड़ताल और ग्रामीण बन्द आयोजित है। इसके माँगों में एनपीएस को रद्द कर ओपीएस लागू करने, कर्मचारी मजदूर विरोधी श्रम कोडों को वापस लेने आदि मांगें भी शामिल हैं। अत : महासंघ (गोप गुट द्वारा भी 16 फरवरी को बजट सत्र के दौरान अपनी लंबित मांगों की पूर्ति हेतु बिहार के सभी जिला मुख्यालयों पर जिलाधिकारी के समक्ष प्रदर्शन आयोजित करेगा और मुख्यमंत्री को संबोधित माँगों से संबंधित ज्ञापन सौंपे जाएंगे। इसके साथ ही हम अखिल भारतीय हड़ताल के साथ एकजुटता और समर्थन में खड़े होंगे। प्रमुख मांगों में शामिल है - एनपीएस की समाप्ति एवं पुरानी पेंशन योजना की बहाली, सभी संविदा कर्मियों की सेवा स्थायी करने, नियोजित शिक्षकों को बिना परीक्षा लिए हुए राज्यकर्मी का दर्जा देने तथा राज्य कर्मी के दर्जा के नाम पर तीन जिलों मे पदस्थापन का विकल्प मांगने के बदले ऐच्छिक स्थानांतरण करने, समान काम के लिए समान वेतन देने, पंचायत सचिव एवं राजस्व कर्मचारियों का पदस्थापन गृह जिला में करने, डीडीटी मौसमी छिड़काव कर्मियों तथा सिंचाई विभाग में कार्यरत मौसमी कर्मियों की सेवा स्थायी करने, किसान सलाहकारों की सेवा जनसेवक संवर्ग के रिक्त पदों पर समायोजित करने आदि कई अन्य मांगे शमिल है। उक्त जानकारी महासंघ गोप गुट के महासचिव प्रेमचंद कुमार सिन्हा ने दी।

## हम गुट ने आगामी लोस चुनाव को लेकर की बैठक

पटना। हम गुट के राष्ट्रीय कार्यालय पुनाईचक पटना में आगामी लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारी को लेकर आगे की रणनीति पर चर्चा किया गया। हम गुट बिहार के 40 लोकसभा सीट पर संगठन की मजबूती को लेकर विचार विमर्श किया गया। राजेश निराला यादव ने कहा कि गया, नवादा, जहानाबाद, जमुई मुंगेर आदि सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी पर भी चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से संगठन को मजबूती और अपने कार्यकताओं को चुनाव जीतने को लेकर आगे की रणनीति तय किया गया। हम गुट के सभी कार्यकर्ता मजबूती के साथ बिहार के 40 लोकसभा सीटों पर अपने लोगों को जीतने का काम करेगी। महत्वपूर्ण बैठक में हम गुट के संरक्षक उमाकांत चौधरी, हम गुट के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश कुमार निराला यादव साथ में राष्ट्रीय प्रधान महासचिव सह राष्ट्रीय प्रवक्ता अमरेंद्र कुमार त्रिपाठी राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य प्रवीण कुमार, राष्ट्रीय प्रवक्ता अरुण कुमार पांडेय, मुकेश कुमार, सुनिल रजक, अरुण मांझी, संजय पासवान, राम बहादुर यादव, सुमित शर्मा तथा अन्य कार्यकताओं बैठक में भाग लिये।

## महिला पुनर्वास गृह की महिलाओं को कराया गया भोजन

पटना। अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार परिषद, एच आर डिवीजन, बिहार प्रदेश इकाई की तरफ से महिला पुनर्वास गृह की महिलाओं को कराया गया भोजन तथा जरूरी सामानों का वितरण किया गया। प्रदेश के कार्यकारी अध्यक्ष अमरेश बहादुर अग्रवाल ने पूज्य माताजी की पुण्यतिथि की याद में कराया। भोजन कर तथा सामान पाकर महिलाओं के चेहरे खुशी से खिल उठे। मौके पर अग्रवाल ने कहा कि यहां रहने वाली महिलाओं की अन्य जरूरतों की पूर्ति भी अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार कौंसिल द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम में बिहार प्रदेश इकाई के बहुत सारे सदस्य उपस्थित थे एवं कार्यकारी अध्यक्ष की माता जी के हेतु एक पर एक प्रार्थना सभा की शांति के लिए सभी ने ईश्वर से कामना की ! कार्यक्रम में मुख्य रूप से राकेश कुमार, राकेश शर्मा, संजीव सिंह,( जय हिंद ), प्रिंस मिश्रा एवं अन्य सदस्य सक्रिय रूप से लगे हुए थे।

# लोकतान्त्रिक मूल्यों का दिनदहाड़े हनन शर्मनाक : करुणा

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



पटना। चंडीगढ़ मेयर चुनाव मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को चुनाव के पीठासीन अधिकारी को आड़े हाथों लेते हुए कड़ी फटकार लगाई। इस पर राजद के राष्ट्रीय प्रवक्ता और तमिलनाडु के पूर्व डीजी डॉ. करुणा सागर अपनी प्रतिक्रिया जाहिर करते हुए कहा कि लोकतान्त्रिक मूल्यों का इस प्रकार दिनदहाड़े हनन बेहद शर्मनाक हरकत है। यह सरासर लोकतंत्र की हत्या है। लेकिन बड़ा सवाल है कि पीठासीन अधिकारी की इस हरकत के पीछे क्या मंशा रही होगी? जाहिर तौर पर यह कहना गलत नहीं होगा कि इस कृत्य के पीछे एक ऐसी पार्टी का हाथ हो सकता है, जो चुनी हुई सरकार गिरा कर अपनी पैठ जमाने के हथकंडों में माहिर है। राजद प्रवक्ता ने आगे कहा कि यह तो केवल एक घटना है जो उजागर हुई है। विचारणीय बात है कि क्या ऐसी घटनाएं पूर्व में नहीं हुई होंगी? और इससे बड़ा सवाल, क्या गारंटी है कि ऐसा आगे नहीं होगा। ऐसे ही आजकल विपक्षी दलों के नेताओं के पीछे ईडी लगाकर अपने खेमे में शामिल होने का दबाव बनाना प्रचलन में है। इस तरीके की राजनीति से लोकतंत्र का गला घोंटा जा रहा है, यह देश की जनता के साथ गद्दारी है। आज देश की राजनीति जिस निम्न स्तर पर पहुंच चुकी है, सब जनता की नजर में है और आगामी चुनाव में जनता ही इसका जवाब देगी।

# एक गांव-एक कलस्टर के तहत गेंदा फूल की बढ़ाई जायेगी उत्पादन : संजय

## कृषि विभाग के सचिव ने गेंदा फूलों की खेती का किया क्षेत्र निरीक्षण

- फूल की मंडी के लिए स्थल निरीक्षण का दिया निदेश

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



पटना। कृषि विभाग के सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य में गेंदा फूल की खेती का निरीक्षण किया। विदित हो कि राज्य में करीब 1500 हेक्टेयर क्षेत्रफल में गेंदा फूल की खेती की जाती है, जिसका उत्पादन करीब 16091 मीट्रिक टन होता है। गेंदा फूल की खेती अन्य फसल के सापेक्ष्य अधिक लाभकारी है। कृषकों की आमदनी बढ़ाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय बागवानी मिशन एवं मुख्यमंत्री बागवानी मिशन के तहत गेंदा फूल की खेती हेतु सहायतानुदान प्रदान की जाती है। सचिव, कृषि ने राज्य के गेंदा फूल क्लस्टर का किया निरीक्षणः राज्य के छः जिलों जहाँ उद्यान निदेशालय के द्वारा कलस्टर में फुलों की खेती कराई जा रही है, वैसे गाँवों के किसानों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सचिव, कृषि ने वार्ता की तथा खेतों में लगे हुए गेंदा के फुल की स्थिति का निरीक्षण किया। कृषकों ने अपनी समस्याओं से सीधे सचिव, कृषि को अवगत कराया। किसानों ने सचिव को बताया कि गेंदा फूल के बिचड़ा पश्चिम बंगाल से लाना पड़ता है। साथ ही, फूल के भंडारण हेतु कोल्ड स्टोरेज की समुचित व्यवस्था का अभाव है। किसानों ने सचिव, कृषि से अनुरोध किया कि फूलों की बिक्री की समस्या के निदान के लिए व्यवस्थित बाजार उपलब्ध कराया जाये। कृषकों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए लिया गया नीतिगत निर्णय : सचिव, कृषि ने निदेश दिया कि राज्य स्थित विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों के साथ कोर ग्रुप बनाकर गेंदा के बिचड़ा की राज्य में उत्पादन, भंडारण हेतु कोल्ड रूम के संबंध में विशेषज्ञों से विस्तृत तकनीकी प्रतिवेदन प्राप्त किया जाये। साथ ही, पटना में फूल बाजार की सर्वे कर विभिन्न फूलों के आवक/खपत का अध्ययन किया जाये। राज्य में उत्पादित फूलों के बिक्री में आ रही समस्याओं की वास्तविक स्थिति की जानकारी प्राप्त कर प्रतिवेदित करें। फूल की खेती में सूक्ष्म सिंचाई पद्धति को प्रोत्साहित किया जाये। फूल मंडी की स्थापना : सचिव, कृषि विभाग, बिहार के द्वारा बताया गया कि फूल बिक्री से संबंधित कृषकों की समस्या को ध्यान में रखते हुए फूल मंडी की स्थापना की जायेगी जहाँ कोल्ड स्टोरेज की भी व्यवस्था रहेगी। कृषक बाजार के हिसाब से आवश्यकतानुसार कोल्ड स्टोरेज में भी फूलों को कुछ दिनों तक भंडारित कर सकेंगे। एक गाँव-एक कलस्टर योजना के तहत गेंदा फूल उत्पादन सचिव, कृषि ने कहा कि अगले वित्तीय वर्ष में एक गांव-एक कलस्टर के तहत गेंदा के फूल की खेती क्लस्टर में कराने का प्रयास किया जायेगा, जहाँ किसानों को खेती के साथ सूक्ष्म सिंचाई, परिवहन एवं भंडारण हेतु आवश्यक सहायतानुदान प्रदान की जायेगी।


विद्युत कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
विद्युत कार्य प्रमंडल सं0–2,
संयुक्त कार्यालय भवन, छज्जुबाग, बुद्धमार्ग, पटना 800001
भवन निर्माण विभाग, पटना
बिहार सरकार

सूचना

इस कार्यालय के अल्पकालीन ई–निविदा आमत्रण सूचना संख्या–31 जिसका PR.No 015831 (BCD) 2023-24 है अपरिहार्य कारण रद्द किया जाता है।

PR. No. 016766 (BCD) 2023-24

विद्युत कार्यपालक अभियंता
विद्युत कार्य प्रमण्डल, सं0–2,पटना

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।



बिहार सरकार

भवन निर्माण विभाग
कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमंडल, पटना का कार्यालय
अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या– 161 वर्ष 2023–24
(विशेष शर्त्त मद एवं मात्रा के लिए वेबसाईट State.bihar.gov.in/prdbihar देखें)

समुचित श्रेणी मे निबंधित संवेदको/ख्याति प्राप्त फर्मों/कम्पनियों से दिनांक – 17/02/24 के अपराह्न 12.30 बजे तक निर्देशानुसार निम्नलिखित कार्यों के लिए मुहरबंद कोटेशन अधीक्षण अभियंता, दक्षिण बिहार अंचल, पटना का कार्यालय एवं अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्राप्त किया जाएगा और उसी दिन 3.00 बजे अपराह्न मे कोटेशनदात्ताओं या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जायेगा।

कोटेशन का मुल्य (रुपये में) प्रत्येक कार्य क्रमांक के कोटेशन–पत्र के साथ कोटेशन मूल्य ONLINE GOVERNMENT REVENUE AND ACCOUNTING SYSTEM (O-GRAS) के माध्यम से (कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमण्डल, पटना) के पदनाम से जमा करना अनिवार्य होगा, जो कोटेशन प्रकाशन की तिथि के बाद का होना चाहिए। कोटेशन प्रकाशन के पूर्व के निर्गत ओ–ग्रास (O-GRAS) का कम्पयूटराईज्ड प्राप्ति रसीद पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। कोटेशन मूल्य संवेदक के द्वारा कुल कोटेड राशि के अनुसार होगा, जो निम्न प्रकार है :– रू0 0 से रू0 50,000 तक– रू0 250/–, रू0 50,001 से रू0 2,50,000 तक– रू0 500/–, रू0 2,50,001 से रू0 5,00,000 तक– रू0 750/–, रू0 5,00,001 से रू0 10,00,000 तक– रू0 1,250/–, रू0 10,00,001 से रू0 15,00,000 तक– रू0 2,500/– एवं अग्रधन की राशि– 2% (कोटेड राशि का मूल्य दो प्रतिशत) कोटेशन कागजात के साथ संलग्न किया जाना अनिवार्य होगा।

कार्य का विवरणी :–

| क्रम सं० | कार्य का नाम/विशिष्टियों |
|---|---|
| A | Renovation of Painting, Wardrobe, Partition and PH work in Room No.- 22,23,24,25,26 And 29 of Newly Allotted Treasury office at Vikash Bhawan., Patna for the year 2023-24 |
| B | Renovation of Wall Paper, Ceiling work, Wardrobe and Wall Pannelling in Room No.-24, 25 And 26 of Newly Allotted Treasury office at Vikash Bhawan., Patna for the year 2023-24 |

1. विशेष सूचना के लिए सूचनापट्ट या वेबसाईट www.state.bihar.gov.in/prdbihar देखें या अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में सम्पर्क करें।

PR. No. 016794 (BCD) 2023-24

कार्यपालक अभियंता
केन्द्रीय भवन प्रमंडल, पटना

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।



बिहार सरकार

भवन निर्माण विभाग
कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमण्डल, पटना का कार्यालय
अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना, संख्या–103 वर्ष 2023–24

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमण्डल, पटना।
2. परिमाण–विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक 16.02..2024 को 12:00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 17.02..2024 को 03:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 17.02..2024 को 03:30 बजे अपराह्न।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : (क) अंचल कार्यालय, दक्षिण बिहार भवन अंचल, पटना। (ख) प्रमंडल कार्यालय, केन्द्रीय भवन प्रमंडल, पटना। (ग) संबंधित अवर प्रमंडल कार्यालय।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : क्रमांक (5) के वर्णित स्थान (क) एवं (ख) पर।
7. कार्य का विवरणी :–

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख रू० में) | अग्रधन की राशि (रू० में) | परिमाण विपत्र का मू० (रू० में) (अप्रत्यर्पणीय) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of Campus Development Works (West Side of Main Building) Karpoori Museum at 1 Desh Ratan Marg, Patna for the year 2023-24. | 14.90 | 29,800=00 | 2500=00 | 15 Days |
| 2 | Provision of Store Room in the Campus of Jannayak Karpoori Museum at 1 Desh Ratan Marg, Patna for the year 2023-24. | 7.15 | 14,300=00 | 1250=00 | 15 Days |
| 3 | Campus Development Works (Installation of Stone Natural Fountain) For Karpoori Thakur Museum at 1 Desh Ratan Marg, Patna for the year 2023-24. | 13.00 | 26,000=00 | 2500=00 | 15 Days |

8. विशेष सूचना के लिए सूचनापट्ट या बेबसाईट www.state.bihar.gov.in/prdbihar देखें या अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में सम्पर्क करें।

PR. No. 016796 (BCD) 2023-24

कार्यपालक अभियंता
केन्द्रीय भवन प्रमंडल, पटना

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

## संक्षिप्त खबरें

### अधिवक्ता और पूर्व मुखिया के निधन पर पूर्व मंत्री श्याम रजक ने किया दुख व्यक्त

समस्तीपुर। समस्तीपुर जिले के वरीय अधिवक्ता सह पूर्व पीपी सुरेश प्रसाद सिह व हकीमाबाद पंचायत के पूर्व मुखिया वृजनंदन राय के निधन पर पूर्व मंत्री सह राजद के राष्ट्रीय महासचिव श्याम रजक, स्थानीय विधायक अख्तरुल इस्लाम शाहीन, राजद जिलाध्यक्ष रोमा भारती, पूर्व उप प्रमुख सह राजद जिला उपाध्यक्ष चन्द्रिका प्रसाद सिह, मोहिउद्दीननगर प्रमुख जवाहर लाल राय, राजद के प्रदेश महासचिव पीपी शर्मा, जिला राजद के प्रधान महासचिव विपीन सहनी, स्थानीय विधायक के प्रेस प्रतिनिधि राकेश कुमार ठाकुर, जिला पंच-सरपंच संघ के जिलाध्यक्ष महेश राय, सरपंच शिवसागर महतो, जिला राजद सचिव राकेश यादव, समाजसेवी मो. परवेज आलम एवं अधिवक्ता सह समाजसेवी मो. शाहिद हुसैन आदि ने गहरा दुख प्रकट किया है।

### ट्रेन में ड्यूटी के दौरान जीआरपी दारोगा की तबियत बिगड़ी

समस्तीपुर। जनसेवा एक्सप्रेस में ड्यूटी के दौरान सोमवार की रात एक जीआरपी दारोगा की तबियत अचानक बिगड़ गई। जिसे उनके सह कर्मी बृजकिशोर राय के द्वारा इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। बीमार जीआरपी दारोगा की पहचान सत्येंद्र नारायण सिंह के रूप में हुई है। जिनका सदर अस्पताल में इलाज किया जा रहा था।

### ट्रक पर लदा हुआ भारी मात्रा में विदेशी खराब बरामद

कल्याणपुर। कल्याणपुर थाना क्षेत्र के गोविंदपुर खजुरी गांव से गुजरने वाली भारत माला सड़क निर्माणधीन पर एक फ्रूटी लदी बारह चक्का ट्रक पकड़ा गया। जिसमें भारी मात्रा में शराब लढी थी। जिसमें 467 कार्टन विदेशी शराब भी बरामद की गई है। मामले में कल्याणपुर पुलिस की दविश को भापते हुए कारोबारी मौके से फरार हो गया। मिली जानकारी के अनुसार कल्याणपुर पुलिस को सूचना मिली कि बालभद्रपुर खजुरी इलाके में ट्रक लगी हुई। इसकी सूचना पर अपर थानाध्यक्ष विसद विश्वास के नेतृत्व में टीम ने छापेमारी लिए पहुंची। जिसमें फ्रूटी के कार्टनो में छुपा कर रखी गई 467 कार्टून विदेशी शराब बरामद की गई है। मामले में थाना प्रभारी राजन कुमार का बताना है को जब्त कर लिया गया है। कारोबारी को जल्द ही पहचान कर लिया जाएगा।

### निजी कोचिंग शिक्षक के बाइक को पेट्रोल छिड़क कर जलाया

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर थाना क्षेत्र के भूतेश्वर चौक स्थित एक निजी कोचिंग शिक्षक के बाईक को पेट्रोल छिड़क कर जला दिया। मामले को लेकर पीड़ित शिक्षक आलमपुर कोदरिया निवासी शत्रुघ्न राय के पुत्र शिव कांत कुमार ने स्थानीय थाना में एक आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाया है। जिसमें बताया कि मैं भूतेश्वर चौक स्थित एक निजी कॉम्प्लेक्स में ट्यूशन पढाता हूं। 5 फरवरी की रात्री बेलसंडी डीह निवासी भोला सहनी उर्फ भोलन सहनी के पुत्र मोनू कुमार मेरी होंडा शाइन एसपी बाइक पंजीयन संख्या बीआर 33 एयू 3011 को पेट्रोल छिड़क कर जला दिया। जिसे दो छात्रों ने देखा। जबतक बाइक जलने की सूचना पर जबतक पहुंचे तबतक पूरी बाइक जल चुकी थी।

### पुण्यतिथि पर अधिवक्ता को दी गई श्रद्धांजलि

मुजफ्फरपुर।सरला श्रीवास सामाजिक सांस्कृतिक शोध संस्थान द्वारा मालीघाट के पासवान टोला में पुरखा पुरनिया संवाद सह सम्मान कार्यक्रम के अंतर्गत गरीबों के लिए समर्पित, कर्मठ समाजसेवी, अधिवक्ता राजीव शंकर सहाय की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजली सभा का आयोजन किया गया।अधिवक्ता अनिल कुमार ठाकुर ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। अपने अध्यक्षीय संबोधन में अनिल कुमार ठाकुर ने कहा कि समाजसेवी अधिवक्ता राजीव शंकर सहाय जी का जीवन गरीबों के लिए समर्पित रहा।सरला श्रीवास सामाजिक सांस्कृतिक शोध संस्थान के संयोजक लोक कलाकार सुनील कुमार ने समाजसेवी अधिवक्ता राजीव शंकर सहाय जी को लोक रत्न की संज्ञा दी।कवि लेखक सुनील कुमार प्रिय ने उनके सामाजिक जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला।इस अवसर पर बच्चों के बीच साई सेवादार अविनाश कुमार एवं आप और हम पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगरनाथ साह द्वारा पाठ्य सामग्री एवं उपहार वितरण किया गया।धन्यवाद ज्ञापन सरला श्रीवास सामाजिक सांस्कृतिक शोध संस्थान के सदस्य कलाकार माहेश्वर पासवान ने दिया। श्रद्धांजली सभा में मुख्य रूप से बंदना कुमारी, रंजना कुमारी, अमित कुमार, कैप्टन शिवांश, मानस मंथन साई,लोक गायिका अनीता कुमारी, राजा पासवान, पनिया देवी, मझौलिया देवी, सकुंती देवी, बिंदा देवी, लखींद्र पासवान, कैलाश पासवान , दीपक पासवान, पूनम देवी, सीता देवी, गीता देवी उपस्थित थे।

# कोशी के पीड़ितों की सत्याग्रह पदयात्रा का कापन में हुआ स्वागत

प्रात: किरण संवाददाता

विभूतिपुर। विभूतिपुर प्रखंड के कापन में गांधी के रास्ते, कोशी पीड़ितों के न्याय के वास्ते सत्याग्रह पदयात्रा के आठवें दिन कापन यात्रा को राजद कार्यकताओं ने भव्य स्वागत किया गया। यात्रा में चल रहे लोगों ने कोशी तटबंध के भीतर के कटाव पीड़ितों का सर्वे कराकर बसाने, लापता कोशी पीड़ित को पुनः सक्रिय कर उसे प्रभावी बनाने, भू सर्वे में भ्रष्टाचार रोक लगाते हुए रैयत की जमीन रैयत के नाम रखने, माफी के बावजूद लगान वसूल पर रोक लगाने, लगान मुक्ति कानून, क्लाइमेट चेंज के आने वाली भविष्यवाणियों के मद्देनजर कोशी के समाधान की विज्ञान सम्मत लोक भगीदरी से कराने, अन्य कटाव पीड़ितो के लिए नीति सहित



अनेक मांगों के लेकर यह पदयात्रा निकाली गई है। कोशी के पीड़ितों की सत्याग्रह पदयात्रा विभूतिपुर प्रखंड के महथी पंचायत में शशि भूषण सिंह ने अपने दरवाजे पर सभी लोगों को चाय पिलाकर काफिला सत्याग्रह पदयात्रा का कापन चौक अच्छेलाल महतो के दरवाजे पर हुआ स्वागत राष्ट्रीय जनता दल प्रखंड अध्यक्ष रविंद्र यादव, युवा राजद प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार कुशवाहा, प्रधान महासचिव संतोष सिंह, व्यवसायिक प्रकोष्ठ प्रखंड अध्यक्ष पप्पू शाह ने आगे बढ़कर सत्याग्रह पदयात्रा के सभी लोगों का स्वागत किया। स्वागत के बाद सत्याग्रह पदयात्रा के सभी यात्रियों को भोजन कराया गया। स्थानीय लोग मोहम्मद जसीम, वीरेंद्र महतो, जितेंद्र कुमार संजय यादव, कामदेव पासवान, मोहम्मद अशरफ, संतोष कुमार, संजय कुमार, राजू कुमार, शंभू कुमार, मोहम्मद साहिल, शंकर प्रसाद, राजीव कुमार, सियाराम राय, रजनीश यादव तिलो यादव, कमल महतो, बृजेश कुमार अन्य सैकड़ों लोग मौजूद थे। यात्रा में संदीप यादव, मो० सदरूल, राजेश कुमार, सुभाष यादव, संजय कुमार, नीतु, चंद्रमा, निशा, अनार देवी, धनिक लाल देवी, शनिचरी देवी, मुनचुन देवी और गायत्री देवी सामिल है।

# समस्तीपुर के युवा स्वर्ण कारोबारी की सड़क दुर्घटना में मौत

प्रात: किरण संवाददाता

समस्तीपुर। समस्तीपुर में एक बार फिर रफ्तार का कहर देखने को मिला। जिसके कारण एक युवा स्वर्ण कारोबारी की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। घटना कल्याणपुर थाना क्षेत्र के रामपुर मोड़ के पास की बताई गई है। मृतक की पहचान जिले के रोसरा थानाक्षेत्र के डगबार टोली सिनेमा चौक के सुरेश साह के 30 वर्षीय पुत्र राजू कुमार के रूप में की गई है। घटना की सूचना पर परिजनों ने अस्पताल पहुंच कर शव की पहचान की। प्राप्त जानकारी के अनुसार युवा स्वर्ण कारोबारी राजू कुमार दरभंगा से समस्तीपुर वापस लौट रहे थे।



इसी दौरान दरभंगा समस्तीपुर पथ के कल्याणपुर थाना क्षेत्र के रामपुर मोड़ के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गए। जिसके कारण उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस ने शव को जप्त कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। घटना की सूचना मिलते ही मृतक के परिजन भी सदर अस्पताल पहुंच गए इसके बाद उसकी पहचान हो पाई। परिजनों के मुताबिक राजू खरीदारी करने को लेकर सोमवार को घर से दरभंगा गये थे। वापस घर आने के दौरान अज्ञात वाहन की ठोकर से स्वर्ण व्यवसायी युवक मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि मृतक के शरीर पर पहने सभी जेवर गायब हैं। वहीं उनका पर्स भी नहीं मिला। उनका कहना है कि वह अक्सर कारोबार की सिलसिले में खरीदारी करने दरभंगा जाया करते थे। परिजनों की माने तो मार्केटिंग कर लौट रहे सामान भी उनके पास नहीं था। आशंका जताई जा रही है की घटना के बाद किसी ने उनके सभी जेवर ले लिए। विदित हो कि राजू कुमार का रोसड़ा मब्बी चौक के पास एक ज्वेलरी की दुकान है। जिसका संचालन करते थे। उसी सिलसिले में नगद राशि लेकर दरभंगा में मार्केटिंग को गए थे।

# कलश शोभायात्रा के साथ दो दिवसीय अष्टयाम यज्ञ का हुआ शुभारंभ

प्रात: किरण संवाददाता

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर प्रखंड अंतर्गत कल्याणपुर उत्तर पंचायत के वार्ड 13 कलश शोभायात्रा के साथ दो दिवसीय अष्ट्याम यज्ञ का शुभारंभ किया गया। कलश यात्रा में 51 कुमारी कन्याओं ने भाग लिया। तत्पश्चात पंडित गणेश झा के मंत्रोच्चारण के बाद हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे, हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे महामंत्र के साथ यज्ञ आरंभ हुआ। मुख्य यजमान के रूप में सीताराम राय थे। मौके पर रामाशीष राय, सीताराम राय, दाहू



राय, सूरज राय, विमल राय, राम करन राय, वार्ड सदस्य अशोक कुमार राय आदि मौजूद थे। समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से यह अष्ट्याम यज्ञ का आयोजन किया गया है।

# समस्तीपुर पहुंची केरल पुलिस ने खानपुर से एक युवक को किया गिरफ्तार

प्रात: किरण संवाददाता

समस्तीपुर। समस्तीपुर पहुंची केरल पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर अपने साथ ले गई। बताया जाता है कि केरल पुलिस समस्तीपुर जिले के खानपुर थाना क्षेत्र के रहने वाले एक व्यक्ति को मारपीट के आरोप में गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की सदर अस्पताल में मेडिकल जांच कराई गई। उसके बाद उसे न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से ट्रांजिट रिमांड मिलने के बाद केरल पुलिस आरोपी को अपने साथ लेकर चली गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार केरल के खुदानीगढ़ा थाना में मारपीट मामले के आरोपी बिंदेश्वर सहनी जो खानपुर थाना क्षेत्र के श्रीपुर गाहर गांव के रहने वाले बताए गए हैं। केरल पुलिस खानपुर पुलिस के सहयोग से आरोपी बिंदेश्वर सहनी को उसके घर से गिरफ्तार किया है। केरल पुलिस के एसआई अनिल कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी मारपीट करने के बाद केरल से फरार हो गया था। उसके बिहार में होने की जानकारी मिली थी। पुलिस ने बताया कि पीड़ित व्यक्ति ने खुदानीगढ़ा थाने में आरोपी बिंदेश्वर सहनी के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। जांच के क्रम में पुलिस को उसके समस्तीपुर में होने की जानकारी मिली। इसके बाद केरल पुलिस समस्तीपुर पहुंची और खानपुर पुलिस के सहयोग से श्रीपुर गाहर गांव से बिंदेश्वर सहनी को गिरफ्तार कर लिया गया। केरल पुलिस के एसआई अनिल कुमार, एएसआई जोजो वर्गीस ने आरोपी व्यक्ति को न्यायालय में प्रस्तुत कर अपने साथ केरल लेकर रवाना हो गई। केरल पुलिस पदाधिकारी ने बताया कि आरोपी व्यक्ति को केरल न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा, जहां से आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल केरल पुलिस के द्वारा गांव में छापेमारी किए जाने से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। बाद में जब लोगों को जानकारी हुई कि मारपीट मामले के आरोपी को ढूंढा जा रहा है तब सब कुछ सामान्य हुआ।

# बदलेगी अब ट्रैफिक सिस्टम, नियमों का पालन करवाना मेरा पहला कर्तव्य : यातायात निरीक्षक

प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी। मधुबनी जिले के नव पदस्थापित यातायात निरीक्षक नीलमनी रंजन ने पदभार ग्रहण करने के साथ ही जिले भर की सड़को पर लगने वाली जाम की समस्या को गंभीरता से लेते हुए एक्सन मोड में दिखाई दिए। वही यातायात निरीक्षक ने कहा है कि मधुबनी नगर में प्रवेश करने वाली बड़ी वाहनों का प्रवेश सुबह के छह बजे से लेकर रात्रि के 09 बजे तक प्रतिबंधित किया जा रहा है। जिसे नहीं मानने वालों को दंडित किया जाएगा।

आगे उन्होंने बताया है कि बिना हेलमेट या सीट बेल्ट लगाए वाहन प्रयोग करने वाले से लेकर विना आवश्यक कागजात के वाहन चालकों को अब किसी भी तरह की रियायत नही दी जाएगी। ऐसा पाए जाने पर वे दंड के भागीदार होंगे।अभी जिला





मुख्यालय में चिन्हित जगहों पर जाकर मौजूद ट्रैफिक पुलिस को आवश्यक निर्देश दिया जा रहा है। आगे पुरे जिले भर की सड़को पर यातायात व्यवस्था में सुधार के लिए कार्य किया जाएगा। जिस से सड़को पर लगने वाली रोज जाम की समस्या से लेकर सड़क हादसे पर नियंत्रण पाया जा सके। बताते चलें कि नव पदस्थापित जिला यातायात निरीक्षक नीलमणि रंजन इस से पूर्व दरभंगा में पदस्थापित थे।जहां इनके कार्य की चर्चा लोगों में आज भी है। मधुबनी में योगदान देते ही ट्राफिक नियम तोड़ने वालो के विरुद्ध एक्सन मोड में दिखाई दिए।

# संग्रहालय बचाओ, विरासत बचाओ संघर्ष समिति को दिया समर्थन

प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर।बिहार की शान पटना संग्रहालय (म्यूजियम) तथा अन्य ऐतिहासिक धरोहरों को बचाने के लिए मुजफ्फरपुर से पांच सदस्यीय टीम आज पटना के लिए रवाना हूई। टीम का नेतृत्व कर रहे लोक कलाकार सुनील कुमार ने बताया कि 106 वर्ष पुराने इस ऐतिहासिक इमारत में पुरातात्विक महत्व की वस्तुओं की भरमार है। लेकिन उसके देख-रेख , बचाव, सुरक्षा एवं संवर्धन पर राज्य सरकार की ओर से समुचित ध्यान नहीं दिया जा रहा है। पिछले कई वर्षों से पटना संग्रहालय सरकार की उपेक्षा एवं उदासीनता का शिकार है। अपनी ऐतिहासिक धरोहरों की रक्षा करना किसी भी जनपक्षधर सरकार का दायित्व होता है। ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण और संवर्धन के लिए यह परम आवश्यक है कि उसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी योग्य कंधों पर रहे। सिर्फ सरकार पर निर्भरता से यह काम संभव नहीं है।

पटना संग्रहालय सरीखे ऐतिहासिक विरासत को बचाने के लिए मुजफ्फरपुर के संवेदनशील एवं जनतांत्रिक नागरिकों की कमिटी बनाकर ऐतिहासिक धरोहरों की रक्षा करने के लिए आभियान चलाया जाएगा।

# देश भक्ति के गीतों से प्रदीप को मिली पहचान : चंद्रभूषण सिंह चंद्र

प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर।गीतकार प्रदीप को उनके देश भक्ति पूर्ण गीतों से पहचान मिली।देशभक्ति से ओतप्रोत भावनाओं को सुंदर शब्दों में पिरोने वाले कवि प्रदीप के गीत व कविताएं सदियों तक देशप्रेमियों को ऊर्जा व उत्साह देती रहेंगी। ए मेरे वतन के लोगों..,चल चल रे नौजवान.., आओ बच्चों तुम्हे दिखाएं झांकी हिन्दुस्तान की..,दूर हटो ये दुनिया वालों ,दे दी हमें आजादी बिना खड्ग ,बिना ढाल.,जैसे उनके लिखे गीत नस नस में देशप्रेम की भावना जागृत कर देती है। कांटी के साहित्य भवन में मंगलवार को आयोजित कवि प्रदीप की जयंती समारोह में नूतन साहित्यकार



परिषद के अध्यक्ष चंद्रभूषण सिंह चंद्र ने यह बातें कही। चंद्र ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानी रहे कवि प्रदीप ने जीवन मूल्यों की कीमत पर धन-दौलत को कभी महत्व नहीं दिया। वे अपनी कविताओं के जरिए देशवासियों के दिलों में देशभक्ति व साहस जगाने का काम आजीवन करते रहे। उन्होंने 17 सौ गीत लिखे उनमें कुछ इतने लोकप्रिय हुए कि लोग आज भी उन गीतों को गुनगुनाते हैं। उनके लिखे इंसान का इंसान से हो भाईचारा.. जैसे गीतों में सामाजिक न्याय की आवाज मुखर होती है। इसमें आपसी सहयोग व भाईचारे का आह्वान है। सेवानिवृत डीडीओ परशुराम सिंह ने कहा कि प्रदीप की रचनाएं देश व समाज के प्रति समर्पण का संदेश देती हैं। प्रदीप के भजन मर्मस्पर्शी व सद्भावपूर्ण है। सेवानिवृत शिक्षक स्वराजलाल ठाकुर ने कहा कि कवि प्रदीप ने स्वतंत्रता संग्राम में अपने देशभक्ति के गीतों के माध्यम से महत्वपूर्ण योगदान दिया। इन्होंने 1700 सौ से अधिक रचनाएं लिखीं। कार्यक्रम में चंद्रकिशोर चौबे, पिनाकी झा,मनोज मिश्र समेत अन्य लोगों ने भी कवि प्रदीप की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया।

# कमला नदी में तैरते हुए एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से फैली सनसनी, जांच में जुटी पुलिस

प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी। जयनगर थाना स्थित कमला नदी में मंगलवार की शाम स्थानीय लोगों ने नदी में तैरते हुए एक अज्ञात व्यक्ति का शव देखा देखते ही देखते जानकारी पूरे इलाके में तेजी से फैल गई। आस पास के लोगो की भीड़ घटनास्थल पर इकट्ठी होनी शुरू हो गई वही कमला नदी के पानी में तैरते हुए शव मिलने की जानकारी स्थानीय लोगो के द्वारा जयनगर थाना पुलिस को दी गई। नदी में अज्ञात व्यक्ति की शव मिलने की सूचना के बाद पुलिस दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे।



और मौके पर लगे भीड़ को हटाया और कमला नदी के एक किनारे में देखा की एक अज्ञात व्यक्ति का शव तैर रहा है। जिसके बाद जयनगर पुलिस के टीम पानी में तैरते हुए शव को पानी से बाहर निकालने के प्रयास में जुट गए, शव को करी मस्कत करने के बाद पानी से बाहर निकाला गया जिसके बाद घटनास्थल पर मौजूद लोगो से मृतक अज्ञात व्यक्ति के शव की पहचान के लिए पूछताछ करने लगे लेकिन मौके पर मौजूद लोगो ने शव को पहचाने से इंकार कर दिया। वही मृतक व्यक्ति सांवले रंग का है और व्हाइट काले रंग का फुलबाजू वाला शर्ट पहना हुआ है और काले रंग का पेंट पहना हुआ है। वही जयनगर पुलिस आस पास के इलाके में अज्ञात व्यक्ति के शव की पहचान के लिए पूछताछ कर रही है। जयनगर थाना पुलिस अज्ञात व्यक्ति के को अपने कब्जे में लेकर आगे की कागजी प्रक्रिया में जुट गई है खबर लिखने तक की जानकारी।

# भाजपा मंडल के प्रमुख कार्यकर्ताओं की बैठक

प्रात: किरण संवाददाता

कुशेश्वरस्थान दरभंगा : भाजपा मंडल के प्रमुख कार्यकताओं की बैठक मंगलवार को बुचौली महादलित टोला में मंडल अध्यक्ष घनश्याम चौधरी के अध्यक्षता में हुई। जिसमें पार्टी के गांव चलो अभियान को सफल बनाने पर विचार विमर्श किया गया। मंडल अध्यक्ष श्री चौधरी ने बताया कि पार्टी द्वारा चलाए जाने वाले यह अभियान काफी प्रभावशाली साबित होगा। इस कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लाभकारी योजनाओं की जानकारी आम अवाम को दिया जाएगा। इसी क्रम में बुथ कमिटी एवं पन्ना प्रमुखों का भी सत्यापन किया जाऐगा।

# आसमान में छाए रहेंगे बादल

प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर।ग्रामीण कृषि मौसम सेवा , डाक्टर राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय,पूसा एवं भारत मौसम विज्ञान विभाग ने अगले 5 दिनों के लिए मध्यावधि मौसम पूवार्नुमान जारी किया है। 7 से 11फरवरी तक के लिए जारी मौसम पूवार्नुमान में कहा गया है कि पूवार्नुमान की अवधि में उत्तर बिहार के जिलों में आसमान में बादल छाए रहने की सम्भावना है।इस अवधि में न्यूनतम तापमान में वृद्धि होने का अनुमान है। विगत मौसम पूवार्नुमान के आकलन में बताया गया है कि पिछले तीन दिनों का औसत अधिकतम एवं न्यूनतम तापम क्रमशः 22.8 एवं 10.6 डिग्री सेल्सियस रहा। औसत सापेक्ष आर्द्रता 97 प्रतिशत सुबह में एवं दोपहर में 58 प्रतिश हवा की औसत गति 7.4 कि0मी0 प्रति घंटा एवं दैनिक वाष्पन 1.9 मि०मी० तथा सूर्य प्रकाश अवधि औसतन घन्टा प्रति दिन रिकार्ड किया गया तथा 5 से०मी० की गहराई पर भूमि का औसत तापमान सुबह में 11.4 दोपहर में 25.9 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। इस अवधि में मौसम शुष्क रहा।ग्रामीण कृषि मौसम सेवा, डा०आर०पी०सी०ए०यू०, पूसा, समस्तीपुर एवं भारत मौसम विज्ञान विभाग के सहयोग से जारी 7-11 फरवरी तक के मौसम पूवार्नुमान के अनुसार ,पूवार्नुमान की अवधि में उत्तर बिहार के जिलों में आसमान में हल्के बादल आ सकते है।

# 7 पुलिस पदाधिकारी का पदस्थापन

दरभंगा कार्यालय। दरभंगा के वरीय पुलिस अधीक्षक जगुनाथ रेड्डी उर्फ जला रेड्डी ने सात पुलिस निरीक्षकों को पदस्थापित किया हैं इसमें तीन पुनि को थानाध्यक्ष बनाया गया हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुनि कुमार गौरव को पुलिस केन्द्र से थानाध्यक्ष यातायात ,पुनि मनोज कुमार को पुलिस केन्द्र से थानाध्यक्ष सिंहवाड़ा ,पुनि सूरज कुमार गुप्ता को पुलिस केन्द्र से रैयाम थाना का थानाध्यक्ष बनाया गया हैं। वहीं पुनि हरिद्वार शर्मा को पुलिस केन्द्र से प्रभारी मद्य निषेध शाखा वरीय पुलिस अधीक्षक कार्यालय ,पुनि राहुल कुमार को पुलिस केन्द्र से प्रभारी डीसीआरबी अनु जाति स्पीडी ट्रायल एवं पीसी शाखा ,वरीय पुलिस अधीक्षक कार्यालय पदस्थापित किया गया हैं।

# दरभंगा मेडिकल कॉलेज सीएफडी और एल्यूमिनी मीट के अवसर पर खेलकूद का हुआ उद्घाटन

प्रात: किरण संवाददाता

दरभंगा कार्यालय। दरभंगा मेडिकल कॉलेज सीएफडी और एल्यूमिनी मीट के अवसर पर दरभंगा मेडिकल कॉलेज में खेलकूद प्रतियोगिता का शानदार आगाज 2019 बैच और पीजी टीम के बीच 20-20 क्रिकेट मैच के साथ कॉलेज के खेल मैदान में हो गया।

यूजी और पीजी छात्र और छात्राओं से भरे प्ले ग्राउंड में मैच का उद्घाटन प्राचार्य डॉक्टर के एन मिश्रा, अधीक्षिका डॉक्टर अलका मिश्रा, स्टूडेंट सेक्शन के इंचार्ज डॉक्टर हरी दामोदर सिंह एवं मैजिकल एजुकेशन यूनिट कोऑर्डिनेटर डॉ पूनम कुमारी द्वारा फीता काटकर किया गया। पीजी टीम ने टॉस जीत का पहले बैटिंग करने का निर्णय लिया। पीजी टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 158 रनों का शानदार प्रदर्शन किया। परंतु 2019



बैच ने 15 ओवर में चेज करके जीत हासिल की। मैन ऑफ द मैच 2019 बैच के मेराज अली हुए। पीजी टीम के कप्तान डॉक्टर निशांत 2019 बैच के कप्तान उत्सव कुमार थे।

सीएफडी बैच क्रिकेट टूनार्मेंट 2022 बैच के द्वारा आयोजित किया जा रहा है जिसका नेतृत्व रेयान खान, रियाज अहमद, कायनात अदीब, आदिल रेजा, अमित कुमार रहे हैं। आज के मैच के दर्शक दीर्घा में साइकियाट्री के विभागाध्यक्ष डॉक्टर भी एन झा, डॉ अजय राम, डॉक्टर अरविंद कुमार इत्यादि प्रमुख थे।

# 10 फरवरी को दरभंगा जिलाधिकारी को हड़ताल के समर्थन में सौपेंगे मांग पत्र

प्रात: किरण संवाददाता

दरभंगा कार्यालय। कॉडिनेशन कमिटी ऑफ ट्रेड यूनियन एन्ड एशोसिएशन के नेतृत्व में लहेरियासराय कर्मचारी विश्राम गृह में ऐक्टू, सीटू, एटक, इंटक का संयुक्त बैठक हुआ। किसान नेता नारायणजी झा के अध्यक्षता में आयोजित बैठक में निर्णय लिया गया कि ट्रेड यूनियनों के राष्ट्रव्यापी आहवान पर 10 फरवरी को दरभंगा जिलाधिकारी को महंगाई पर रोक लगाने, चार श्रम कानून रद्द करने, 2022 तक सभी को आवास देने का मोदी सरकार का वादा पूरा करने, साल में दो करोड़ रोजगार देने, ठेका प्रथा पर रोक, सभी संविदा कर्मियों को स्थाई करने, स्किम वर्कस आशा- आंगनवाड़ी सेविकाओं सहायकों, विद्यालय रसोइया को स्थाई करने, पुराना पेंशन योजना लागू करने सहित 23 सूत्री मांग पत्र 16 फरवरी के राष्ट्रव्यापी हड़ताल के समर्थन में प्रधानमंत्री को सम्बोधित मांग पत्र सौंपेंगे। इस अवसर पर ट्रेड यूनियनों के नेताओं ने कहा कि मोदी सरकार पूजीपति के






फायदे के लिए देश के तमाम सार्वजनिक सम्पतियों का निजीकरण किया जा रहा है, काम के अवसर को समाप्त किया जा रहा है और इसके लिए नित नयी अलोकतान्त्रिक काला कानून बनाया जा रहा है, वर्तमान में कृषि कानून, 4 श्रम कोड विल, बिजली विल 2020, और हिट & रन जैसे काला कानून इसका उदाहरण है जिसके लिए देश के मजदूर किसान वर्षो से संघर्षरत है, देश की अर्थ व्यवस्था को बर्बाद कर दिया गया है, तमाम तरह के अंतराष्ट्रीय इंडेक्स में भारत की स्थिति निचले पायदान पर पहुँच गया है, संगठित और असंगठित क्षेत्र को बर्बाद कर दिया गया है। काम का ठेकाकरण, रोजगार का ठेकाकरण एवं समयबद्ध नौकरी व रोजगार के कारण देश के श्रमिक वर्ग असुरक्षित हो गया है, मजदूरों को मालिक का गुलाम बनाया जा रहा है, आशा, रसोईया समेत सभी तरह के स्कीम वर्कर, निर्माण मजदूर, प्रवासी मजदूर, मनरेगा एवं सभी तरह के जन कल्याण कारी योजनाओं का बजट में प्रतिवर्ष कटौती किया जा रहा है, कमेरा वर्ग को असुरक्षित कर दिया गया है महगाई बढ़ा दिया है और मजदूरी समाप्त कर दिया गया है, छात्र, नौजवान, मजदूर, किसान सभी वेरोजगारी व मंहगाई का दंश झेल रहा है और हमारे देश के प्रधानमंत्री समस्याओं के समाधान के बजाय चुनाव व सरकार सरकार का खेल खेलने में मस्त है। आगे नेताओं ने कहा कि 16 फरवरी को आहूत मजदूरों का ग्रामीण भारत बंद को ऐतिहासिक बनाने के लिए गांव-गांव में जन अभियान चलाया जाएगा। बैठक को ऐक्टू के जिला सचिव डॉ उमेश प्रसाद साह, कॉडिनेशन कमिटी ऑफ ट्रेड यूनियन एन्ड एशोसिएशन के जिला संयोजक फूल कुमार झा, खेग्रामस के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य देवेन्द्र कुमार, सीटू के दिनेश झा, इंटक के संतोष कुमार श्रीवास्तव, फकीरा पासवान, परमेश्वर राम, फनेश्वर सिंह आदि ने सम्बोधित किया।

# प्रत्येक मानव को अपनी परीक्षा, समाज की समीक्षा एवं भगवान की प्रतीक्षा करनी चाहिये: वेदानंद शास्त्री

दरभंगा कार्यालय। हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी विकासात्मक समिति व श्री शारदा इंस्टीट्यूशन, लहेरियासराय के संयुक्त तत्वावधान द्वारा शिशिर कुमार कर्ण के अवासीय परिसर में आयोजित ,श्रीमद भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ के चतुर्थ दिवस को प्रसिद्ध कथावाचक आचार्य वेदानंद शास्त्री जी महाराज को संगठन के अध्यक्ष व यजमान शिशिर कर्ण एवं संगठन के कार्यकारिणी अध्यक्ष ललन कुमार झा ने विधिवत पूजन व स्वागत कर व्यास पीठ पर स्वागत किया ,कथा के चतुर्थ दिवस को आचार्य श्री वेदानंद शास्त्री जी महाराज ने कहा कि प्रत्येक मानव को अपनी परीक्षा, समाज की समीक्षा एवं भगवान की प्रतीक्षा करनी चाहिए। हमें हर क्षण सतर्क रहना पड़ेगा कि हमसे कोई शारीरिक, व्यावहारिक और मानसिक भूल न हो जाए। उन्होंने भारत में तीन भरत के अवतारों का भी वर्णन किया उन्होंने बताया की श्रीमद्भागवत में जिस भरत का वर्णन है वह परम भक्त और तपस्वी थे। लेकिन एक मृग के मोह में आकर अपने भक्ति और भगवान के प्रति जो निश्चल प्रेम था उसमें कमी आ गई, जिसके कारण उन्हें दोबारा जन्म लेकर जड़ भरत के रूप में दुनिया से संन्यास ले कर अपनी जिंदगी को बितानी पड़ी अतः प्रत्येक मानव को अपने सारे कर्मो एवं व्यवहारों को भगवान को समर्पित करना चाहिए। जिससे हमें दोबारा इस मोह रूपी संसार में आकर कष्ट ना भोगना पड़े। अजामिल की कथा को बताते हुए उन्होंने कहा की भले ही आप जितने भी वेद विशारद, धर्मनिष्ठ या भगवान के भक्त हों और आपकी वृत्तियां अगर दूषित हो जाएगी तो आप भी अपने पथ से च्युत होकर मयार्दा हीन व्यवहार में लग जाएंगे ,इसलिए हमें शुद्ध और सात्विक विचारों से भगवान का कीर्तन ,भजन , मनन एवं स्मरण करते रहना चाहिए।और अगर आप धन से किसी की सेवा नहीं कर सकते तो अपने तन से ही सर्वभूत की सेवा करें।

# बिहार में न्याय के साथ विकास की यात्रा और तेज होगी: विधायक श्री चौधरी

दरभंगा कार्यलय। बेनीपुर विधायक सह जदयू के प्रदेश प्रवक्ता प्रो विनय कुमार चौधरी ने कहा कि बिहार में न्याय के साथ विकास की यात्रा और तेज होगी वे बुधवार को बहेड़ी प्रखंड के बिलट महथा आदर्श महाविद्यालय में चाहरदिवारी एवं साइकिल स्टैंड निर्माण योजना एवं हावीडीह मध्य पंचायत के बेलही गांव में मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना अंतर्गत नवनिर्मित छतदार चबुतरा का लोकार्पण कर रहे थे ।इस दौरान उन्होंने कहा कि बिहार



में जब से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सत्ता संभाली है हर क्षेत्र में आमूल चूल परिवर्तन हुई है और यह गति और अब तेज हुई है चाहे शिक्षा का क्षेत्र हो ,चाहे स्वास्थ्य का क्षेत्र हो चाहे यातायात का हो या कल्याणकारी योजना हो सभी योजनाओं में न्याय के साथ विकास की एक लंबी लकीर खींची जा रही है। इस दौरान उन्होंने आम लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि समय सीमा के अंदर गुणवत्तापूर्ण कार्य पूरा किए जाने से ही सरकारी योजनाओं का समुचित लाभ उठाया जा सकता है। इसके लिए उन्होंने उपस्थित अभियंताओं को निर्देशित करते हुए कहा कि योजना के संचालन में गुणवत्ता का पूर्ण ख्याल रखा जाना चाहिए साथ ही समय पर काम पूरा किया जाना भी अभियंताओं का ही दायित्व बनता है ।विधायक श्री चौधरी ने न्याय के साथ विकास की बात दोहराते हुए कहा कि हमारे लोकप्रिय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का स्पष्ट मानना है कि हर टोला एवं बसावट को पक्की सड़क से जोड़ना है और शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में आमूल चूल परिवर्तन हुआ है लेकिन कुछ और किया जाना बाकी है जिसके लिए हमारे मुख्यमंत्री हमेशा चिंतनशील रहते हैं ।

# भाजपा की बैठक जिला अध्यक्ष की अध्यक्षता में संपन्न

दरभंगा कार्यालय( भारतीय जनता पार्टी क्षेत्रीय बैठक जिला कार्यालय में जिला अध्यक्ष जीवछ सहनी के अध्यक्षा में हुआ ।इस बैठक के मुख्यातिथि पूर्व सहकारिता मंत्री सह विधायक राणा रणधीर सिंह के थे। लोक सभा विस्तारक,विधानसभा विस्तारक,जिला प्रभारी ,लोकसभा प्रभारी 5 लोक सभा की बैठक हुआ ।

राणा रणधीर सिंह ले सभी विस्तारक ,जिला प्रभारी ,जिला अध्यक्ष को विस्तार से आगामी कार्यक्रम का विस्तृत जानकारी दी । सभी संगठन प्रमुख को अपने क्षेत्र में रह कर कार्य करने का निर्देश दिया एवं शेष बचे हुए कार्य को तुरंत करने का निर्देश दिया ।चुनाव तक सभी विस्तारक अपने क्षेत्र में रहेंगे और संगठन के द्वारा तय कार्यक्रम को सत्य प्रतिशत लागू करेंगे।

राणा रणधीर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री के कार्य का न केवल भारत में बल्कि विश्व में चर्चा है।आज 500 वर्षोवके संघर्ष को विराम , अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण,धारा 370 की समाप्ति,कपूर्री जी एवम लाल कृष्ण आडवाणी को भारत रत्न सम्मान दिया ,बिहार में जातीय गणना को भाजपा का पूर्ण समर्थन, पिछड़ों, अतिपिछड़ों एवम दलितों के आरक्षण का पूर्ण समर्थन,आदि सैकड़ों कार्य ऐसे किए जो केवल पक्ति के अंतिम श्रेणी में बैठे व्यक्ति के कल्याण में हो , इस बैठक में जिला अध्यक्ष जीवछ सहनी,झंझारपुर के जिलाध्यक्ष राघव जी, अभय झा ,विजय चौधरी,पूर्व प्रदेश महामंत्री सुशील चौधरी,सुजीत मल्लिक ,कन्हाई पासवान,पप्पू गुप्ता, आदि उपस्थित थे।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com
राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
पटना, बुधवार, 07 फरवरी, 2024



## संक्षिप्त खबरें

### पस्तपार शिविर प्रभारी के रूप में पंकज कुमार ने लिया अपना योगदान

पतरघट/सहरसा। पस्तपार पुलिस शिविर में एसपी के निर्देश पर सोमवार को प्रभारी के पद पर पुअनि पंकज कुमार यादव ने अपना योगदान किया। पदस्थापित शिविर प्रभारी पुअनि पंकज कुमार यादव ने बताया कि हमारी पहली प्राथमिकता होगी नशेड़ी व शराब तस्करी पर नकेल कसना, अपराध पर नियंत्रण करना, फालतू का शिविर पर पैरवीकारो की भीड़ पर अंकुश लगाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी।भले पस्तपार डेढ़ पंचायत का पस्तपार पुलिस शिविर है लेकिन सहरसा एवं मधेपुरा जिला का सीमा क्षेत्र रहने के कारण अपराधिक घटना, शराब तस्करी सहित शिविर दलालों की भीड़ विधि-व्यवस्था में बाधक सिद्ध होते रहा है।पुअनि पंकज कुमार यादव के आने से पस्तपार बाजार में शरारती तत्वों के बीच दहशत का माहौल उत्पन्न हो रहा है। पतरघट ओपी में पुअनि पंकज कुमार यादव ने काफी चर्च में हमेशा रहते थे पंकज कुमार के नाम सुनते ही पतरघट क्षेत्र में अपराधी व शराब कारोबारी तत्वों के बीच दशक का माहौल दिख रहा था

### सोनवर्षा राज नगर का वित्तिय वर्ष 24-25 का वार्षिक बजट तैयार

सोनवर्षा राज/सहरसा। प्रखंड क्षेत्र के नगर पंचायत सोनवर्षा द्वारा वार्षिक बजट तैयार किए जाने को लेकर आमलोग समैत अन्य प्रतिष्ठानों से क्षेत्र को सूंदर, स्वच्छ व विकसित बनाने के उद्देश्य को लेकर उनका सूझाव मांगा गया है।उक्त बाबत नगर पंचायत सोनवर्षा के चेयरमैन मनीष कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया है की सोनवर्षा नगर का वित्तिय वर्ष 24-25 का वार्षिक बजट तैयार किया जा रहा है।बजट में प्रदुषण नियंत्रण,स्वच्छता एवं अन्य किसी बहुमूल्य विषयों पर नगर क्षेत्र के नागरिक, व्यवसायिक प्रतिष्ठान, विद्यालय, महाविद्यालय, सरकारी व गैर सरकारी संस्थान अपना बहुमूल्य सूझाव 10 फरवरी तक नगर पंचायत सोनवर्षा के कार्यालय में उपलब्ध करा सकते है।ताकि नगर क्षेत्र के लिए विकासोन्मूखी बजट तैयार किया जा सके।

# बैजनाथपुर चौक पर खुलेआम बिक रहे नशीले पदार्थ, पुलिस मौन

प्रात: किरण, संवाददाता



सौरबाजार/सहरसा- देश के युवाओं को स्वस्थ रखने के लिए सरकार फिट इंडिया जैसे अभियान चला रही है। नशा मुक्ति अभियान के तहत अनेक कार्यक्रम कर युवाओं को नशे से दूर रखने का प्रयास होते हैं। इसके बावजूद नशे का जाल युवाओं को अपनी गिरफ्त में ले रहा हैं। नशे काला कारोबार करने वालों पर सख्त कार्रवाई नहीं होने के कारण नशीले पदार्थ खुलेआम बिक रहे हैं। बैजनाथपुर चौक से लेकर गांव तक अवैध नशे का कारोबार फैल चुका है। पुलिस अफसरों के लाख दाबों के बाद भी नशे का सामान बैजनाथपुर चौक तक पहुंचता और गली मोहल्ले के विभिन्न प्रकार के दुकानों में खुलेआम बिक रहा है। शाम होते ही बैजनाथपुर पुलिस शिविर के खास बस्तियों में महफिल सजने लगती है। नशे के खिलाफ राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण भी आवाज उठाएगा। जागरूकता के साथ इस अभियान में पुलिस और प्रशासन को कार्रवाई कर इस सामाजिक बुराइयों को दूर करने के लिए जागृत करेगा। पुलिस आए दिन छापामारी की कार्रवाई करके छोटे नशे बाजों को पकड़ कर जेल भेज कर खानापूर्ति की कार्रवाई करती है। जबकि यह नशे का कारोबार कैसे फल फूल रहा है। उनके खिलाफ अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। पुलिस के पास ऐसे मामलों में कार्रवाई को लेकर कोई खास योजना नहीं हैं।इसी कारण यह बैखोप किया जा रहा हैं। गाजा, चरस और स्मेक पीते हुए दिखाई देते हैं। हालांकि पुलिस जब इन पर कार्रवाई करने का प्रयास करती है तो यह लोग खुद को घायल करके पुलिस से बचने का प्रयास करते हैं। कई बार ऐसे मामले सामने आए। जब पुलिस ने इन नशेबाजों को पकड़ने गया तो इन लोगों ने ब्लेड से अपने हाथ की नस काटकर खुद को बचाने का प्रयास किया। कई बार हवालात में जाकर यह लोग स्वयं खुद पर हमला कर लेते हैं जिसके कारण पुलिस भी इनको पकड़ने से कतराती है। स्थानीय गणमान्य लोगों ने वरीय पुलिस प्रशासन से कार्रवाई की मांग की है।

# सरस्वती स्थान देवघरा धमसैना में लगा हाई मास्क लाइट

प्रात: किरण, संवाददाता



सौरबाजार/ सहरसा- प्रखंड क्षेत्र के सहुरिया पश्चिमी पंचायत स्थित सरस्वती स्थान देवघरा धमसैना में कोशी के पुत्र सांसद दिनेश चन्द यादव के सौजन्य से हाई मास्क लाइट लगाई गई हैं। जिसका विधिवत उद्घाटन स्थानीय पूर्व मुखिया प्रतिनिधि अनिमेष कुमार ने फीता काटकर किया।अब सरस्वती स्थान देवघरा रौशनी से जगमगाने लगे हैं। हाई मास्क लाइट लगने से स्थानीय लोगों ने सांसद दिनेश चंद्र यादव को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दिए। मौके पर पूर्व मुखिया प्रतिनिधि ने कहा कि कोसी के पुत्र सांसद दिनेश चंद्र यादव के सौजन्य से सरस्वती स्थान देवघरा में हाई मास्क लाइट लगाई गई हैं। कोसी के पुत्र सांसद दिनेश चंद्र यादव का विकास करना प्राथमिकता है। उनके अंदर कोई भेदभाव नहीं है। उनका मकसद है घर में अंधेरा है तो उसे उजाला लाये। माननीय सांसद विकास के साथ गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दे रहे हैं। विकास के कार्य में किसी प्रकार की राजनीतिक सांसद महोदय नहीं करते हैं। विकास आम जनता के लिए अपरिहार्य हैं यही माननीय मुख्यमंत्री और माननीय प्रधानमंत्री का निर्देश भी है। उन्होंने कहा कि हम सभी ग्रामीणों को काफी दिनों से यह इच्छा थी कि सरस्वती स्थान देवघरा में हाई मास्क लाइट लगाई जाए, जिसे कोशी के पुत्र सांसद दिनेश चंद्र यादव ने स्वीकार करते हुए लगवाने का कार्य किया। मौके पर पैक्स अध्यक्ष संतोष कुमार उर्फ गब्बर यादव, संजय यादव, सरपंच प्रतिनिधि विनोद यादव, समिति प्रतिनिधी श्याम सुन्दर यादव, हरदेव यादव समेत अन्य गण्यमान्य लोग उपस्थित होकर पूर्व मुखिया प्रतिनिधि को हार्दिक हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# श्रीनगर थाना के नए थाना अध्यक्ष बने मो. निसार आलम

● क्षेत्र में अपराध पर लगाम लगाना पहली प्राथमिकता होगी

प्रात: किरण, संवाददाता



कुमारखंड मधेपुरा श्रीनगर थाना में थानाध्यक्ष के रूप में मधेपुरा सदर थाना में पदस्थापित अपर निरीक्षक मो० निसार आलम ने अपना योगदान दिया। निवर्तमान थानाध्यक्ष पतरिग पासवान से पदभार ग्रहण किया। निवर्तमान पतरिग पासवान का तबादला खगरिया जिले में किया गया है। श्रीनगर थाना में थानाध्यक्ष के रूप में योगदान लेते ही थानाध्यक्ष मो ० निसार आलम ने सभी कनीय पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल के जवान तथा चौकीदार से परिचय प्राप्त किया। इसके बाद उन्होंने कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता थाना क्षेत्र में आपराधिक घटना लूट , राहजनी व छिनतई समेत सभी तरह के अपराधिक घटना पर अंकुश लगाते हुए क्षेत्र में शांति व सदभाव का वातावरण बनाए रखना है। मौके पर एसआई मनोरंजन सिंह, एसआई नागमणि सिंह, ,चौकीदार संतोष कुमार पासवान, मोजिब आलम, रूपेश कुमार, जफरूल उर्फ मखन आलम,पुलिस मित्र मो जहांगीर सहित सभी पुलिस बल के जवान और चौकीदार मौजूद थे।

# 16 फरवरी को केन्द्र सरकार के जनविरोधी नीतियों के खिलाफ चक्का जाम करेंगे

प्रात: किरण, संवाददाता



पतरघट/सहरसा। बिहार राज्य निर्माण कामगार यूनियन अंचल कमिटी पतरघट गोलमा पश्चिमी पंचायत में बैठक प्रखंड अध्यक्ष रामविलास पासवान की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक को संबोधित करते निर्माण कामगार यूनियन जिला सचिव नसीम उद्दीन ने कहा केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार मजदूरों के अधिकार पर लागातार हमला कर रहे हैं निबंधित श्रमिकों के पुत्री के सादी, भवन मरम्मती योजना, निबंधित श्रमिक के मृत्यु लाभ आदि योजना में श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी के लापरवाही के चलते मजदूरों के सैकड़ों आवेदन उनके पोर्टलों पर लंबित हैं जिस पर उन्होंने नाराजगी जताई संयुक्त किसान मोर्चा एवं केन्द्रीय श्रमिक संगठनों के राष्ट्रीय व्यापी आवाहन पर केन्द्र सरकार के जनविरोधी नीतियों के खिलाफ 16 फरवरी 2024 को आम हड़ताल एवं चक्का जाम में सभी मजदूरों को शामिल होने का आवाहन किया मनोरमा चौक को सुबह सात बजे जाम करेंगे जिसके बाद 12 बजें प्रखंड मुख्यालय को बंद करेंगें वहीं नौजवान सभा के जिला सचिव कुलानन्द यादव ने कहा मंहगाई आसमान छू रहे सरकारी संस्थाओं से भर्ती करने के बदले लगें कामों से छंटनी जारी है जिसके खिलाफ आन्दोलन करने का संखनाद किया। उपस्थित बिहार राज्य निर्माण कामगार यूनियन के प्रखंड अध्यक्ष रामविलास पासवान, सचिव रमेश कुमार, मो. मकसुद साहब,मो. मस्तान, साहब मुखिया, रानी कुमारी,बीबी साफो,मालती देवी, बिशो देवी कामनी देवी , टुनटुन मुखिया,रामु मुखिया आदि मौजूद थें।

# तालाब खुदाई करने के दरमियान मिली विष्णु मूर्ति



प्रात: किरण, संवाददाता

जमुई सिकंदरा प्रखंड के सिझौड़ी गांव में मंगलवार को सिमरा पोखर खुदाई के दौरान अति दुर्लभ साढ़े तीन फुट की भगवान विष्णु के प्रतिमा पोखर से निकली है। प्रतिमा निकालने की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीणों की भीड़ लग गई। सर्वप्रथम ग्रामीणों के द्वारा प्रतिमा को पानी से धोकर साफ किया। प्रतिमा के समक्ष महिलाओं के द्वारा पूजा अर्चना भी करनी शुरू कर दी गई। वहीं स्थानीय लोगों के द्वारा प्रतिमा निकलने की सूचना जिला प्रशासन को दी गई। प्रतिमा को एक झलक देखने के लिए लोगों का हुजूम उमर पाड़ा। चमकीले एवं काले पत्थर की निकली यह प्रतिमा को देख ऐसा प्रतीत होता है कि अति दुर्लभ एवं प्राचीन सैकड़ो वर्ष पुरानी प्रतिमा है। ग्रामीणों का मानना है कि भगवान विष्णु की यह प्रतिमा है। इस प्रतिमा में भगवान विष्णु के दोनों हाथ में कमल का फूल एवं दोनों साइड में दो छोटी प्रतिमा है।

# पंचायत समिति की बैठक में कई मुद्दों पर हुई चर्चा

प्रात: किरण, संवाददाता



चौसा (मधेपुरा) ब्लॉक सभागार में सोमवार को हुई पंचायत समिति की बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा की गई। प्रखंड प्रमुख रानी भारती की अध्यक्षता में हुई बैठक के दौरान पूर्व के बैठक में लिए किए गए प्रस्ताव पर कार्रवाई नहीं होने पर सदन में मौजूद जनप्रतिनिधियों ने नाराजगी जताई। जिप सदस्य अनिकेत कुमार मेहता ने कहां की प्रखंड के अलग-अलग पंचायत में संचालित मुख्यमंत्री नल जल योजना काफी महत्वपूर्ण है। लेकिन इस योजना से जुड़े अधिकारी योजनाओं को संचालित करने की दिशा सिर्फ औपचारिकताएं पूरी करते रहते है। उन्होंने कहा कि फुलौत के डाक बंगला चौक से आलमनगर तक जाने वाली सड़क में हो रही चोरी कारण के दौरान कई जगहों पर नल जल योजना से लगाए गए पाइप क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण लोगों को पेयजल उपलब्ध नहीं हो पा रही है। संबंधित अधिकारियों को सूचना दिए जाने के बावजूद भी कार्रवाई नहीं हो रही है। जिप सदस्य श्री मेहता ने कहा खाद्यान्न वितरण करने के दौरान व्यापक पैमाने पर धांधली की जाती है। लाभुको के बीच सरकारी स्तर पर 5 किलो खाद्यान्न वितरण कराने का प्रावधान है, लेकिन उन्हें चार और साढ़े किलो की दर से ही उपलब्ध कराया जा रहा है। मोरसंडा पंचायत के मुखिया शेखर पासवान ने कहा कि उप स्वास्थ्य केंद्र धनेशपुर में ना तो दवा उपलब्ध रहती है और ना ही कभी भी वहां पर डॉक्टर या नर्स बैठती है। जिसके कारण बीमार लोगों को पीएससी ले जाने के दौरान काफी परेशानियों से जूझना पड़ता है। पैना पंचायत के मुखिया ईदुम खातून ने जर्जर आंगनबाड़ी केंद्र को सौंदर्य करण करने तथा आंगनबाड़ी केंद्र के पास अवस्थित बिजली ट्रांसफार्मर को हटाने की मांग किया। प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों में संचालित होने वाली मध्यान्ह योजना के तहत अंडा और फल का वितरण नहीं होने शिक्षकों का समय पर भी नहीं आने सहित कई बिंदुओं पर चर्चा की गई। मनरेगा के तहत पशु सेंट का निर्माण करने, कचरा अपशिष्ट भवन का निर्माण का शुभारंभ करने, मिट्टी भराई तथा ईट सोलिंग योजना चलाने सहित कई योजनाओं का प्रस्ताव पारित किया गया। मौके पर बीडीओ ब्रजेश कुमार दीपक, मुखिया प्रफुल्ल कुमार, पसंस संजय कुमार, अंझली देवी, कुंदनी देवी, शशि दास आदि मौजूद थे

# कबीर निर्वाण आश्रम का संत तपस्वी ने किया शिलान्यास



प्रात: किरण, संवाददाता

चौसा, मधेपुरा चौसा प्रखंड के घोषई पंचायत के कमलदाह पार में सद्गुरु कबीर निर्वाण आश्रम का शिलान्यास पूर्वोत्तर बिहार के सबसे चर्चित संत योगेश ज्ञान स्वरूप तपस्वी एवं महंथ बुचकुन दास जी द्वारा एक समारोह का आयोजन कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संत योगेश ज्ञान स्वरूप तपस्वी ने कहा कि संतो का जीवन सबसे उत्तम जीवन होता है। संत अपने कर्म, वाणी व धर्म से मानव जीवन का कल्याण करते है। उन्होंने कहा कि आश्रम का शिलान्यास करते हुए मुझे अपार खुशी हो रही है। मौके पर स्थानीय बनारसी मेहता, अरविंद यादव, कैलाश यादव, पवन यादव, उमेश यादव,विजय शर्मा, विमल दास, विलास यादव, सुदो दास, अजय यादव, मुनेश्वर यादव,समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# भोकराहा गांव में खेतिहर मजदूर युनियन की बैठक आयोजित

प्रात: किरण, संवाददाता

कुमारखंड प्रखंड के भोकराहा गांव में बिहार प्रांतीय खेतिहर मजदूर युनियन के तत्वावधान में कार्यकताओं की बैठक आयोजित की गई। बिहार प्रांतीय खेतिहर मजदूर युनियन पश्चिमी के क्षेत्रीय प्रभारी रुपेश सरदार के अध्यक्षता में आयोजित बैठक में मौजूद बिहार प्रांतीय खेतिहर मजदूर युनियन के जिला सचिव कामरेड ललन कुमार यादव ने कहा कि मजदूर सुई से लेकर हवाई जहाज निर्माण कार्य कर रहे हैं।देश के तरक्की में मजदूरों का ही योगदान हैं।इसके वाबजूद मजदूर मूलभूत बुनियादी सुविधा से अभी तक बंचित हैं।केंद्र प्रायोजित मनरेगा योजना में प्रति वर्ष एक सौ दिन रोजगार देने का प्रावधान है।मजदूरों को काम नहीं देने पर भत्ता देने का प्रावधान है।परन्तु सरजमीन पर 99 फीसदी मजदूरों का मनरेगा कार्यालय के द्वारा जॉब कार्ड ही नहीं बना है।कुछ मजदूरों का जॉब कार्ड बना भी है,तो इनसे संचालित मनरेगा योजना में काम ही नहीं कराया जाता है।लिहाजा मजदूरों का पलायन बदस्तूर जारी है।मौके पर कामरेड चन्देश्वरी रजक और कामरेड कैलाश ने संयुक्त रूप से कहा कि देश में खेतिहर-मजदूरों के हित में किसी भी तरह का केन्द्रीय कानून ही नहीं है।केन्द्र सरकार खेतिहर-मजदूर के हित में एक समान कानून बनाए। बैठक में मुख्य रुप से देवनारायण सरदार, राजकिशोर सरदार, इन्द्रदेव यादव, संझा देवी,मंजू देवी,गुड्डू सरदार, फुलमाला देवी,रेशमलाल सरदार आदि मुख्य रुप से मौजूद थे।

# राजकीय पक्षी महोत्सव को ले 9 से 19 फरवरी तक खेलकूद प्रतियोगिता का होगा आयोजन, मैराथन दौड़ 13 फरवरी को

प्रात: किरण, संवाददाता

जमुई राजकीय पक्षी महोत्सव कार्यक्रम के तहत स्थानीय श्रीकृष्णा सिंह स्टेडियम में 9 से 19 फरवरी तक खेलकूद प्रतियोगिता का होगा आयोजन किया जाएगा। जिसकी तैयारी में जिला प्रशासन और वन प्रमंडल संयुक्त रूप से जुट चुकी है। इसको लेकर जिला प्रशासन ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि राजकीय पक्षी महोत्सव कार्यक्रम के तहत स्थानीय श्रीकृष्णा सिंह स्टेडियम और नागी नकटी डेम झाझा में 9 से 19 फरवरी तक विभिन्न तरह के कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इनमें 9 से 11 फरवरी तक श्रीकृष्णा सिंह स्टेडियम परिसर में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जबकि 12 से 14 फरवरी तक फुटबॉल मैच का आयोजन होगा। साथ ही 14 फरवरी टग ऑफ बार का आयोजन होगा। वहीं 13 फरवरी को मैराथन दौड़ का आयोजन किया जाएगा जो कटौना बाईपास से लेकर गिद्धौर तक 10 किलोमीटर निर्धारित किया गया है। मैराथन दौड़ सुबह 6 बजे प्रारंभ होगा। मैराथन दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को नगद 25 हजार रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा। जबकि द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को 15-15 हजार रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा। वही 18 फरवरी को कबड्डी और 19 फरवरी को खोखो प्रतियोगिता का आयोजन नागी नकटी डेम झाझा में किया जाएगा। इस आयोजन में भाग लेने वाले टीम व प्रतिभागियों को रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है। इक्छुक प्रतिभागी श्रीकृष्णा सिंह स्टेडियम परिसर स्थित खेल कार्यालय से रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं।

# नए बसावट को सड़क संपर्क से जोड़ने का निर्देश

प्रात: किरण, संवाददाता



मधेपुरा मिशन मार्ग अंतर्गत एनएच 106 व एनएच 107 ग्रामीण कार्य प्रमंडल मधेपुरा,उदाकिशुनगंज और पथ प्रमंडल, मधेपुरा की समीक्षा बैठक झल्लू बाबू सभागार मंगलवार को जिलाधिकारी विजय प्रकाश मीणा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में एनएच 106 के समीक्षा के क्रम में जिलाधिकारी ने बुधमा ब्रिज के गर्डर लाचिंग का कार्य त्वरित गति से करते हुए 10 मार्च तक ट्रैफिक शुरू करने का निर्देश दिया है। साथ ही आरओबी के लेफ्ट सर्विस रोड का निर्माण कार्य 15 मार्च तक निर्माण कार्य पूर्ण करने एवं राइट साईड का सर्विस रोड 15 अप्रैल तक पूर्ण करने हेतु मैनपावर बढ़ाकर कार्य पूर्ण करने हेतु निर्देश दिया है। एनएच 107 की समीक्षा के क्रम में जिलाधिकारी संबंधित पदाधिकारी एवं कार्य एजेंसी को ससमय कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल, मधेपुरा,उदाकिशुनगंज की समीक्षा के कम में डीएम ने पूर्व के बैठक में दिए गए निर्देश के अनुपालन के बारे में जानकारी दी गई। जिलाधिकारी ने नए बसावट को संपर्कता हेतु प्राक्कलन विभाग में समर्पित करना, अनुरक्षण हेतु चयनित पथों का प्राक्कलन विभाग में समर्पित करना एवं सभी निर्माण कार्य तीव्र को गति से पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। साथ ही आगामी लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 को ध्याम में रखते हुए सभी बूथों पर आवागमन में कोई कठिनाई नहीं हो इसके लिए आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। बैठक में सदर अनुमंडल पदाधिकारी धीरज कुमार सिन्हा, ग्रामीण कार्य विभाग के कार्यपालक अभियंता विद्यानंद प्रसाद, प्रवीण सिन्हा के साथ साथ अन्य सभी संबंधित पदाधिकारी उपस्थित हुए।

# जनसुराज वाले प्रशांत किशोर आज सहरसा में कार्यकताओं के साथ करेंगे बैठक

प्रात: किरण, संवाददाता

सहरसा। जनसुराज वाले प्रशांत किशोर बुधवार को सहरसा में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने वाले है जिसको लेकर तैयारी जोरों शोरो पर चल रही है वही प्रशांत किशोर कल जन सुराज से जुड़े लोगों के साथ बैठक करेंगे और आगे की रणनीति पर चर्चा करेंगे वही जन सुराज से जुड़े कुमार अमृतराज ने बताया कि प्रशांत किशोर का एक ही लक्ष्य है कि युवाओं को हक और अधिकार मिले उनकी भागीदारी भी बराबर हो जिसको लेकर प्रशांत किशोर लगातार पदयात्रा के माध्यम से लोगों से जुड़ रहे हैं कल प्रशांत किशोर सहरसा में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे जिसमें जैन स्वराज से जुड़े लोगों के साथ बैठक कर आगे की रणनीति को लेकर विचार विमर्श करेंगे

# आज्ञत पिकअप वाहन सड़क किनारे खड़े दो लोगों को मारी टक्कर, एक कि मौके पर हुई मौत, एक गंभीर, आक्रोशित लोगों ने किया सड़क जाम

प्रात: किरण, संवाददाता




जमुई-सिकंदरा मुख्य मार्ग स्थित बाबा धनेश्वर नाथ मंदिर के समीप सड़क किनारे खड़े दो लोगो को आज्ञत पिकअप वाहन ने टक्कर मार दिया। जिससे एक कि मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान सिकंदरा थाना क्षेत्र के शिवडीह निवासी रामस्वरूप मंडल का 25 बर्षीय पुत्र मुकेश कुमार के रूप में हुई है। जबकि घायल की पहचान उसी गांव के रामजतन पांडा के 12 बर्षीय पुत्र अविनाश कुमार के रूप में हुई है। इधर घटना के बाद स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई और आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन करने लगे। बताया जाता है कि मुकेश और अविनाश जमुई-सिकंदरा मुख्य मार्ग स्थित बाबा धनेश्वर नाथ मंदिर के मुख्य गेट के समीप बजरंग बली मंदिर के पास खड़ा था तभी सिकंदरा के तरफ से आ रही एक अनियंत्रित तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने दोनों को टक्कर मारते हुए फरार हो गया। घटना इतना जोरदार था कि मुकेश का सिर बुरी तरह कुचल दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जबकी अविनाश गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसका इलाज शहर के एक निजी क्लीनिक में किया जा रहा है जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। इधर घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई और आक्रोशित ने जमुई-सिकंदरा मुख्य मार्ग स्थित बाबा धनेश्वर नाथ मंदिर के समीप सड़क जाम कर दिया। साथ ही आरोपी पिकअप चालक की पहचान कर उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने तथा मृतक के परिजनों को उचित मुहावजा देने की मांग करने लगे। वहीं घटना की जानकारी के बाद सिकंदर थानाध्यक्ष चंदन कुमार मौके पहुंचे और सड़क जाम कर रहे लोगों को सरकारी मदद दिलाने का भरोसा दिलाते हुए जाम को हटवाया गया।

# उच्च न्यायालय के आदेश के बाद भी उत्क्रमित मध्य विद्यालय भवड़ा के शिक्षक को नहीं दिया गया वेतन

प्रात: किरण, संवाददाता

सोनवर्षा राज/सहरसा। प्रखंड क्षेत्र के खजूराहा पंचायत स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय भवडा.के एचएम नंद कुमार नीरज को करीब 82 महिनों से वेतन का भूगतान विभाग द्वारा नहीं किए जाने से उनके परिवार के समक्ष भूखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई है।उन्हें वर्ष 15 के जनवरी माह में विद्यालय परिसर में बनवाए जा रहे भवन निर्माण में लापरवाही बरतने के आरोप में विभाग द्वारा उनका वेतन रोकते हूए एचएम के पद से हटा दिया गया था।आश्चर्य तो इस बात की है कि वर्ष 2015 से वर्ष 24 तक बीडीओं,आरडीडीई,शिक्षा विभाग के अपर सचिव,प्राथमिक शिक्षा विभाग के निदेशक एवं उच्च न्यायालय पटना द्वारा विभाग को अविलंब वेतन भुगतान का निर्देश दिया गया है।बावजूद शिक्षा विभाग पर उक्त आदेशों का कोई असर नहीं है।वर्ष 2015 के जनवरी माह में जब नंद कुमार नीरज को एचएम के पद से हटा दिया गया तब से वो अपने वेतन भूगतान हेतू विभिन्न अधिकारी,पदाधिकारी व न्यायालय का चक्कर लगाना प्रारम्भ कर दिया था।इसी क्रम में उच्च न्यायालय में दायर उनकी याचिक पर वर्ष 2019 के जूलाई माह में उच्च न्यायालय पटना ने अपने निर्णय में विभाग को यथाशीघ्र वेतन देने का निर्देश जारी किया था।बावजूद पूर्व एचएम को वेतन का भूगतान नहीं किया गया।उसके बाद पूर्व एचएम कोसी प्रमंडल के क्षेत्रीय शिक्षा उपनिदेशक के शरण में पहूंचे।उक्त मामले की सूनवाई उपरांत उपनिदेशक महोदय ने वर्ष 22 के जून माह में जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,स्थापना सहरसा,बीडीओ सह प्रखंड शिक्षक नियोजन ईकाई के सचीव तथा प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के नामें पत्र जारी कर पूर्व एचएम को वेतन भूगतान का आदेश दिया।लेकिन ये आदेश भी काम नहीं आया।वेतन भूगतान नहीं किए जाने पर पीड़ित पूर्व एचएम बिहार सरकार के अपर मुख्य सचिव के शरण में जा पहुंचा।अपर मुख्य सचिव ने वर्ष 22 के जूलाई माह में जिला शिक्षा पदाधिकारी व स्थापना के जिला कार्यक्रम के नामें आदेश जारी कर ये स्पष्ट किया था कि किसी मामले के आरोपी से भी यदि आप कार्य ले रहे है तो उसका वेतन भूगतान आवंटन के अभाव के अलावे किसी भी परिस्थिति में नहीं रोका जा सकता है।बावजूद वेतन का भूगतान नहीं होने पर पूर्व एचएम सोनवषार्राज के बीडीओं सह प्रखंड शिक्षक नियोजन ईकाई के सचीव के शरण में पहूंचा।मामले की तहकिकात उपरांत बीडीओ ने भी गत 13 जूलाई 22 में एचएम भवडा, बीईओ,तथा स्थापना के डीपीओ के नामें पत्र जारी कर पूर्व एचएम के स्थगित वेतन को विमुक्त करने का आदेश निर्गत किया।बावजूद यथास्थिति देख पूर्व एचएम नीरज प्राथमिक शिक्षा निदेशक,बिहार सरकार के शरण में पहूंचे।मामले की गंभीरता को देख निदेशक महोदय ने 15 मार्च 23 को स्थापना सहरसा के डीपीओं के नामें सीधे पत्र जारी कर वेतन भूगतान करने को आदेश दिया।दर दर भटककर आदेश लिए जाने के बावजूद वर्ष 24 में भी पूर्व एचएम को विभाग द्वारा भूगतन नहीं किया गया है

### 2 विकेट से पस्तपार ने दर्ज किया जित, सेमीफाइनल में बनाया जगह

पतरघट/सहरसा। प्रखंड क्षेत्र के बाबा शिवदत्त ळ20 क्रिकेट टूनामेंट का तीसरा लीग मुकाबला धबौली के ग्रीन पार्क स्टेडियम में पस्तपार और सौर बाजार के बीच खेला गया।सौर बाजार की टीम टॉस जीतकर निर्धारित 20 ओवर में खेल कर 179 रन बना कर ऑल आउट हो गया। जवाब में उतरी पस्तपार की टीम 19.2 गेंद खेल कर 8 विकेट के नुकसान पर 180 रन बना कर 2 विकेट से जीत दर्ज किया और सेमीफाइनल पस्तपार के टिम ने अपना जगह बनाया। आज का मैन ऑफ द मैच अमन को दिया गया जिन्होंने शानदार शतक बना के 1 विकेट हासिल किया।मुख्य अतिथि के रूप में पीसीबी के पूर्व कप्तान सह पस्तपर पंचायत के पैक्स अध्यक्ष उत्तम सिंह के साथ धबौली दक्षिण पंचायत के सरपंच राम नाथ मंडल के द्वारा उदघाटन किया गया। मौके पे फ्रेंड्स ऑफ आनंद के प्रदेश सचिव चंद्रभानु सिंह पिंकू , बिट्टू सिंह मौजूद।

सम्पादकीय

## झारखंड से शुरू हुई नई परंपरा

मुख्यमंत्री बना और पद पर रहते मुख्यमंत्री के विधानसभा का उपचुनाव हारने का भी रिकॉर्ड बना। मुख्यमंत्री के घर पर बिना समन की छापेमारी का भी अभी रिकॉर्ड बना है और हेमंत सोरेन पहले मुख्यमंत्री बने हैं, जो ईडी के अधिकारियों के साथ इस्तीफा देने राजभवन गए। अब प्रदेश में एक नया प्रयोग हुआ है या यूं कहें कि नई परंपरा शुरू हुई है।बाल ठाकरे के नेतृत्व वाले शिव सेना के शुरूआती दिनों को अपवाद मान लें तो झारखंड मुक्ति मोर्चा पहली प्रादेशिक पार्टी बनी है, जिसने परिवार से बाहर के किसी व्यक्ति को मुख्यमंत्री बनाया है। आज तक किसी प्रादेशिक पार्टी ने किसी भी स्थिति में परिवार से बाहर के किसी नेता को मुख्यमंत्री नहीं बनाया है। झारखंड में ईडी के दबाव में हेमंत सोरेन को इस्तीफा देना पड़ा तो उन्होंने मजबूरी में ही सही लेकिन पार्टी के सबसे पुराने नेताओं में से एक चम्पई सोरेन को मुख्यमंत्री बनाया। ऐसा नहीं है कि उनके परिवार में मुख्यमंत्री बनने योग्य लोग नहीं हैं। उनकी भाभी सीता सोरेन तीन बार से विधायक हैं और छोटे भाई बसंत सोरेन भी विधायक हैं। लेकिन हेमंत ने अपनी पत्नी कल्पना सोरेन को सीएम बनाने का प्रयास किया, जो विधायक नहीं हैं। उनके लिए एक सीट भी खाली कराई गई थी लेकिन पार्टी और परिवार में विरोध को देखते हुए और राज्यपाल द्वारा शपथ दिलाने से मना करने की संभावना को भांप कर हेमंत ने चम्पई सोरेन को मुख्यमंत्री बनवाया है।इससे पहले झारखंड जैसी स्थिति बिहार में पैदा हुई थी। चारा घोटाले से जुड़े मुकदमे में 1997 में बिहार के तत्कालीन मुख्यमंत्री लालू प्रसाद के जेल जाने की नौबत आई तो उन्होंने अपनी पत्नी राबड़ी देवी को मुख्यमंत्री बनवाया। वे पढ़ी लिखी नहीं थीं और विधायक भी नहीं थीं। लेकिन लालू की पार्टी को पूर्ण बहुमत था और वे एकछत्र नेता था। इसके अलावा जितनी भी प्रादेशिक और परिवारवादी पार्टियां हैं उनमें कभी भी किसी बाहरी नेता को मुख्यमंत्री नहीं बनाया गया। बाल ठाकरे ने जरूर पहले मनोहर जोशी और नारायण राणे को सीएम बनवाया था और रिमोट कंट्रोल से उनको चलाने की बात भी कहते थे लेकिन बाद में उनके बेटे उद्धव ठाकरे ने खुद ही मुख्यमंत्री बनना सही समझा।बाकी पूरे देश में प्रादेशिक पार्टियों के नेता किसी पर भरोसा नहीं करते हैं। कर्नाटक में एचडी देवगौड़ा ने अपने बेटे एचडी कुमारस्वामी को मुख्यमंत्री बनाया तो तमिलनाडु में करुणानिधि के बेटे एमके स्टालिन सीएम बने। हरियाणा में देवीलाल के बाद ओमप्रकाश चौटाला बने तो उत्तर प्रदेश में मुलायम सिंह के बाद अखिलेश यादव, आंध्र प्रदेश में वाईएसआर रेड्डी के बेटे जगन मोहन व एनटीआर के दामाद चंद्रबाबू नायडू और जम्मू कश्मीर में फारूक अब्दुल्ला के बेटे उमर अब्दुल्ला व मुफ्ती मोहम्मद सईद की बेटी महबूबा मुफ्ती सीएम बनीं। कह सकते हैं कि इन सबके सामने हेमंत सोरेन जैसा संकट नहीं था। संकट काल में ही सही लेकिन झारखंड में एक परंपरा शुरू हुई है। अगर इसका विस्तार होगा तो वह लोकतंत्र के लिए बेहतर होगा।

## चंपाई सोरेन की जीत, भाजपा की बड़ी पराजय

झारखंड विधानसभा में मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन द्वारा विश्वास मत हासिल करना भारतीय जनता पार्टी की कई मोर्चों पर बड़ी पराजय है। 31 जनवरी को जब वहां के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित जमीन घोटाले में गिरफ्तार किया था, तो उसके पहले ही हेमंत सोरेन ने पद से इस्तीफा देकर अपने विश्वसनीय चंपाई सोरेन को विधायक दल का नेता बना दिया था। यह अलग बात है कि राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने उन्हें मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाने में पूरे 3 दिन लिये और तत्काल बहुमत हासिल करने को कह दिया। सोमवार 5 फरवरी को झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) की सरकार ने सहयोगी दलों के साथ मिलकर, जिसमें कांग्रेस 16 सदस्यों के साथ सबसे बड़ी सहयोगी है, बहुमत हासिल कर लिया। झारखंड विकास मोर्चा, राजद एवं सीपीआई (एमएल) के 1-1 सदस्य हैं। 81 सदस्यीय सदन में एक सीट रिक्त है। इस तरह गठबन्धन के 48 सदस्य हैं। बहुमत पाने के लिये 41 सदस्य चाहिये- उसे 47 मिले। भाजपा व उसकी सहयोगी पार्टियों के पास 32 सदस्य हैं परन्तु उसके 29 सदस्यों ने विश्वास मत के विरोध में वोट डाले। एक सदस्य लम्बे समय से बीमार हैं। चंपाई सोरेन की जीत का अनेक मायनों में महत्व है। पहला तो यह कि भाजपा का जेएमएम व गठबन्धन को तोड़ने का प्रयास वैसा सफल नहीं हो पाया जिस प्रकार से उसने हाल ही में बिहार में किया है। ईडी के जरिये ह्यऑपरेशन लोटसह्ण का षडयंत्र पूरी तरह से नाकाम हो गया। इतना ही नहीं, केन्द्रीय जांच एजेंसियों का डर इसलिये खत्म होता नजर आता है क्योंकि विश्वास मत के दौरान सदन में अपने भाषण में चंपाई सोरेन ने साफ कर दिया कि उन्हें ह्यहेमंत सोरेन-2ह्ण के रूप में ही जाना जाये। दूसरी तरफ ईडी की हिरासत में लाये गये हेमंत सोरेन ने सदन में बेखौफ कहा कि ह्यईडी उन लोगों का बाल भी बांका नहीं कर पाती जो जनता का लाखों करोड़ों रुपये डकारकर विदेश भाग गये हैं।ह्ण सबसे बड़ी बात तो यह है कि इंडिया गठबन्धन एकजुट रहा। भाजपा की कोशिशें थीं कि कुछ लोगों को तोड़कर भाजपा की सरकार बनाई जाये। सांसद निशिकांत दुबे का यह दावा भी खोखला साबित हो गया जिसमें उन्होंने कहा था कि जेएमएम के 18 विधायक पाला बदल सकते हैं। इस अवसर पर लोग बिहार के बरक्स झारखंड के घटनाक्रम को देख रहे हैं जिसमें साफ है कि तमाम राज्यपाल भाजपा के इशारे पर काम करते हैं। नीतीश कुमार ने 28 जनवरी की सुबह 11 बजे राष्ट्रीय जनता दल के साथ चलाई जा रही सरकार से इस्तीफा दिया, उन्हें उसी शाम 5 बजे भाजपा के साथ बनाई सरकार के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ दिला दी गयी। उन्हें विश्वास मत हासिल करने के लिये भी पर्याप्त समय दिया गया है। एक ही सरकार के दो राज्यपालों द्वारा दो तरह के नियम लागू करना भाजपा के लोकतंत्र विरोधी रवैये को तो साबित करता ही है, उससे यह भी साबित होता है कि सत्ता पाने के लिये भाजपा किसी भी हद तक जा सकती है। उल्लेखनीय है कि ना-नुकुर के साथ 3 फरवरी को चंपाई सोरेन को सीएम पद की शपथ दिलाई गयी, उसके तत्काल बाद राहुल गांधी की ह्यभारत जोड़ो न्याय यात्राह्ण में भाग लेने के लिये नए मुख्यमंत्री गोड्डा पहुंचे थे। वहां उनका पहुंचना और अब सदन में कांग्रेस का जेएमएम के साथ खड़ा होना बतलाता है कि गठबन्धन अटूट है। उसके सदस्य अब केन्द्रीय जांच एजेंसियों के डर से बाहर निकल चुके हैं। इसका असर उन राज्यों की गैर भाजपायी सरकारों पर भी सकारात्मक ही पड़ेगा जिन्हें गिराने की कोशिशें भाजपा करती आ रही है। इनमें मुख्यतः दिल्ली की अरविंद केजरीवाल की सरकार कही जा सकती है। उसके तीन मंत्री व एक सांसद पहले से ही ईडी की कार्रवाई से जेल की सलाखों के पीछे हैं तो वहीं मुख्यमंत्री केजरीवाल तथा शिक्षा मंत्री आतिशी मालेर्ना पर भी गिरफ्तारी की तलवार लटक रही है। चंपाई सोरेन के जरिये हेमंत सोरेन को मिली जीत से सभी का मनोबल बढ़ेगा। ऑपरेशन लोटस के माध्यम से झारखंड की गठबंधन सरकार को हटाकर अपनी सरकार बनाने के मंसूबे ध्वस्त होने से भी भाजपा के रवैये में कोई फर्क नहीं आयेगा- ऐसा उसके ट्रैक रिकार्ड को देखकर कहा जा सकता है। कई राज्यों में चुनी हुई सरकारों को अनैतिक तरीकों से गिराने वाली भाजपा की सत्ता लोलुपता जगजाहिर है। वह तो अपना रास्ता बदलने से रही पर यह एक ऐसा अवसर है जब स्वयं जांच एजेंसियों को अपनी साख फिर से प्राप्त करने की कोशिश करनी चाहिये। भाजपा सरकार के गैरकानूनी आदेशों को मानने तथा संसदीय प्रक्रिया में भाजपा का हाथ बंटाने की बजाये निष्पक्ष रूप से उसे काम करना चाहिये-यह भी झारखंड एपीसोड की एक सीख हो सकती है। बहरहाल, भाजपा को चाहिये कि वह ऐसे गैर वाजिब कामों से बाज आये और देश में स्वस्थ लोकतांत्रिक व्यवस्था को कायम करने की जिम्मेदारी ले, क्योंकि वही सत्तारुढ़ है और यही उसका उत्तरदायित्व है। जनतंत्र में सभी राजनैतिक दलों को भयरहित होकर काम करने तथा अपने विस्तार का माहौल मिलना चाहिये। चुनी हुई सरकारों को गिराना या उन्हें अस्थिर करना किसी भी देश के लिये निकृष्टतम कार्य ही कहा जायेगा। भाजपा ने जो कांग्रेस मुक्त या विपक्ष मुक्त भारत की अवधारणा बना रखी है, वह निहायत लोकतंत्र विरोधी है। झारखंड में ईडी के जरिये निर्वाचित सरकार को गिराने में नाकाम रही भाजपा को लोकतंत्र का ककहरा फिर से पढ़ने की जरूरत है। झारखंड में मिली नाकामी से वह कई सबक एक साथ ले सकती है, अगर लेना चाहे तो।

# चुनावी साल का संयमित बजट

**अगले वित्त वर्ष के लिए सरकार का अनुमान है कि यह घाटा 5.1 प्रतिशत रहेगा। विपक्ष का आरोप था कि सरकार कर्ज का बोझ बढ़ा रही है, लेकिन अंतरिम बजट में कर्ज की सीमा 14.1 लाख करोड़ रुपए रखी गई है। जो कुल उधार है, वह 11.74 लाख करोड़ रुपए ही है। इसका अर्थ यह है कि इस वर्ष सरकार पिछले साल से भी कम कर्ज लेगी। होता यह है कि हर साल कर्ज बढ़ता रहता है। इस बार अभूतपूर्व है कि यह जीडीपी के अनुपात में कम हो रहा है। गौरतलब है कि कर्ज में कमी से महंगाई की आशंका भी कम होती है। वित्तीय घाटा और महंगाई एक-दूसरे के साथ जुड़े हुए होते हैं। इस पर भी सरकार ने समुचित ध्यान रखा है। कुल मिलाकर, जो वित्तीय प्रबंधन है, अर्थव्यवस्था का प्रबंधन है, उस दृष्टि से यह जो अंतरिम बजट है, उसे कोई भी, विपक्ष भी नहीं कह सकता है कि यह एक लोकलुभावन बजट है, जो चुनावी लाभ की दृष्टि से लाया गया है। इस बात में कोई शंका नहीं कि इन सालों में देश और दुनिया के समक्ष सबसे बुरी महामारी तो देखी ही, युद्ध और तनाव की स्थितियों के कारण ग्लोबल वैल्यू चेन के ध्वस्त होने के बावजूद इस सरकार ने अत्यंत बेहतर तरीके से अर्थव्यवस्था का संचालन किया है। 2014 में दुनिया की पांच सर्वाधिक जर्जर अर्थव्यवस्थाओं में से एक से निकालकर भारत को दुनिया की पांच सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में लाने का काम इस सरकार ने किया है। 2020-21 के ऋणात्मक जीडीपी संवृद्धि से बाहर निकालते हुए दुनिया की सर्वाधिक संवृद्धि दर तक लाने का श्रेय भी इस सरकार को जाता है।**






**डॉ. अश्विनी महाजन-**
**लेखक विख्यात अर्थशास्त्री**

हालांकि 1 फरवरी, 2024 को संसद में प्रस्तुत एक अंतरिम बजट ही था, लेकिन आने वाले आम चुनावों में मात्र कुछ माह ही बचे हैं, इसलिए यह अपेक्षा की जा रही थी कि इस बजट में कुछ लोकलुभावन योजनाओं की घोषणा हो सकती है। साथ ही साथ कुछ लोग मान रहे थे कि आयकर में कुछ राहत मिल सकती है, लेकिन ऐसी सभी संभावनाओं को नकारते हुए, अंतरिम बजट प्रस्तुत करते हुए वित्तमंत्री ने न केवल राजकोषीय संयम और विवेक का परिचय दिया है, बल्कि बजट के इस अवसर का पूरा लाभ उठाते हुए, उन्होंने मोदी सरकार के पिछले 10 वर्षों के कामकाज का लेखा-जोखा तो दिया ही, अपनी सरकार की उपलब्धियों को भी बताया। राजकोषीय घाटा और भी घटा : पिछले बजट में राजकोषीय घाटा के सकल घरेलू उत्पादन (जीडीपी) के अनुपात में 5.9 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया गया था। ऐसा माना जा रहा था कि चूंकि इस वर्ष नॉमिनल जीडीपी कम रहेगी, इसलिए वित्तीय घाटा अनुमान से भी अधिक हो सकता है। लेकिन हुआ यह कि संशोधित अनुमानों में यह घाटा 5.8 प्रतिशत रहने की आशा बजट में की गई है। इससे इंगित होता है कि सरकार ने वित्तीय विवेक का उपयोग करते हुए घाटे को कम रखने का प्रयास किया है। इसका कारण यह है कि सरकार के पास राजस्व पर्याप्त मात्रा में आ रहा है। देश में जो आर्थिक गतिविधियां तेज हुई हैं, उसके कारण वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी), व्यक्तिगत आयकर, कॉर्पोरेट आयकर आदि में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। सरकार का अनुमान था कि राजस्व वृद्धि की दर 10.7 प्रतिशत रहेगी, लेकिन यह वृद्धि दर 15 प्रतिशत रही है। इस बढ़ोतरी के कारण खर्च बढ़े के बावजूद वित्तीय घाटा कम रहा है। अगले वित्त वर्ष के लिए सरकार का अनुमान है कि यह घाटा 5.1 प्रतिशत रहेगा। विपक्ष का आरोप था कि सरकार कर्ज का बोझ बढ़ा रही है, लेकिन अंतरिम बजट में कर्ज की सीमा 14.1 लाख करोड़ रुपए रखी गई है। जो कुल उधार है, वह 11.74 लाख करोड़ रुपए ही है। इसका अर्थ यह है कि इस वर्ष सरकार पिछले साल से भी कम कर्ज लेगी। होता यह है कि हर साल कर्ज बढ़ता रहता है। इस बार अभूतपूर्व है कि यह जीडीपी के अनुपात में कम हो रहा है। गौरतलब है कि कर्ज में कमी से महंगाई की आशंका भी कम होती है। वित्तीय घाटा और महंगाई एक-दूसरे के साथ जुड़े हुए होते हैं। इस पर भी सरकार ने समुचित ध्यान रखा है। कुल मिलाकर, जो वित्तीय प्रबंधन है, अर्थव्यवस्था का प्रबंधन है, उस दृष्टि से यह जो अंतरिम बजट है, उसे कोई भी, विपक्ष भी नहीं कह सकता है कि यह एक लोकलुभावन बजट है, जो चुनावी लाभ की दृष्टि से लाया गया है। इस बात में कोई शंका नहीं कि इन सालों में देश और दुनिया के समक्ष सबसे बुरी महामारी तो देखी ही, युद्ध और तनाव की स्थितियों के कारण ग्लोबल वैल्यू चेन के ध्वस्त होने के बावजूद इस सरकार ने अत्यंत बेहतर तरीके से अर्थव्यवस्था का संचालन किया है। 2014 में दुनिया की पांच सर्वाधिक जर्जर अर्थव्यवस्थाओं में से एक से निकालकर भारत को दुनिया की पांच सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में लाने का काम इस सरकार ने किया है। 2020-21 के ऋणात्मक जीडीपी संवृद्धि से बाहर निकालते हुए दुनिया की सर्वाधिक संवृद्धि दर तक लाने का श्रेय भी इस सरकार को जाता है। अर्थव्यवस्था के तमाम आयामों प्रौद्योगिकी, उद्योग, कृषि, सेवा क्षेत्र सभी में भारत आगे बढ़ा है। पिछले 4 वर्षों में लगातार पूंजीगत खर्च बढ़ाया गया है और इस साल भी उसे जारी रखा गया है और इस बार हमारा इंफ्रास्ट्रक्चर पर 11.11 लाख करोड़ के खर्च का प्रावधान रखा गया है। लोक कल्याणकारी योजनाएं जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी और ग्रामीण), हर घर नल से जल, उज्ज्वला योजना, सभी को बिजली, शौचालय समेत कई अन्य योजनाओं को लागू किया गया। इस अंतरिम बजट में भी इसे आगे बढ़ाया गया है। 2 करोड़ अतिरिक्त ग्रामीण घरों के निर्माण, 2 करोड़ से अधिक महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का कार्यक्रम तो पहले से चल रहे कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने का काम तो हुआ ही है, एक करोड़ लोगों को रूफ टॉप सोलर के माध्यम से मुफ्त बिजली देने का प्रावधान, मुफ्त की बिजली उपलब्ध करवाने वाले राज्यों को एक सबक भी है, जिसमें सोलर बिजली के उत्पादन के माध्यम से मुफ्त बिजली का प्रावधान है। इंफ्रास्ट्रक्चर पर खर्च में 11.1 प्रतिशत की वृद्धि, जिसके माध्यम से सडक, रेल और अन्य प्रकार के इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण होगा। समझना होगा कि सडक, रेल, जल, वायु यातायात इंफ्रास्ट्रक्चर आदि सभी हमारी लॉजिस्टिक लागत को कम करता है जिससे हमारी प्रतिस्पर्द्धा शक्ति बढ़ती है, जिससे हमारे निर्यात बढ़ते हैं और आयात कम होते हैं। रूफ टॉप सोलर के जरिए एक करोड़ लोगों को मुफ्त बिजली देने का प्रावधान : अंतरिम बजट के माध्यम से सरकार ने मुफ्त बिजली देने वालों के लिए एक नई दिशा देने का भी प्रयास किया है। कई सरकारें मुफ्त बिजली देने की तरह-तरह योजनाएं चला रही हैं। इस संबंध में यह सोचने की आवश्यकता है कि इस तरह की फ्रीबीज को बांटने के लिए धन कहां से आएगा। तो, यह प्रस्तावित किया गया है कि मुफ्त बिजली उन लोगों को दी जानी चाहिए जो अपने घरों पर सोलर पैनल लगाएं। इस प्रकार वे बिजली भी पैदा करेंगे और मुफ्त में बिजली भी हासिल करेंगे। ऐसे प्रयास से देश में स्वच्छ ऊर्जा का उत्पादन भी बढ़ेगा और लोगों को निःशुल्क बिजली भी मिलने लगेगी। हालांकि बजट प्रस्ताव में स्पष्ट नहीं है, पर अगर सरकार को सौर ऊर्जा के उत्पादन को प्रोत्साहित करने के लिए अनुदान भी देती है, तो वह लाभकारी होगा क्योंकि उसका फायदा 25-30 साल तक मुफ्त बिजली के रूप में मिलता रहेगा।

# भारतीय लोकतंत्र की अस्मिता से खिलवाड़

**पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट के आदेश पर 30 जनवरी को मेयर का चुनाव कराया गया था। यह चुनाव पहले 18 जनवरी को शेड्यूल किया गया था, लेकिन प्रोसाइडिंग ऑफिसर ने किन्हीं कारणों से चुनाव स्थल में आने से मना कर दिया, जिसके बाद हाईकोर्ट ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच चुनाव संपन्न कराने के आदेश दिए। इस चुनाव प्रक्रिया की रिकॉर्डिंग के भी निर्देश अदालत ने दिए थे। मेयर के इस चुनाव को आम आदमी पार्टी और कांग्रेस ने इंडिया गठबंधन के तहत लड़ा और दोनों दलों के पास कुल 20 वोटों का समर्थन हासिल हुआ। वहीं दूसरी तरफ भारतीय जनता पार्टी के पास एक सांसद का वोट मिलाकर कुल 16 वोट हुए थे। ऐसे में पीठासीन अधिकारी ने आप-कांग्रेस गठबंधन के 8 वोटों को रद्ध कर दिया, और भाजपा को विजयी घोषित कर दिया गया। चंडीगढ़ मेयर चुनाव में धांधली किए जाने का आरोप लगाते हुए आम आदमी पार्टी ने नगर निगम कार्यालय के बाहर अनशन किया। कांग्रेस ने भी इसका समर्थन करते हुए चुनाव में धांधली होने का आरोप लगाया। बात हाईकोर्ट से सुप्रीम कोर्ट तक पहुंची है। यहां चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली बेंच ने सुनवाई के बाद पीठासीन अधिकारी को नोटिस जारी किया है। चुनाव में कथित धांधली को लेकर कॉर्पोरेट कुल्दीप कुमार ने अदालत का दरवाजा खटखटाया है। इस मामले में बतौर पक्षकार के वकील अभिषेक मनु सिंघवी कोर्ट में पेश हुए।**





**डॉ. हिदायत अहमद खान-**
**लेखक वरिष्ठ पत्रकार**

हमारे भारतीय लोकतंत्र की सबसे बड़ी विशेषता यही है कि जनता खुद अपनी सरकार चुनती है। इस खूबसूरती को बनाए रखना विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका की अहम जिम्मेदारी में शामिल है, लेकिन समय-समय पर ऐसे उदाहरण देखने को मिल जाते हैं, जिससे लगने लगता है कि या तो लोकतंत्र को मजाक बनाया जा रहा है या फिर उसकी जानबूझ कर हत्या की जा रही है। इसी बात का एहसास देश को कराने की कोशिश अब सुप्रीम कोर्ट ने भी अपनी एक खास टिप्पणी से की है। दरअसल चंडीगढ़ के मेयर चुनाव में जो कुछ हुआ वह वाकई चिंता का विषय बना हुआ है। इस पर सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने बेहद तल्ख लहजे में कहा है कि जिस प्रकार से मेयर चुनाव को कंडक्ट किया गया है वह बेहद गंभीर मामला है, जो वीडियो सामने आया है उसे देखने के बाद यह स्पष्ट होता है कि बैलेट पेपर को विकृत किया गया। यह लोकतंत्र का मजाक है। जो कुछ हुआ उससे हम स्तब्ध हैं। इस तरह लोकतंत्र की हत्या की इजाजत नहीं दे सकते हैं। यहां यह याद रखना होगा कि यह टिप्पणी किसी राजनीतिक नेता की नहीं है। इसे वाकई गंभीरता से लेने और व्यवस्था को दुरुस्त करने की दिशा में जरुरी कदम उठाए जाने की आवश्यकता है। इसमें देरी करना भी लोकतंत्र के कथित हत्यारों को प्रश्रय देने के बराबर ही माना जाएगा। अतः कोशिश तो यही होनी चाहिए कि जल्द से जल्द उचित फैसले के साथ उन तमाम लोगों पर सख्त कार्रवाई की जाए जिन्होंने लोकतंत्र का न सिर्फ मखौल उड़ाया बल्कि साजिशन लोकतंत्र की हत्या करने का अक्षम्य कुकर्म भी कर दिया। वाकई इस प्रकार से चुनाव प्रक्रिया को वाधित कर मन-मर्जी के परिणाम हासिल करने वाले कुकृत्य को लोकतंत्र की हत्या की परिधि में ही रखा जाना चाहिए और इसकी इजाजत किसी को भी नहीं दी जाना चाहिए, फिर चाहे वह किसी भी स्तर पर ही कृत्य क्यों न किया गया हो। गौरतलब है कि पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट के आदेश पर 30 जनवरी को मेयर का चुनाव कराया गया था। यह चुनाव पहले 18 जनवरी को शेड्यूल किया गया था, लेकिन प्रोसाइडिंग ऑफिसर ने किन्हीं कारणों से चुनाव स्थल में आने से मना कर दिया, जिसके बाद हाईकोर्ट ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच चुनाव संपन्न कराने के आदेश दिए। इस चुनाव प्रक्रिया की रिकॉर्डिंग के भी निर्देश अदालत ने दिए थे। मेयर के इस चुनाव को आम आदमी पार्टी और कांग्रेस ने इंडिया गठबंधन के तहत लड़ा और दोनों दलों के पास कुल 20 वोटों का समर्थन हासिल हुआ। वहीं दूसरी तरफ भारतीय जनता पार्टी के पास एक सांसद का वोट मिलाकर कुल 16 वोट हुए थे। ऐसे में पीठासीन अधिकारी ने आप-कांग्रेस गठबंधन के 8 वोटों को रद्ध कर दिया, और भाजपा को विजयी घोषित कर दिया गया। चंडीगढ़ मेयर चुनाव में धांधली किए जाने का आरोप लगाते हुए आम आदमी पार्टी ने नगर निगम कार्यालय के बाहर अनशन किया। कांग्रेस ने भी इसका समर्थन करते हुए चुनाव में धांधली होने का आरोप लगाया। बात हाईकोर्ट से सुप्रीम कोर्ट तक पहुंची है। यहां चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली बेंच ने सुनवाई के बाद पीठासीन अधिकारी को नोटिस जारी किया है। चुनाव में कथित धांधली को लेकर कॉर्पोरेट कुल्दीप कुमार ने अदालत का दरवाजा खटखटाया है। इस मामले में बतौर पक्षकार के वकील अभिषेक मनु सिंघवी कोर्ट में पेश हुए। अदालत के समक्ष जो सुबूत पेश किए गए उससे यह तो एहसास हुआ कि मामला न सिर्फ गंभीर है बल्कि लोकतंत्र की हत्या करने जैसा है, इसे यूं ही नहीं जाने दिया जा सकता है। अतः देश की सर्वोच्च अदालत ने जो कहा वह काबिले जिक्र है और इस पर गंभीरता से विचार कर ऐसा आगे से न हो इस पर ठोस कदम उठाने की आवश्यकता भी है। वैसे इस मामले की अगली सुनवाई 19 फरवरी को सुप्रीम कोर्ट करेगा, तब देखना होगा कि कौन किस तरह से अपना पक्ष रखता है और अदालत उसे किस तरह से लेती है। ऐसे मामलों में अक्सर यह देखा जाता है कि मामला अदालत में चला जाता है और वर्षों तक तारीखें मिलती रहती हैं और अदालत से न्याय की आस लगाने वाले को लगने लगता है कि उसने शायद खुद ही कोई अपराध कर दिया है। इसलिए समय-समय पर यह मांग भी उठती रही है कि ऐसे मामलों की सुनवाई न सिर्फ जल्द की जाए बल्कि फैसले भी समय रहते लिए जाएं ताकि पीड़ित पक्ष को न्याय मिल सके। अब चूंकि सुप्रीम कोर्ट ने चंडीगढ़ मेयर चुनाव मामले में पीठासीन अधिकारी को भी कड़ी फटकार लगाई है और तमाम दस्तावेज जमा करने को कहा है तो उम्मीद की जानी चाहिए कि मामला ज्यादा नहीं खिंचेगा और दोषियों को सख्त सजा मिलेगी, ताकि आगे कोई इस प्रकार का व्यवहार भी न करे।

# हिंदी साहित्य के तीनों साहित्यिक विभूतियों - महाकवि आचार्य जानकीवल्लभ शास्त्री, मथुरा प्रसाद दीक्षित और पंडित शिवदत्त मिश्र की जयंती समारोह मनायी गई

- **हिंदी साहित्य के गौरव स्तंभ थे महाकवि आचार्य जानकी वल्लभ शास्त्री : डॉ. अनिल सुलभ**

**डॉ. बिन्देश्वर प्रसाद गुप्ता -**
प्रवक्ता- बिहार हिंदी साहित्य सम्मेलन
पटना (बिहार)




गीति-साहित्य के अतुल्य कवि आचार्य जानकी वल्लभ शास्त्री बिहार के ही नहीं, हिन्दी साहित्य के विशाल आगार के गौरव-स्तम्भ हैं। हिन्दी के गीत-साहित्य की चर्चा, उनके बिना सदा अधूरी रहेगी। हिन्दी-साहित्य से ह्यगीतह्ण बेमौत मर गया होता, यदि जानकी जी और नेपाली जैसे कवियों ने इसमें प्राण न फूंके होते। वे संस्कृत और हिन्दी के मूर्द्धन्य विद्वान तो थे ही, साहित्य और संगीत के भी बड़े तपस्वी साधक थे। कवि-सम्मेलनों की वे एक शोभा थे। अपने कोकिल-कंठ से जब वे गीत को स्वर देते थे, हजारों-हजार धड़कने थम सी जाती थी। यह जानकारी महाकवि आचार्य जानकी वल्लभ शास्त्री, आचार्य मथुरा प्रसाद दीक्षित और चिंतकि कवि पं शिवदत्त मिश्र की जयंती पर आयोजित समारोह और कवि-सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए, सम्मेलन अध्यक्ष डा. अनिल सुलभ ने दी। डा. सुलभ ने कहा कि, इन तीनों विभूतियों को एक साथ स्मरण करना किसी बड़े तीर्थ की यात्रा के समान है। उन्होंने कहा कि मथुरा प्रसाद दीक्षित हिन्दी के विद्वान आचार्य, स्वतंत्रता-सेनानी, वरेण्य साहित्यकार और बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन के संस्थापकों में से एक थे। डा. सुलभ ने पं. शिवदत्त मिश्र को स्मरण करते हुए कहा कि, मिश्र जी एक संवेदनशील कवि और दार्शनिक-चिंतन रखने वाले साहित्यकार थे। ह्यकैवल्यह्ण नामक उनके ग्रंथ में, उनकी आध्यात्मिक विचार-संपन्नता और चिंतन की गहराई देखी जा सकती है। इसके पूर्व अतिथियों का स्वागत करते हुए, सम्मेलन के प्रधान मंत्री डा. शिववंश पाण्डेय ने महाकवि के साहित्यिक-कृतित्व की सविस्तार चर्चा की तथा उन्हें गीत का शिखर-पुरुष कहा। उपाध्यक्ष डॉ. मधु वर्मा ने कहा कि उनमें साहित्यिक सृजन की परिमित शक्ति थी । वे उदार व्यक्तित्व के थे । समाज में हेयदृष्टि से देखे जाने वाली उन उपेक्षित नारियों के ऊपर भी उन्होंने ह्य पाषाण ह्य काव्य संग्रह लिखा। सम्मेलन के प्रवक्ता पत्रकार डॉक्टर बिंदेश्वर प्रसाद गुप्ता ने कहा कि वे बहुत स्वाभिमानी महाकवि थे। आज जहाँ लोग पुरस्कार और सम्मान पाने के लालायित होते हैं , उन्होंने पद्मश्री को तो ठुकराया ही , साथ ही 1982 में जब पटना में महात्मा गाँधी सेतु का लोकार्पण हो रहा था, उस समय उन्हें पुरस्कार देकर सम्मानित किये जाने पर , उन्होंने यह कहते हुए अस्वीकार किया कि पुल निर्माण में उनकी कोई भूमिका नहीं रही है। यदि पुरस्कार देना ही हो तो, सड़क पुल निर्माण के मजदूरों को, अभियंताओं को दें।.. उनके साथ मुझे भी कवि सम्मेलन में काव्य पाठ करने का अवसर प्राप्त हुआ है। सम्मेलन के उपाध्यक्ष डा. शंकर प्रसाद, डा. कल्याणी कुसुम सिंह, विशिष्ट अतिथि प्रो. जंग बहादुर पाण्डेय, प्रो. सुशील कुमार झा, राजेश भट्ट ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर आयोजित कवि-सम्मेलन का आरंभ स्वर्गीय शिवदत्त जी की पत्नी और कवयित्री चंदा मिश्र की वाणी-वंदना से हुआ। वरिष्ठ कवयित्री डा .मीना कुमारी परिहार, डा. शालिनी पाण्डेय, कुमार अनुपम, जय प्रकाश पुजारी, प्रो. सुनील कुमार उपाध्याय, सदानन्द प्रसाद, मधुरानी लाल, नेहाल कुमार सिंह, डा. बिन्देश्वर प्रसाद गुप्ता ने भी शीर्षक- पल दो पल साथ बैठी रहो... तथा ब्रह्मानंद पांडे ने शीर्षक श्री राम दरबार गीत काव्य का पाठ किया। मंच का संचालन ब्रह्मानन्द पाण्डेय ने तथा धन्यवाद-ज्ञापन प्रबंध मंत्री कृष्ण रंजन सिंह ने किया। सम्मेलन के संरक्षक सदस्य ई अवध बिहारी सिंह, डा विजय कुमार, सत्य प्रकाश, नन्दन कुमार मीत, अमन वर्मा, राहूल कुमार, मयंक कुमार मानस, उषा सिंह आदि प्रबुद्धजन आयोजन में उपस्थित थे। कहना न होगा कि तीनों साहित्यिक विभूतियों का जयंती समारोह आयोजित कर बिहार हिंदी साहित्य सम्मेलन ने न सिर्फ उन्हें स्मरण ही किया है बल्कि नई पीढ़ी को इन साहित्यिक विभूतियों से परिचित कराकर एक अतुल्य व अमूल्य कार्य का निर्वहन भी किया है ।

# जयशंकर प्रसाद 'एक विमर्श' शीर्षक विषय पर जयप्रकाश विश्वविद्यालय में आयोजित हुई संगोष्ठी

प्रात : किरण संवाददाता





छपरा कार्यालय। मंगलवार को जयप्रकाश विश्विद्यालय के हिंदी विभाग में 'जयशंकर प्रसाद- एक विमर्श' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता विभागाध्यक्ष प्रोफेसर अनीता ने की।

स्नातकोत्तर हिंदी विभाग में आयोजित जयशंकर प्रसाद के व्यक्तित्व एवं कृतित्त्व पर पूर्व विभागाध्यक्ष प्रोफेसर अजय कुमार ने शोधार्थियों को जयशंकर प्रसाद के अध्ययन कर्म में उनके ऊपर शोध के विविध आयामों को चिंतन करने के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डाला । प्रो. चंदन श्रीवास्तव ने कहां कि जयशंकर प्रसाद के अध्ययन में आप उनके विषयों में नई दृष्टिकोण पर आप शोध कर सकते हैं ।

वहीं प्रो. सिद्धार्थ शंकर ने कहा कि आप सभी को जयशंकर प्रसाद के काव्य कामायनी लहर आंसू इत्यादि को पढ़ाते हुए उन पर शोध के विषय को विचार करते रहना चाहिए दिया!

मुख्य अतिथि संस्कृत विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर बैद्यनाथ मिश्र इस संगोष्ठी को संबोधित किया और कामायनी पर जयशंकर प्रसाद के बारे में उनके महत्वपूर्ण विचारों से सिंचित किया! इसमे समीक्षा प्रस्तुति एवं काव्य पाठ हिंदी विषय के पैट-22 के शोधर्थियों रितु प्रिया, नेहा कुमारी, नीलू कुमारी, रानी कुमारी, सिंधु कुमारी, लता प्रासर, अल्का सिंह, प्रीति सागर, हिमांशी कुमारी, अंजलि कुमारी दीपक कुमार, वीरेंद्र कुमार, मंजीत कुमार, नौशाद हुसैन, धीरेंद्र जी, चंद्रप्रकाश जी, रंजीत राम आदि एवं विभागीय सहायक डॉ. विद्या भूषण श्रीवास्तव मौजूद रहे! कार्यक्रम आयोजन का नेतृत्व शोधार्थी शशि शेखर एवं इंद्रेश ने किया! मंच संचालन दिवेश कुमार मिश्र संभाल रहे थे, धन्यवाद ज्ञापन लता प्राशर ने किया।प्रारम्भ में मुख्य अतिथि ,विभागाध्यक्ष एवं विभागीय शिक्षकों ने दीप प्रज्वलित कर संगोष्ठी का शुभारम्भ किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### सुंदर कांड पाठ का हुआ आयोजन, उमड़ी भक्तो की भीड़



मशरक। मशरक नगर पंचायत अंतर्गत बड़हिया टोला मे मंगलवार को श्रीराम भक्तो द्वारा सुंदर कांड पाठ का आयोजन किया गया। जिसमे काफी संख्या मे श्रद्धालु भक्तजन शामिल हुए।कार्यक्रम की शुरूआत श्रीराम जी की विधिवत पूजा अर्चना के साथ किया गया। आचार्य अमर बाबा के मंत्रोच्चारण के साथ यजमान के रूप में हर्षवर्धन सिंह, देवाशीष सिंह, अंकित आनंद, सुधांशु प्रताप, रवि कुमार और पुनपुन सिंह शामिल हुए। जबकि सुंदर कांड के पाठ मे दर्जनों श्रद्धालु शामिल हुए। इस अवसर पर आयोजित भजन कीर्तन मे नन्हे कलाकार श्याम जी की भक्तिमय भजन ने सबका मन मोह लिया।नन्हे कलाकार की गायन और वादन की काफी सराहना की गयी। मौके पर समाजसेवी रामपूजन सिंह, नरेंद्र सिंह, गोविंद सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### टोटो पलटने से चौकीदार हुआ घायल

गरखा (सारण) गरखा मानपुर मुख्य मार्ग स्थित खोरीपाकर गाँव के समीप टोटो पलटने से बैंक ड्यूटी पर जा रहे चौकीदार घायल हो गया चौकीदार जलालबसंत गाँव के विरेंद्र माँझी है बताया जाता है की घायल चौकीदार विरेंद्र माँझी अपने घर से कदना इण्डियन बैंक पर ड्युटी करने के लिए टोटो पर सवार हो जा रहा था तभी खोरीपाकर गाँव के समीप टोटो पलट गया जिससे उस पर सवार चौकीदार घायल हो गया आस पास के लोगो द्वारा उसे इलाज के लिए गरखा पीएचसी मे भेजा गया जहा इलाज किया गया है।

### पुलिस ने दो शराबी को किया गिरफ्तार

परसा।स्थानीय थाना क्षेत्र के परसा हाई स्कूल चौक पर शराब पीकर हंगामा कर दो शराबीयो को पुलिस ने किया गिरफ्तार। दोनों शराबियो पर सन्हा दर्ज करते हुए पुलिस ने मंगलवार को जेल भेज दिया।गिरफ्तार शराबियों में डेरनी थाना क्षेत्र के नवादा गांव निवासी रविंद्र कुमार तथा परसा थाना क्षेत्र के चांदपुरा निवासी अभिषेक कुमार बताया जाता है।

### दहेज में एक लाख रुपए नही देने पर विवाहिता की पीट -पीट कर हत्या

तरैया। थाना क्षेत्र ने गवंद्री गांव में दहेज ने एक लाख रुपए नही देने पर पति ने नवविवाहिता को प्रताड़ित करते हुए पीट पीट कर हत्या कर दिया है।मृतिका रूपेश कुमार गिरी की पत्नी गुड़िया कुमारी है।इस संबंध में मृतिका के पिता दरियापुर थाना के पियरा मठ गांव के धुरंधर गिरी के कोर्ट परिवाद के आलोक में तरैया थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है।दर्ज प्राथमिकी में पति रूपेश कुमार गिरी,ससुर गणेश गिरी व देवर गुड्डू गिरी को आरोपित किया गया है।पीड़ित का कहना है की वह अपनी पुत्री गुड़िया कुमारी का शादी हिन्दू रीति रिवाज से 31 मई 2017 को गवंद्री गांव के गणेश गिरी के पुत्र रूपेश गिरी से किया था।शादी के बाद से पति, ससुर व देवर दहेज में एक लाख रुपए के लिए प्रताड़ित कर रहे थे।रुपए नही देने पर पिट पीट कर घायल कर दिया।जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गई।साक्ष्य छिपाने के लिए शव को जला दिए।पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

### जमीनी विवाद को लेकर हुई मारपीट, चार लोगों पर प्राथमिकी दर्ज

तरैया। थाना क्षेत्र के फरीदपूरा गांव में जमीनी विवाद को लेकर हुई मारपीट में नन्हक राय ने चार लोगो पर प्राथमिकी दर्ज कराई है।जिसमे दिनेश सिंह,प्रिंस कुमार,बिट्टू कुमार व उषा देवी को आरोपित किया है।दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि जमीनी विवाद को लेकर पंचायत हो रहा था।उसी क्रम में उक्त लोग लाठी डंडा से मारपीट करने लगे।दिनेश सिंह लाठी से जान मरने के नियत से मेरे कपार पर मारकर फार दिए।मुझे बचाने के लिए मेरी पत्नी आई तो उषा देवी ने उसका मंगलसूत्र नोच लिया।पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

### प्राचीन बदलु बाबा के स्थान पर 24 घंटे का अखंड अष्टयाम का हुआ आयोजन

एकमा। हरे राम हरे कृष्ण कि नाम जाप के साथ एकमा नगर पंचायत के भरहोपुर गांव स्थित बदलु बाबा के प्राचीन स्थान पर हर साल कि भांति इस साल भी 24 घंटा का अखंड अष्टयाम का आयोजन हुआ । जहां गायण मंडली द्वारा हरे राम हरे कृष्णा नाम के जाप से भक्ति मय हुआ माहौल जहां वेदाचार्य राजकुमार मिश्रा विपिन मिश्रा रंजीत दुबे के अलावे अन्य सहयोगियों द्वारा पूजा पाठ हवन रामायण पाठ की जाप किया जा रहा है। इस संबंध में पूर्व मुखिया रामाश्रय दुबे के भतीजा संजय दुबे ने बताया कि यह स्थान आदिकाल से स्थापित है यहां पर जो भी भक्त श्रद्धा से अपनी मानते मांगते हैं उन्हें बदलु बाबा पूर्ण करते हैं ।

# प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में बिहार और देश की महिलाएं सशक्त हुई है : ज्योतिराज गुप्ता

प्रात : किरण संवाददाता



रक्सौल। भाजपा महिला मोर्चा द्वारा राज मंदिर केसरिया भवन कार्यालय में जिला कार्य समिति सहः शक्ति वंदन एवं स्वंय सहायता समूह के साथ एनजीओ के कार्यशाला का आयोजन किया गया। भाजपा महिला मोर्चा के इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष ज्योतिराज गुप्ता ने कहा की भारत के परम पुरुषार्थवान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एक एक महिलाओं के विकास के लिए दर्जनों मजबूत योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास, उज्जवला योजना, हर घर नल, राशन, आयुष्मान जैसी महत्वपूर्ण योजनाएं घरेलू और ग्रामीण महिलाओं को बहुत ज्यादा बल दिया है। इसके अलावा प्रधानमंत्री मोदी जी ने दो से तीन करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का संकल्प लिया कि स्वरोजगार के लिए महिलाओं को मुद्रा योजना से तीस करोड़ से अधिक राशि दिए गए हैं। खेती से जुड़े हुए हमारी माता बहनों को ड्रोन दीदी बनाकर उन्हें जीवन में विकास का नया आयाम दिया जा रहा है। आज प्रधानमंत्री द्वारा देश की सुरक्षा को मजबूती प्रदान करने के लिए रक्षा बजट पर 6.2 लाख करोड़ रुपए खर्च करने का लक्ष्य रखा गया है। साथ ही इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के लिए 11.11 लाख करोड़ का भारी भरकम बजट तय किया गया है। हमारी छात्राओं के लिए छात्रवृत्ति, छात्रावास, आवासीय विद्यालय, शिक्षा प्रोत्साहन राशि,स्वंय सहायता समूह की महिलाओं के लिए बहुत सारी योजनाएं चलाई जा रही है। आज यही कारण है कि अब भारत महिला शक्ति तेजी से विकास कर रही है। सबसे बड़ा उपहार तो हम महिलाओं को प्रधानमंत्री मोदी जी ने यह दिया कि लोकसभा राज्यसभा जैसे उच्च सदनों के लिए 33 प्रतिशत महिला आरक्षण का सीट तय कर दिया गया।

# बेहतर चिकित्सीय सेवा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

- फाइलेरिया, कालाजार, डेंगू, नियमित टीकाकरण और टीबी रोग से संबंधित दी गई जानकारी
- आईडीए अभियान के तहत तीन प्रकार की दवाओं का सेवन करना होगा: एमओआईसी

छपरा कार्यालय। जिले के मकेर प्रखंड अंतर्गत के फुलवरिया गांव स्थित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर (एचडब्ल्यूसी) के परिसर में पोषक क्षेत्रों के निवासियों को बेहतर चिकित्सीय सेवा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नियमित टीकाकरण, फाइलेरिया, कालाजार, डेंगू और मलेरिया बीमारी से संबंधित बचाव और सुरक्षित रहने के प्रखंड के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों सहित एएनएम और आशा कार्यकताओं का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डब्ल्यूएचओ के प्रखंड समन्वयक मंटू सिंह, वीबीडीएस मारुति करुणाकर और पीरामल स्वास्थ्य के बीसी सतीश कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से सभी को प्रशिक्षित किया गया। इस अवसर पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ गोपाल कृष्ण, प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक रत्नेश कुमार पाण्डेय के अलावा स्थानीय प्रखंड के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, एएनएम और आशा कार्यकर्ता सहित कई अन्य कर्मी उपस्थित थे। प्रशिक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ गोपाल कृष्ण ने कहा कि जिले में आगामी 10 फरवरी से सर्वजन दवा सेवन (आईडीए) कार्यक्रम के तहत खिलाई जाने वाली तीन प्रकार की दवाओं को खाने के लिए लोगो को प्रेरित करना है। साथ ही स्वास्थ्य कार्यकर्ता या आशा कार्यकताओं के द्वारा गृह भरण कर अपने सामने ही 2 वर्ष से अधिक लोगों को दवा खिलाना है। लेकिन खाली पेट कभी भी किसी को दवा नही खिलाना होगा। लेकिन गर्भवती महिला या किसी अन्य गंभीर रूप से ग्रसित रोगियों को किसी भी हालत में दवा का सेवन नही होगा।

# सेवानिवृत शिक्षक संघ का एक शिष्टमंडल विश्वविद्यालय के नए कुलपति से मिला

प्रात : किरण संवाददाता



छपरा कार्यालय। जयप्रकाश विश्वविद्यालय सेवानिवृत शिक्षक संघ का एक शिष्टमंडल विश्वविद्यालय के नए कुलपति प्रो. प्रमेन्द्र कुमार बाजपेई से सोमवार को मिलकर उनके यहां पदभार ग्रहण करने पर बधाई दी तथा फूलों का गुलदस्ता एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया।

इस बात की जानकारी देते हुए संघ के अध्यक्ष प्रो. मृदुल कुमार शरण ने कहा कि कुलपति ने भविष्य में माह के प्रथम सप्ताह में पेंशन देने का आश्वासन दिया तथा शिक्षकों की अन्य समस्याओं के निदान हेतु शीघ्र ही आवश्यक कदम उठाने का वचन दिया। शिष्टमंगल में अध्यक्ष प्रोफेसर शरण के अतिरिक्त महासचिव प्रोफेसर कामेश्वर प्रसाद सिंह; कोषाध्यक्ष प्रोफेसर कामेश्वर सिंह; तथा कार्यालय सचिव प्रोफेसर ज्ञान देव तिवारी, एवं प्रो. एच. के. वर्मा तथा प्रो.चंद्रिका प्रसाद यादव शामिल थे। यह जानकारी संघ के अध्यक्ष प्रो. शरण ने दी।

# शहीद विशुनी राय की प्रतिमा का अनावरण 8 फरवरी को

मकेर। सारण जिले के मकेर ब्लॉक के बथुई गांव निवासी कारगिल युद्ध के अमर शहीद विशुनी राय के प्रतिमा का अनुमान उनके पैतृक के गांव बथुई में 8 फरवरी को संत श्रीधर दास जी महाराज के कर कमलों द्वारा की जाएगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्राचार्य अम्बिका राय करेंगे।मौके पर जिला पार्षद के अध्यक्ष संघमित्रा राय, समाजसेवी सह राजद नेत्री बिंदु राय, सिपाही लाल महतो, पूर्व विधायक रघुनंदन माझी , डॉ सियाराम शर्मा , इंजिनियर उपेन्द्र राय, डॉ नागेश्वर राय श्रीराम दयाल शर्मा तथा प्रखंड के सभी मुखिया सरपंच एवं जनप्रतिनिधियों सहित क्षेत्र के गण्यमन लोग मौके पर उपस्थित रहेंगे। बता दें कि वर्ष 1999 में भारत और पाकिस्तान के बीच हुए कारगिल युद्ध के दौरान बथुई गांव निवासी विशुनी राय शहीद हो गए थे।

# रुड़ी द्वारा प्रस्तावित वृहद सिंचाई परियोजना का मिलेगा लाभ

प्रात : किरण संवाददाता

**सारण कमिश्नरी के लिए प्रस्तावित वृहद सिंचाई योजना का उठाया मुद्दा**

- रुडी द्वारा प्रस्तावित वृहद सिंचाई परियोजना का प्रमंडल की पौने दो करोड़ आबादी को लाभ।
- 7000 करोड़ की यह योजना, वेप्कॉस ने बनाया, बिहार सरकार ने भारत सरकार को भेजा।
- रुडी ने कहा, कमिश्नरी की आबादी से छोटे है बिहार के आठ राज्य।
- परियोजना से सारण, सीवान और गोपालगंज के किसानों की उन्नति होगी ।
- लाखों हेक्टेयर में सिचाई की व्यवस्था सुनिश्चित होगी।
- नहरों के विकास से जल जमाव और बाढ़ की समस्या को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी।
- प्रमंडल की 7 नदियों की सफाई भी होगी।
- गंडक, गंगा और सोन नदियों से होगा बाढ़ नियंत्रण।
- ड्रिप सिंचाई की होगी व्यवस्था
- नेपाल से उत्तर प्रदेश होते हुए बिहार का हिस्सा लगभग 7000 क्यूसेक पानी नहीं मिलता।

छपरा कार्यालय। सारण प्रमंडल की पौने दो करोड़ की आबादी को रुडी द्वारा प्रस्तावित वृहद सिंचाई परियोजना का लाभ मिलेगा। इससे न केवल लाखों हेक्टेयर में सिचाई की व्यवस्था सुनिश्चित होगी बल्कि अन्य कार्यों के लिए निर्बाध जलापूर्ति हो सकेगी। साथ ही नहरों के विकास से जल जमाव और बाढ़ की समस्या से नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। क्षेत्रीय विकास व जनहित के विविध मुद्दों को समय-समय पर संसद में उठाने वाले सारण लोकसभा क्षेत्र के सांसद सह भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता श्री राजीव प्रताप रुडी ने इस बाबत मंगलवार को लोकसभा में प्रश्न पुछा। उन्होंने सारण प्रमंडल में बाढ़ नियंत्रण और सिंचाई की वृहद परियोजना से संबंधित पूरक प्रश्न किया।

श्री रुडी ने सदन के माध्यम से कहा कि 14 करोड़ की आबादी वाले बिहार के सारण कमिश्नरी की जनसंख्या 1 करोड़ 75 लाख है और शायद देश के लगभग 8 राज्यों की आबादी इससे कम है। सारण में सिंचाई के लिए नेपाल से उत्तर प्रदेश होते हुए पानी आता है। बिहार को लगभग 7000 क्यूसेक पानी मिलना चाहिए जो नहीं मिलता है। प्रमंडल के किसानों को फसलों की सिंचाई के लिए भारत सरकार के उपक्रम वेप्कॉस से एक प्रस्ताव बनवाकर बिहार सरकार द्वारा भारत सरकार को भेजा गया है, जो लंबित है। सांसद ने सरकार से उसे स्वीकृति प्रदान करने की मांग की जिसके बाद कृषि मंत्री श्री कैलाश चौधरी ने श्री रुडी को आश्वस्त करते हुए सदन के माध्यम से कहा कि उसकी पूरी जानकारी प्राप्त करके आपको अवगत कराउंगा।

इसके पूर्व सांसद रुडी ने सदन में कहा कि किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए 7000 करोड़ की यह योजना बनाई गई है। उन्होंने बताया कि सारण जिला चार नदियों से घिरा हुआ है जिसके कारण बाढ़ प्रभावित जिला की श्रेणी में है। इस परियोजना के माध्यम से न केवल सिंचाई की व्यवस्था हो सकेगी बल्कि बेहतर ढंग से बाढ़ प्रबंधन भी किया जा सकेगा। केंद्रीय जल आयोग के माध्यम से केंद्र सरकार के पास भेजी गई इस परियोजना से सारण प्रमंडल के तीनों जिला सारण, सीवान और गोपालगंज के किसानों की उन्नति होगी और अन्नदाता खुशहाल होंगे। कृषि मंत्री परियोजना की प्रगति का पूरा विवरण शीघ्र उपलब्ध कराने का आश्वासन सांसद रुडी को दिया।

# भारत बनेगा विश्व गुरु :कुलपति

प्रात : किरण संवाददाता



छपरा कार्यालय।मंगलवार को राष्ट्रीय सेवा योजना जयप्रकाश विश्वविद्यालय के पूर्व एनएसएस स्वंयसेवक एवं वर्तमान एनएसएस स्वंमसेवकों के द्वारा छपरा शहर के नगरपालिका चौक पर विकसित भारत श्रेष्ठ भारत विषय पर नारा लेखन प्रतियोगिता सह झांकी प्रदर्शनी का आयोजन किया गया प्रतियोगिता का उद्घाटन जयप्रकाश विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति श्री परमेंद्र कुमार बाजपेई ने नारा लिखकर किया इस अवसर पर उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में भारत को विकसित एवं श्रेष्ठ बनाने की युवाओं के कंधे पर है यदि युवा अनुशासित होकर विनम्र बनकर देश को आगे बढ़ने का प्रयास करें तो भारत को श्रेष्ठ एवं विकसित बनने से कोई नहीं रोक सकता है उन्होंने युवाओं से अपील की की ऐसे जागरूकता कार्यक्रमों को ग्रामीण क्षेत्रों में भी संचालित किया जाए ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग जागरुक हो सके।

कार्यक्रम में एनएसएस स्वयंसेवकों के द्वारा एक झांकी भी दिखाई गई जिसमें भारत माता के रूप में बिना कुमारी हाथों में झंडा लिए लोगों से भारत को विकसित बनाने की अपील कर रही थी उसके साथ ही साथ अन्य स्वयंसेवक हाथों में तख्ती लिए हुए विभिन्न नारों जैसे ईमानदार बने विकसित भारत के लिए प्रयास करें विनम्र बने आदि के माध्यम से लोगों को जागरुक कर रहे थे। नारा लेखन प्रतियोगिता में मुख्य निर्णायक की भूमिका प्रोफेसर रेखा कुमारी एवं डॉ राजू प्रसाद ने उपस्थित होकर सर्वश्रेष्ठ तारों को चयनित किया जिसमें प्रथम स्थान जगदम कॉलेज के गौरव गोस्वामी को द्वितीय स्थान श्वेता कुमारी एवं तृतीय स्थान पर चांदनी कुमारी को प्राप्त हुआ गौरव गोस्वामी ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव एवं लैंग्रेजियन तक पहुंच गए हैं आगे भी जाएंगे भारत को विश्व गुरु बनाएंगे नारा लिखा वही श्वेता कुमारी ने कुछ बदला है देश हमारा कुछ बदलाव जारी है विकसित हुए हैं लोग कई अब हमारी बारी है नारा लिखा कार्यक्रम में जयप्रकाश विश्वविद्यालय के पूर्व एनएसएस समन्वयक डॉ. विद्या वाचस्पति त्रिपाठी ,वर्तमान एनएसएस समन्वयक प्रोफेसर हरिश्चंद्र छपरा शहर में स्थित विश्वविद्यालय पीजी यूनिट जगदम महाविद्यालय जयप्रकाश महिला महाविद्यालय गंगा सिंह महाविद्यालय राम जयपाल महाविद्यालय पृथ्वी चंद महाविद्यालय के एनएसएस स्वयंसेवक एवं कार्यक्रम अधिकारी के साथ-साथ जगदम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ कृष्ण कुमार बैठा एवं अन्य शिक्षक तथा पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

# बीडीओ ने की समीक्षात्मक बैठक



प्रात : किरण संवाददाता

पानापुर(सारण) आसन्न लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बीडीओ राकेश रौशन ने मंगलवार को विभिन्न राजनीतिक दलों के अध्यक्षों एवं बीएलओ के साथ एक बैठक की।बीडीओ ने बताया कि मतदाता सूची में सुधार के लिए विगत दिनों विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम चलाया गया था।इस कार्यक्रम के तहत मतदाता सूची में नये मतदाताओं का नाम जोड़ने ,मृत मतदाताओं का नाम विलोपित करने एवं व्याप्त विसंगतियों को दूर करने का कार्य किया गया।संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के बाद 22 जनवरी को मतदाता सूची का प्रकाशन हुआ है ।उन्होंने बीएलओ को निर्देश दिया कि अगर भूलवश किसी का नाम मतदाता सूची से विलोपित हो गया है तो उनका नाम एक बार फिर जोड़ ले।साथ ही विगत दिनों में किसी की शादी हुई है तो 15 फरवरी तक नयी नवेली दुल्हन का नाम जोड़ने का प्रयास करें ।उन्होंने राजनीतिक दल के अध्यक्षों से आग्रह किया कि वे मतदाता सूची का अवलोकन कर इस कार्य मे बीएलओ की मदद करें ।बैठक में भाजपा के प्रखंड अध्यक्ष उमेश कुमार कुशवाहा, रालोजद के जयराम कुमार कुशवाहा ,रंजीत पटेल ,बिट्टू कुमार आदि उपस्थित थे।

# मो सुल्तान हुसैन इदरीसी देश रत्न अवार्ड से सम्मानित

प्रात : किरण संवाददाता




छपरा कार्यालय। बिहार के छपरा जिला निवासी न्याय फाइटिंग फॉर द पीपुल के संस्थापक महासचिव सह इंडियन ह्यूमन राइट ऑर्गनाइजेशन बिहार के महासचिव को दिल्ली में देश रत्न अवार्ड 2024 से सम्मानित किया गया है. 5.2.2024 को दिल्ली में आयोजित इस कार्यकम के मुख्य अतिथि उत्तरप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री सह वर्तमान सांसद श्री जगदंबिका पाल उत्तरप्रदेश के पूर्व एजुकेशन मंत्री श्री सतीश द्रिवेदी अयोध्या के राम के हीरो सह दादा साहब फाल्के फिल्म विनर राहुल आर भूचर थें ।

सम्मान समारोह में मो सुल्तान हुसैन इदरीसी को समाज सेवा के क्षेत्र में निडर और मुखर होकर काम करने के लिए विशेष तौर पे देश रत्न अवार्ड 2024 से सम्मानित किया गया मोमेंटो सर्टिफिकेट मेडल और प्रस्ति पत्र देकर सम्मान देने के बाद आगत अतिथियों द्वारा हौशला अफजाई की गई अवार्ड समारोह में देश भर से चुनिंदा व्यक्तियों को विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने के लिए अवार्ड दिया गया है जिसमे सामाजिक कार्य के लिए श्री सुल्तान इदरीसी का चयन किया गया कार्यक्रम में मो सुल्तान हुसैन इदरीसी के कार्यो की चर्चा की गई और इनके कार्यो को आज की जरूरत बता कर सभी को इससे सिख लेने के लिए प्रेरित किया गया और इनके संघर्ष की चर्चा करते हुवे अतिथियों द्वारा इनके ऊपर प्रसासान द्वारा सी०सी०ए लगाए जाने की निंदा की और उसे हटाए जाने की मांग की.... अवार्ड पाकर सुल्तान इदरीसी ने अपने माता पिता भाइयों और पार्षद पत्नी को सम्मान समर्पित करते हुवे सभी साथियों के प्रति आभार वयक्त किया जिनके सहयोग से वो इस मकाम तक आएं .. श्री इदरीसी ने बताया कि समाज सेवा के क्षेत्र में विगत 22 सालों से जो कार्य किया गया वो क्रांति और आंदोलन के रूप में मिशाल है जहां भी आम जनता को घूसखोरी या प्रशासन द्वारा प्रतारित करने की सूचना मिली वहां पहुंच कर इंसाफ की आवाज उठाने का कार्य किए और सरकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने के लिए कई आन्दोलन सिस्टम और करप्शन के खिलाफ करते आए है।

जिसके वजह से असमाजिक तत्वों के साथ साथ भ्रष्ट सिस्टम के निशाने पे हमेशा रहे है और इनकी आवाज बंद करने के लिए जान लेवा हमला करने के साथ साथ गलत तरीके से सीङ्गसीङ्गए जैसा एक्ट लगा कर कई बार थाना बदर तक किया गया . ।..श्री इदरीसी ने कहा कि मजलूमों की आवाज हमेशा बिना किसी की चापलूशी किए बिना डरे उठाते रहा जाएगा और समाज में फैले हुवे समाजिक तत्वों से लड़ाई लड़ते रहेंगे चाहे इसके लिए कोई भी कुबार्नी देनी पड़े खुशी खुशी देते रहेंगे।

श्री इदरीसी को अवार्ड मिलने पे उत्तरप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री सह वर्तमान सांसद जगदंबिका पाल समेत उत्तरप्रदेश के पूर्व एजुकेशन मंत्री श्री सतीश द्रिवेदी दूरदर्शन और राज्यसभा टीवी की पूर्व एडिटर और पोल्टिकल एडिटर जागरण टीवी की स्मृति रस्तोगी.सांसद टीवी की एंकर प्रीति सिंह.भारत न्यूज के एडिटर चीफ और इ टअ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहित नारायण राष्ट्रीय स्कूल ऑफ ड्रामा के शंहनशा आलम पूर्व मेयर प्रत्याशी मिंटू सिंह. पार्षद नाजिया सुल्ताना .. पूर्व महापौर अमृतांजली सोनी परवेज खान गुड्डू खान जाकिर हुसैन राजेंद्र राय अवधेस राय आलोक राय एखलाख इदरीसी दस्तगीर अहमद अजीत कुमार कामरान अंसारी नौशाद अंसारी हेलाल फिरदोशी जिलानी मोबिन समेत कई पार्षद और समाजसेवियों ने बढ़ाई दी है।

# लोकसभा चुनाव: डिस्ट्रिक्ट इंटेलिजंस कमेटी की बैठक आयोजित

## डीएम ने इंफोर्समेंट एजेंसियों को व्यापक अभियान चलाने का दिया निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता



छपरा। आसन्न लोकसभा आम निर्वाचन के मद्देनजर इंफोर्समेंट एजेंसियां व्यापक अभियान शुरू करें. उक्त निदेश जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी अमन समीर ने मंगलवार को डिस्ट्रिक्ट इंटेलिजंस कमेटी की बैठक में दीं. उन्होंने कहा कि कमेटी में शामिल पुलिस, परिवहन, आबकारी, राज्य कर, आयकर आदि विभाग आपसी समन्वय स्थापित कर संयुक्त अभियान चलाएं।

उन्होंने कहा कि चुनाव व्यय पर नियंत्रण रखना इस कमेटी का मुख्य लक्ष्य है. इसके तहत इलाके में शराब, मादक पदार्थ, जाली करेंसी, अनाधिकृत राशि, बहुमूल्य धातु, अवैध हथियार, कारतूस, संदिग्ध बैंक ट्रांजैक्शन, विदेशी मुद्रा आदि के परिचालन पर रोक लगाने की कार्रवाई की जानी है. इसके लिए जिले के 40 स्थानों पर उन्होंने चेक पॉइन्ट बनाने का आदेश देते हुए चौबीस गुणे सात के आधार पर निगरानी, जांच और सख्त कार्रवाई करने की हिदायत दी. डीएम ने विगत दो चुनावों में की गयी कार्रवाइयों का तुलनात्मक अध्ययन कर संदिग्धों को चिन्हित करने और कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा. उन्होंने अवैध बालू खनन और परिवहन, फरारी अभियुक्तों की गिरफ्तारी और गैर पंजीकृत वाहनों के परिचालन को भी कार्रवाई के दायरे में लाने का आदेश दिया. बैठक में पुलिस अधीक्षक डॉ गौरव मंगला ने कहा कि रिविलगंज और मांझी प्रखंड के अंतरराज्यीय सीमा पर विशेष चौकसी बरतने का आदेश दिया गया है. उन्होंने कहा कि मांझी के सीमांत क्षेत्र में नदी का भी इलाका है. वहां लगातार और नियमित रिवर पेट्रोलिंग को सुनिश्चित करने की व्यवस्था की गयी है. उन्होंने कहा कि स्वच्छ, निष्पक्ष, भय और प्रलोभन रहित चुनाव कराना प्रशासन का लक्ष्य है. नियम, कानून और प्रावधानों का उल्लंघन करने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा. मौके पर डीटीओ शंकर शरण ओमी, उत्पाद अधीक्षक, राज्य कर आयुक्त, राज्य कर उपायुक्त, अग्रणी बैंक प्रबंधक, आयकर अधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी जावेद एकबाल आदि उपस्थित थे।

# स्वतंत्रता सेनानी बाबू फिरंगी सिंह की मनाई गई 141वीं जयंती समारोह

गड़खा। महान स्वतंत्रता सेनानी गड़खा निवासी बाबू फिरंगी सिंह की 141वीं जयंती समारोह मिजार्पुर स्थित उनके स्मारक पर हर्षो उल्लास के साथ पूर्व विधायक ज्ञानचंद मांझी की अध्यक्षता में मनाई गई। उपस्थित लोगों ने फिरंगी बाबू के स्मारक पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि करके उनके प्रति भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया।जदयू के वरिष्ठ नेता बैद्यनाथ प्रसाद सिंह विकल ने कहा कि फिरंगी बाबू गरखा एवं सारण क्षेत्र के अग्रनी स्वतंत्रता सेनानियों में उनका स्थान हैं। उनके जयंती पर पहले कई शैक्षणिक प्रतियोगिता खेल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ करते थे। जिसके माध्यम से छात्र एवं छात्राओं का शिक्षा के प्रति जागरूक किया जाता था। जिसे आज पुनः उसी रूप में मनाने की आवश्यकता है। पूर्व विधायक ज्ञानचंद मांझी ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि देशभक्ति एवं सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की ज्योति जलाकर फिरंगी बाबू के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की जा सकती हैं। अवकाश प्राप्त शिक्षक कृष्ण सिंह ने फिरंगी बाबू के पूरे जीवन वृत्त एवं उनके द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, कुरीतिओं के खिलाफ उनके किए हुए कार्यो का विस्तार से वर्णन किया तथा आगत अतिथियों का स्वागत किया साहित्यकार एवं शोद्धकर्ता प्रोफेसर पृथ्वीराज सिंह ने राहुल सांकृत्यायन द्वारा लिखित पुस्तक मेरे सहयोग के साथी के माध्यम से फिरंगी बाबू के जीवन चरित्र को एवं उनके समय के जयप्रकाश बाबू आदि नेताओं के साथ उनसे मिलकर कार्यो का विशद वर्णन किया तथा कई बार जेल गए। फिरंगी बाबू 1937 में जिला बोर्ड के अध्यक्ष रहे। जिला पार्षद अजय माझी ने उनके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कार्यक्रम में अपने सहयोग करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में धनबाद ज्ञापन उनके पौत्र डॉक्टर सत्य प्रकाश सिंह ने किया। अतिथियों का अंग वस्त्रम से स्वागत है उनके पौत्र डॉ जयप्रकाश सिंह ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से शामिल होने वालों में शिक्षक अंबुज कु झा रामानुज सिंह वीरेंद्र सिंह व राजेश सिंह मुखिया मनोज कुमार सिंह प्रोफेसर मृत्युंजय हिमांशु अजय शर्मा समाज सेवी इंदर राय भारतीय जनता पार्टी के पूर्व महामंत्री श्रीनिवास सिंह जदयू नेता ओम प्रकाश शर्मा स्काउट मास्टर जयप्रकाश कुमार सुभाष राम विजय सिंह पूर्व जिला पार्षद शशि शेखर जी अपने विचार व्यक्त किया चौथा वर्ग का एक विद्यार्थी ईशान वैभव ने राष्ट्रभक्ति से पूर्ण एक कविता पाठ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व विधायक ज्ञानचंद मांझी ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉक्टर सत्य प्रकाश सिंह ने किया हुआ।

# रोहतास में अवैध बालू खनन एवं परिवहन के खिलाफ पुलिस प्रशासन और खनन विभाग ने की संयुक्त छापेमारी

## खनन विभाग और पुलिस प्रशासन की संयुक्त कार्रवाई में बालू लदे 06 हाईवा को किया गया जब्त

प्रात : किरण संवाददाता

सासाराम। रोहतास जिले के डेहरी–नासरीगंज मुख्य मार्ग पर आयरकोठा थाने के समीप पुलिस– प्रशासन और खनन विभाग के द्वारा संयुक्त रूप से छापेमारी की गई। संयुक्त कार्रवाई के दौरान पुलिस– प्रशासन और खनन विभाग की टीम ने बालू लदे 06 हाईवा को जप्त कर लिया है। डेहरी अनुमंडल पदाधिकारी सूर्य प्रताप सिंह ने बताया कि कुछ दिनों से अवैध बालू के खनन एवं परिवहन को लेकर शिकायतें मिल रही थी। जिसको लेकर डेहरी अनुमंडल प्रशासन–पुलिस एवं खनन विभाग की टीम के द्वारा संयुक्त रूप से कार्रवाई की गई है। कार्रवाई के दौरान खनन एवं परिवहन नियमों का उल्लंघन कर उनके मानकों के अनुरूप नहीं पाए जाने वाले बालू लदे 06 हाईवा को जप्त कर लिया गया है। जप्त किए गए सभी गाड़ियों के खिलाफ संबंधित पदाधिकारी को कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। इसके



साथ ही जिस क्षेत्र में अवैध बालू खनन की शिकायतें प्राप्त हुई थी। वैसे सभी क्षेत्रो के कई घाटों का भी अनुमंडल पदाधिकारी सूर्य प्रताप सिंह और खनन विभाग के द्वारा निरीक्षण किया गया है। वही अनुमंडल पदाधिकारी सूर्य प्रताप सिंह ने बताया कि आगे भी नियमों को ताख पर रखकर बालू खनन एवं परिवहन करने वालों के विरुद्ध निरंतर कार्रवाई जारी रहेगी।

**बालू माफियाओं के द्वारा नियमों को ताख पर रखकर बालू का किया जाता है खनन एवं परिवहन:** बताते चले की रोहतास जिले के डेहरी अनुमंडल क्षेत्र के बडीहाँ, शंकरपुर अ और इ ,कटार, हुरका, बरन बिगहा,बेरकअप एवं बिक्रमगंज अनुमंडल क्षेत्र के अमियावर,छोटकी सबदला, बड़की सबदला ,अतमीगंज बालू घाटो से खनन विभाग द्वारा निर्धारित सीमा से अधिक सोन क्षेत्र से बालू का अवैध रूप से खनन किया जा रहा है। इसके साथ ही बालू घाटों से रात्रि के समय ओभरलोडेड गाड़ियों पर बालू लोड कर बगल के राज्य उत्तर प्रदेश में भेजा जा रहा है। खनन नियमों का उल्लंघन कर पोकलेन मशीन के द्वारा सोन नदी से बालू का खनन कर ट्रक और हाईवा पर बालू लोड कर दिया जाता है। जिससे बालू माफियाओं को मोटी रकम की कमाई होती है।

पुलिस प्रशासन और खनन विभाग की इस कार्रवाई के दौरान पकड़े गए बालू लदे 06 हाईवा प्रमाणित करते हैं कि बालू माफियाओं के द्वारा बालू घाटों से नियमों का उल्लंघन कर बालू का खनन एवं परिवहन कर सरकार को चूना लगाया जा रहा है।

# उजाले का बाट जोह रहा नगर पंचायत का मुख्य सड़क

प्रात : किरण संवाददाता



आरा। जिले के कोइलवर नगर पंचायत के मुख्य सड़क पर लाइट की व्यवस्था नहीं होने के कारण आमजनों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कोइलवर थाना चौक से स्टेशन जाने वाली सड़क पर नगर पंचायत के द्वारा लाइट की व्यवस्था नहीं किये जाने से राहगीरों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। आरा से खुलकर सुबह 3:32 बजे कोइलवर पहुँचने वाली पैसिंजर ट्रेन पकड़ने के लिए रोजाना दर्जनों लोग आते जाते हैं परन्तु सुबह में अंधेरा होने के कारण उन राहगीरों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है इसी तरह पटना से रात 9:55 बजे खुलने वाली पैसिंजर ट्रेन के 11 बजे रात को कोइलवर पहुँचने पर ट्रेन से उतरने वाले यात्रियों को सड़क पर लाइट नहीं होने से उन्हें घर तक जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। राहगीरों को सबसे ज्यादा परेशानी कोईलवर चौक स्थित अंडरपास के पास होता है अंडरपास के समीप कूप अंधेरा होने के कारण राहगीरों को जान माल का खतरा का डर भी सताता रहता है। सुबह में ट्रेन से पटना फुल का व्यापार करने जाने वालों ने राहगीरों ने बताया की नगर के मुख्य सड़क पर अंधेरा के कारण डर लगता है। सड़क पर स्थित निजी घरों में लगे बल्ब के प्रकाश के सहारे हमलोग प्रतिदिन आते–जाते हैं। नगर पंचायत के उदासीन रवैये के कारण हम जैसे दर्जनों यात्रियों को रात में सड़क पर चलने में डर लगा रहा है।जब नगर के मुख्य सड़क पर की अंधेरा छाया हुआ है तो नगर के अन्य सड़कों की क्या हाल होगी। नगर पंचायत के अधिकारियों को इस ओर ध्यान देने की जरूरत है।

## संक्षिप्त खबरें

### 54 लीटर शराब के साथ चार धंधेबाज गिरफ्तार

दिनारा (रोहतास) स्थानीय पुलिस ने देसी शराब के साथ चार धंधेबाज को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस संदर्भ में थानाध्यक्ष रौशन कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के इंदौर टोला समीप मिली गुप्त सूचना के आधार पर स्थानीय पुलिस घटना की सत्यापन को लेकर चिन्हित स्थल पहुंच 54 लीटर देसी शराब के साथ रंगे हाथों चारों धंधेबाजों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार धंधेबाज में बक्सर जिला अंतर्गत धनसोई थाना क्षेत्र के कैथहर खुर्द निवासी गौरी शंकर चौधरी,अभिषेक कुमार , सनी देवल कुमार व राकेश कुमार बताया जाता है। जिनके विरुद्ध संबंधित विभागों तहत मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई कर जेल भेज दिया गया।

### पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान चला वसूला जुर्माना

काराकाट (रोहतास) नेशनल हाईवे-120 बिक्रमगंज-डिहरी मुख्य मार्ग पर जोरावरपुर पुल समीप काराकाट थानाध्यक्ष फूल देव चौधरी के नेतृत्व में पुलिस वाहन चेकिंग अभियान चला जुमार्ना वसूला। इस संबंध में थानध्यक्ष ने बताया कि वरीय पुलिस अधिकारी के दिशा-निर्देश पर वाहन चेकिंग अभियान तहत स्थानीय पुलिस के द्वारा 17 हजार जुमार्ना वसूला। जिस अंतर्गत पुलिस ने हेलमेट, ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन ऑनर बुक, डिक्की, ट्रिपल लोडिंग सहित अन्य नियमों पर गहन जांच किया। साथ ही पुलिस अधिकारियों के द्वारा वाहन चालकों को सख्त निर्देश देते हुए कहा गया कि अगली बार से वाहन चलाते वक्त सभी नियमों का पालन अवश्य करें। जो अभियान निरंतर जारी है।

### युवक की पिटाई कर अपराधी बाइक छीन हुए फरार

नोखा (रोहतास) थाना क्षेत्र के खराड़ी पुल समीप बाइक सवार युवक की लाठी-डंडे से पिटाई कर अपराधी बाइक छीन फरार हो गए। घटना के संबंध में बताया जाता है कि मंगलवार को थाना क्षेत्र के धर्मपुरा रूपीपुर गांव निवासी सुरेंद्र कुमार का 30 वर्षीय बेटा कृश कुमार इलाज जो सोमवार देर रात एक शादी समारोह से बाइक से गांव लौट रहा था। इसी क्रम में घात लगाए बैठे सासाराम-आरा स्टेट हाइवे के खराड़ी पुल समीप बाइक के साथ कुछ अज्ञात अपराधी बैठे थे। इसी क्रम में बाइक सवार के पहुंचते ही उसके उपर लाठी-डंडे से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर बाइक छीन कर भाग निकले।

### पुलिस ने वारंटी को भेजा जेल

दिनारा (रोहतास) पुलिस ने वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जानकारी देते हुए दिनारा थानाध्यक्ष रौशन कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के कुम्हौरा निवासी जगदेव सिंह के पुत्र बिहारी सिंह को पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार कर लिया। जिसके विरुद्ध सासाराम न्यायालय से वारंट निर्गत था ।

### नहर में गिरने से बाइक सवार युवक की डूबने से मौत

बिक्रमगंज (रोहतास) स्थानीय पुलिस ने बिक्रमगंज-डुमरांव लाइन नहर से बाइक सहित युवक का शव बरामद किया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सूर्यपुरा थाना क्षेत्र अंतर्गत कोसंदा खुर्द निवासी जयप्रकाश सिंह के32 वर्षीय पुत्र अरुण कुमार सोमवार की देर रात करीब 9:30 बजे बिक्रमगंज से बाजार कर दुगार्डीह नहर होते हुए अपने बाइक से गांव जा रहे थे। इसी क्रम में बाइक असंतुलन होने के कारण वह नहर में गिर पड़े। जिस दौरान उनकी मौत नहर में डूबने से हो गई। इसकी सूचना मिलते ही आनन फानन में स्थानीय लोगों ने नहर उसे बाहर निकाला। लेकिन तबतक बहुत देर हो चुकी थी। घटना के संबंध में लोगों ने स्थानीय पुलिस को सूचना दी।

### शराब के साथ धंधेबाज गिरफ्तार

काराकाट (रोहतास) स्थानीय पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर अंग्रेजी व देसी शराब के साथ एक कारोबारी को किया गिरफ्तार । जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष फूलदेव चौधरी ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के पड़सर निवासी श्रीनिवास सिंह के पुत्र हरि शरण सिंह को 180 एमएल के 66 पीस अंग्रेजी शराब और 5 लीटर देसी शराब के साथ रंगेहाथों गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में गिरफ्तार कारोबारी के विरुद्ध अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

### शराब कांड में संलिप्त आरोपी को जेल

नावानगर (बक्सर) स्थानीय थानाध्यक्ष नंदू कुमार के नेतृत्व में केसठ गांव में छापेमारी किया गया। छापेमारी में शराब कांड के फरार अभियुक्त पचरतन मुसहर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। इसकी पुष्टि करते हुए थानाध्यक्ष ने बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि पचरतन मुसहर अपने गांव में देखा गया है। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए छापेमारी कर उसके गांव से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

# इतिहास : रोहतास के चावल हब से प्रसिद्ध नोखा राइस मिलों की सांसें हुई बंद

प्रात : किरण/ रवि प्रकाश/मंटू कुमार

रोहतास : सरकार की उदासीनता के कारण रोहतास जिला के नोखा विधानसभा क्षेत्र स्थित धान के कटोरे में राइस मिलों की धड़कन बंद हो गई है। ज्ञात हो कि जिले के सात विधानसभा में से नोखा विधानसभा क्षेत्र शुरू से ही राजनीतिक दृष्टिकोण से समृद्ध रहा है। जिसके अंतर्गत नोखा,राजपुर व नासरीगंज प्रखंड को मिलाकर बने इस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले राजनीति कार्यकर्ता या तो सूबे में मंत्री पद के साथ राष्ट्रीय राजनीति में अपने को बहुचर्चित चुके हैं। जो प्राचीन काल में नोखा प्रखंड औद्योगिक दृष्टिकोण से भी धान की कटोरे के रूप में पहचान बनाते हुए रोहतास क्षेत्र का यह कभी चावल उद्योग का हब हुआ करता था। लेकिन सरकारी उदासीनता और बदलते माहौल में अब यह उद्योग संकट की परिस्थिति से जूझ रहा है। जिसकी कोई खोज खबर तक लेने वाला नही है। जो इस सत्र 2024 के लोकसभा चुनाव में इस उद्योग की प्रति किसी राज्य सरकार सहित केंद्र सरकार की इसके प्रति



ध्यान आकृष्ट होता है की नही यह एक बड़ा मुद्दा होगा।

**उद्योग बंद होते ही हजारों मजदूर हुए बेरोजगार :** इतिहास के पन्नों से देखा जाए तो आज नोखा प्रखंड क्षेत्र के आज दर्जनों राइस मिल या तो बंद हो चुके हैं या बंदी के कगार पर पहुंच गए हैं। जिसके कारण अब हजारों मजदूरों के घरों चूल्हे नही जलने के संकट से भरी बादल मंडराने लगे हैं। एक समय था कि केवल नोखा क्षेत्र में कुल दो दर्जन राइस मिल संचालित होते थे। जहां से ट्रकों द्वारा चावल बंगलादेश, भूटान सहित अन्य देशों तक भेजा जाता था। यहां का चावल मंडी पूरे बिहार में प्रसिद्ध था। लेकिन उद्योग की उदासीनता के कारण आज चावल मंडी में भी सन्नाटा पसरा हुआ है। वही आंकड़ों पर नजर डालें, तो एक राइस मिल में औसतन 75 से 80 लोगों को रोजगार मिलता था। किसानों, व्यवसायियों को भी अच्छी आमदनी हो जाती थी। लेकिन राइस मिलों के बंद होते ही मजदूरों के समक्ष रोजगार का संकट खड़ा हो गया है।

जबकि मिल बंद होने के कारण ट्रांसपोर्टर, होटल व ब्रोकर कार्य में लगे लोगों के समक्ष भी बेरोजगारी छा गई है। वर्तमान समय में भी संचालित मिलें भी एक–एक कर धीरे धीरे बंद हो रही है। जो कभी रोजगार के स्त्रोत साबित हो रहें थे। प्राचीन समय में धान का कटोरा कहे जाने वाला नोखा क्षेत्र को कभी राइस मिलों की नगरी भी कहा जाता था। जहां 1948 ई० में पहली अन्नपूर्णा जी राइस मिल की स्थापना की गई थी। उसके बाद लगातार राइस मिलें खुलती गई। एक समय था, जब नोखा, राजपुर व नासरीगंज प्रखंड में तीन दर्जन से अधिक राइस मिलें हुआ करती थीं। लेकिन अब नोखा में महज आधे दर्जन ही बड़ी राइस मिल ही बची हुई हैं। जो उसना चावल के बदले अब अरवा चावल बना रही हैं। वही राइस मिल की बदहाली से किसानों के समक्ष भी धान बेचने की समस्या निरंतर बनी रहती है।

**मिलों के संचालन से गुलजार रहती थी चावल मंडी :** पूर्वकाल समय में नोखा स्टेशन रोड स्थित चावल मंडी व्यवसायियों की चहल–कदमी से गुलजार हुआ करता था। जो 80 के दशक में नोखा का चावल बांग्लादेश,भूटान तक के व्यवसायी नोखा आकर चावल ट्रांसपोर्ट कर ले जाते थे। लेकिन 2010 के बाद मिलों की स्थिति धीरे–धीरे खराब होती चली गई। जो सरकारी उदासीनता व गलत नीति के कारण क्षेत्र के राइस मिल बंद होते गए। साथ ही 1990 में सिर्फ नाोखा में ही 26 बड़ी राइस मिल थी। लेकिन वर्तमान में महज आधे दर्जन ही बची मिल भी घाटे में चल रही हैं। जिसके कारण अब मजदूरों के साथ सैकड़ों ट्रांसपोर्टर भी बेरोगार हो पलायन करने लगे है। जिसके उपर केंद्र व राज्य सरकार भी चुप्पी साधे ऐतिहासिक धरोहर धूमिल होते हुए देख रही है।

# अपराधियों ने इलेक्ट्रॉनिक दुकानदार को मारी गोली

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। गड़हनी, बेखौफ अपराधियों ने एक युवक को गोली मार दी है। घटना गड़हनी थाना क्षेत्र के गड़हनी गोला बाजार स्थित पुल के समीप हुई। मंगलवार की दोपहर हथियारबंद अपराधियों ने एक इलेक्ट्रॉनिक दुकानदार को गोली मार दी। जख्मी युवक को गोली बाए साइड सीने में लगी है जो अंदर फांसी हुई है।

गोली लगते ही वह खून से लतपथ होकर जख्मी हालत में जमीन पर गिर पड़ा। जिसके बाद परिजन द्वारा उसे आनन– फानन में इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया गया है। हालांकि परिजन उसे पटना ना ले जाकर उसका इलाज आरा शहर के बाबू बाजार स्थित शांति मेमोरियल अस्पताल में करा रहे हैं, जहां आरा के प्रसिद्ध सर्जन डॉ विकास सिंह उसका इलाज कर रहे है।

डॉ विकास सिंह ने बताया की गोली लगने से घायल युवक का खून काफी बह गया है हम लोग अभी युवक को खून चढ़ाएंगे उसके बाद उसे अबर्वेशन में रखा जाएगा। वहीं घटना की सूचना पाकर प्रशिक्षु डीएसपी रश्मि कुमारी,नवादा थानाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह एवं टाउन थानाध्यक्ष संजीव कुमार पुलिस बल के साथ आरा सदर अस्पताल पहुंचे और जख्मी युवक के परिजनों से मिल घटना की जानकारी ली।

फिलहाल पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। बताया जाता है कि घायल युवक चरपोखरी थाना क्षेत्र के बालबांध गांव निवासी सत्येंद्र सिंह का 23 वर्षीय पुत्र अनूप कुमार है। वहीं भोजपुर पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार यादव ने बताया की युवक के रिश्तेदार ने उसे गोली मारी है, और प्रथम दृष्टिया प्रेम प्रसंग का लग रहा है और घायल युवक के भाई का गड़हनी थाना स्थित गड़हनी बाजार में इलेक्ट्रॉनिक का दुकान है जहां वो कभी कभी आया करता था वहीं भोजपुर पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार यादव ने कहा है घटना में संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी गई है और उन्हें जल्द ही पुलिस गिरफ्तार कर लेगी। वहीं गोलीबारी की घटना के बाद से गड़हनी बाजार को वहां के स्थानीय लोगों ने सड़क जाम कर अपराधियों के गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं।

# मवेशियों को खुरपका और मुंहपका रोग का दिया गया टीकाकरण

बिक्रमगंज (रोहतास) पशुधन स्वास्थ्य एवं रोग नियंत्रण योजनान्तर्गत अनुमंडल क्षेत्र के दिनारा प्रखंड में बेलवईया ग्राम पहलवान डेयरी फार्म में खुरपका–मुंहपका,एफएमडी रोग के विरूद्ध टीकाकरण कार्य का शुभारंभ प्रखंड प्रमुख रेणु देवी के द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला पशुपालन पदाधिकारी रोहतास डा० राजेश कुमार चौबे, जिला नोडल प्रदीप कुमार निराला, प्रखंड नोडल डॉक्टर– अविनाश चन्द्र प्रभाकर, प्रीति रंजन, अवधेश कुमार सिंह, शम्भु कुमार, डाटा इन्ट्री ऑपरेटर एवं अन्य कर्मचारीगण उपस्थित थे। इस अवसर पर जिला पशुपालन पदाधिकारी



डॉ० राजेश कुमार चौबे, जिला पशुपालन पदाधिकारी रोहतास के द्वारा बताया गया कि एफएमडी रोग विषाणुओं से होने वाली पशुओं का एक मुख्य रोग है । इस रोग में संक्रमण का दर काफी अधिक होता है । रोग से ग्रसित पशुओं के मुख के अन्दर छाले पड़ जाते है एवं खुर मे घाव हो जाते है तथा काफी तेज बुखार होता है। पशुओं के चारा, दाना खाने में एवं पैर से चलने में काफी परेशानी होती है। टीकाकरण से पशुओं में एफएमडी रोग के विरूद्ध लड़ने की क्षमता विकसित हो जाती है। इस रोग के होने पर पशुओं की दूध उत्पादकता के काफी कमी आ जाने के कारण पशुपालको को आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि इस अभियान में विभाग के सभी पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों के सहभागिता से निजी टीकाकर्मियों के माध्यम से घर–घर जा कर सभी योग्य पशुओं का टीकाकरण किया जायेगा। इस अवसर पर पशुपालकों से आह्वान किया गया कि वे अपने पशुओं को इन रोग के विरूद्ध टीकाकरण अवश्य करवा ले।

# परिवार मिशन विकास अभियान को लेकर हुई बैठक

प्रात : किरण संवाददाता

नावानगर (बक्सर) प्रखंड मुख्यालय स्थित बीडीओ मनोज कुमार एवं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ० कमलेश कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में मिशन परिवार विकास अभियान की सफलता को लेकर एक बैठक की। जिसके तहत 5 से 24 फरवरी तक मिशन परिवार विकास अभियान की सफलता को लेकर संबद्ध विभाग के पदाधिकारीयो साथ समन्वय बैठक कर विशेष चर्चा होगी।

इस मिशन परिवार विकास अभियान अंर्तगत 5 से 11 फरवरी तक दंपति संपर्क पखवाड़ा 12 से 24 फरवरी तक परिवार नियोजन सेवा पखवाड़ा संपादित किया जाना है। वही आमजन में जागरूकता लाने के लिए सारथी रथ के माध्यम से प्रखंड के सभी गांव में प्रचार प्रसार किया जाएगा। बैठक में ,बीसीएम तस्लीम,जीविका प्रबंधक सहित आशा फैसिलिटेटर एवं अन्य कर्मी उपस्थित रहे।

# तीन दिवसीय आग्नेयास्त्र के सत्यापन में प्रशासन जुटा

नावानगर (बक्सर) स्थानीय थाना तथा सिकरौल में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहद आग्नेयास्त्र का सत्यापन संबंधित अधिकारियो द्वारा किया गया। तीन दिवसीय आग्नेयास्त्र सत्यापन के पहले दिन सिकरौल में 38 और नावानगर में 48 आग्नेयास्त्रों का सत्यापन हुआ। जिसमें राइफल,पिस्टल,दो नाली बंदूक शामिल रहा। जहां नावानगर में थानाध्यक्ष नंदू कुमार के उपस्थिति में सीओ अजीत कुमार द्वारा सत्यापन किया गया।

वही सिकरौल में थानाध्यक्ष बीरेंद्र प्रसाद के नेतृत्व में बीडीओ मनोज कुमार द्वारा सत्यापन का कार्य किया गया। सत्यापन के दौरान पदाधिकारियों द्वारा संबंधित थाने में आए अनुज्ञप्ति शस्त्र धारियों के लाइसेंस बुक,




लाइसेंस मिलान,नंबर मिलान,फोटो मिलान करके हस्ताक्षर मुहर किया गया। इसके साथ ही कारतूसों के बारे में जानकारी ली गई।

इस संबंध में नावानगर सीओ ने बताया कि नावानगर में 48 आग्नेयास्त्रों का सत्यापन किया गया ।वही बीडीओ ने बताया कि सिकरौल में 38 आग्नेयास्त्रों का सत्यापन किया गया उक्त सत्यापन तीन दिनों तक चलेगा।

### साड़ के आतंक से लोग परेशान, शिकायत के बाद भी प्रशासन मौन

नावानगर (बक्सर) थाना क्षेत्र के सोनवर्षा बाजार में साड़ के आतंक से लोगों में दहशत कायम है। उनसे अबतक दर्जनों लोगों पर हमला कर उन्हें जख्मी कर दिया है। जिसमें गंभीर रूप से जख्मी तीन व्यक्ति जिंदगी और मौत से जूझ रहें। जिनका ईलाज पटना के पीएमसीएच में जारी है। बताया जाता हैं कि साड़ विगत वर्ष के अगस्त में बाजार में आया था। जिसने अपने आतंक से सोनवर्षा बाजार में लोगो पर हमला कर उन्हें घायल कर रहा है। हालांकि इस संबंध में चार अगस्त को हमला में जख्मी विजय तुरहा,अजय तुरहा, इलाही मंसूरी के घटना के बाद ग्रामीणों राजकुमार के नेतृत्व में ग्रामीणों के संयुक्त हस्ताक्षर के साथ सोनवर्षा ओपी में साड़ को बाजार से बाहर कर किसी दूर जंगल में छोड़ने के लिए आवेदन भी दिया था। लेकिन इसके बावजूद स्थानीय पुलिस मूकदर्शक बन मौन साधी नजर आई।

# एनएसडी द्वारा आयोजित दुनियां के सबसे बड़े नाट्य महोत्सव भारंगम में प्रदर्शन के लिए आरा से नाटक गंगा स्नान की टीम हुई रवाना

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय दिल्ली द्वारा आयोजित 1 फरवरी से शुरू हुए भारत रंग महोत्सव में भाग लेने प्रभाव क्रिएटिव सोसाइटी भोजपुर की टीम युवा निर्देशक मनोज कुमार सिंह के नेतृत्व में आज रवाना हुई. शहर के प्रसिद्ध समाजसेवी श्री विष्णु सिंह,युवा नेता अभय विश्वास भट्ट, रंगकर्मी अनिल कुमार तिवारी 'दीपू' संगीतज्ञ लक्ष्मण दुबे व रंगकर्मी व शिक्षक सुधीर शर्मा ने आरा रेलवे स्टेशन पर कलाकारों को फुल माला पहना व मिठाई खिला कर रवाना किया. 9 फरवरी को डिब्रुगढ़ असम में प्रभाव क्रिएटिव सोसाइटी द्वारा लोक कलाकार भिखारी ठाकुर लिखित व युवा निर्देशक मनोज कुमार सिंह द्वारा निर्देशित प्रसिद्ध नाटक " गंगा स्नान " की प्रस्तुति होगी. विदित हो कि भारत रंग महोत्सव दुनियां का सबसे बड़ा नाट्य महोत्सव है जो इस वर्ष अपना रजत जयंती समारोह मना रहा है. इस वर्ष लगभग 850 आमंत्रित आवेदनों में देश विदेश से 62 नाटकों का चयन भारत रंग महोत्सव में प्रदर्शन के लिए हुआ है. राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय दिल्ली संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित भारत रंग महोत्सव के इस वर्ष रजत जयंती के ब्रांड अम्बेसदर व रंगदूत एन एस डी के पूर्व छात्र,रंगमंच व हिन्दी सिनेमा के प्रसिद्ध अभिनेता पंकज त्रिपाठी बने है.इस वर्ष महोत्सव की थीम " वसुधैव कुटुंबकम : वन्दे भारंगम है. यह महोत्सव दिल्ली, मुंबई, डिब्रुगढ़, पुणे, पटना, श्रीनगर, भुवनेश्वर, कटक आदि सहित देश के 16 नगरों में आयोजित हो रहा है. रूस, इटली, श्रीलंका सहित 8 विदेशी नाटकों के साथ आमंत्रित नाटकों सहित 150 नाटकों का मंचन होगा.महोत्सव का समापन 21 फरवरी को दिल्ली में होगा।

प्रभाव क्रिएटिव सोसाइटी के सचिव कमलेश कुंदन ने बताया कि भोजपुर जिले से यह पहला नाट्य दल है जो भारत रंग महोत्सव में अपने कला का प्रदर्शन करेगा. दल नायक तिरुपति नाथ कहा कि पूरी टीम इस महोत्सव में प्रदर्शन के लिए बहुत उत्साहित है. पिछले 25 दिनों से लगातार नाटक का अभ्यास कर रही है. जम कर पसीना बहाया है. इस नाटक का संगीत निर्देशन कर रहें लोक संगीतकार श्याम शमीर्ला ने कहा कि इस ऐतिहासिक प्रदर्शन के माध्यम से हमारे लोकनाट्य, लोक संस्कृति व लोक संगीत को अंतर्राष्ट्रीय मंच मिलना भोजपुर और भोजपुरी के लिए गौरव की बात है ।नाटक में विभिन्न भूमिकाओं में साहेब लाल यादव, जीतेन्द्र प्रसाद, राजा, सुंदरम राज, मुकेश मुस्कान, दीपू कुमार, आशा पाण्डेय, ऋतु पाण्डेय, मेहंदी राज साधना श्रीवास्तव, लव कुश सिंह, राजा बसंत, अभय ओझा, सूरज कांत पाण्डेय आदि है.निर्देशक मनोज कुमार सिंह व पुरे नाट्य दल को वेद जी (संस्कार भारती बिहार ) अमित रौशन(बेगूसराय), अभय सिन्हा( पटना) रोहित त्रिपाठी (भिलाई छत्तीसगढ़ )अशोक दास (असम )तनवीर अख्तर (पटना इप्टा ), अनिल कुमार तिवारी ' दीपू ' संयोजक आरा रंगमंच, श्रीधर शर्मा (भूमिका), मनोज कु सिंह (समाजसेवी), नागेंद्र नाथ पाण्डेय (आरा ) राकेश ठाकुर (प्रपौत्र भिखारी ठाकुर, कुतुबपुर ), श्री राम दास राही (लेखक ), संजय राय (समाजसेवी ), श्री लक्ष्मण दुबे (शिक्षक ), सुधीर शर्मा (लेखक व रंगकर्मी ) आदि कई प्रबुद्ध जनों ने सफल मंचन के लिए शुभकामनायें दी है।

### एसडीएम ने बिजली विभाग का किया औचक निरीक्षण

बिक्रमगंज (रोहतास) विद्युत आपूर्ति अवर प्रमण्डल कार्यालय में एसडीएम अनिल बसाक ने निर्वाध विद्युत आपूर्ति को लेकर निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उनके द्वारा लॉगबुक, उपभोक्ता का शिकायत पंजी आदि का जांच किया गया। साथ ही निरीक्षण के क्रम में निदेशित किया गया कि ग्रिड से लाइन मिलने के पश्चात निर्वाध रूप से विद्युत आपूर्ति की जाय। उनके द्वारा ग्रिड सब स्टेशन नारायणपुर से निरीक्षण करने के पश्चात बिक्रमगंज विद्युत विभाग में प्रवेश किया गया। ऊक्त निरीक्षण के क्रम के विद्युत कार्यपालक अभियंता ब्रजेश कुमार, सहायक अभियंता राज कुमार तथा कनीय विद्युत अभियंता बिक्रमगंज नवदीप गोयल आदि उपस्थित थे।


### कुआं में गिरने से एक व्यक्ति की मौत

शिवसागर (रोहतास) बड्डी ओपी थाना क्षेत्र के नईया गांव स्थित कुआं में गिरने से एक व्यक्ति की डूबकर मौत हो गई। मृतक की पहचान स्थानीय निवासी भोला बिंद के रूप में बताया जा रहा है। इस संबंध में बड्डी थानाध्यक्ष विश्वजीत सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया गया है। साथ ही इस घटना मामलें पुलिस द्वारा कार्रवाई शुरू कर दी है। दूसरी तरफ इसकी खबर सुन परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

# सीताराम जिंदल को प्राकृतिक चिकित्सा और लोकोपकारी कार्यों में उल्लेखनीय योगदान के लिए पद्मभूषण से किया गया सम्मानित

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। परोपकार एवं स्वास्थ्यसेवा के क्षेत्र में एक जाना–माना नाम, डॉ. सीताराम जिंदल, को प्रतिष्ठित पद्म भूषण से सम्मानित किया गया है। इस खबर से पूरे भारत में खुशी की लहर फैल गई है। यह सम्मान उन्हें अभूतपूर्व परोपकारी कार्यो के लिए दिया गया है, खासकर प्राकृतिक चिकित्सा (नेचरक्योर) के क्षेत्र में। दवारहित चिकित्सा में डॉ. जिंदल का योगदान और जिंदल नेचरक्योर इंस्टीट्यूट (जेएनआई) की स्थापना ने उन्हें यह प्रतिष्ठित सम्मान दिलाया है।1932 में हरियाणा के नालवा गांव में जन्मे डॉ. जिंदल का प्राकृतिक चिकित्सा का कार्य विश्वविद्यालय के दिनों से ही शुरू हो गया था, जब उन्हें पेट की टीबी से जूझना पड़ा था। ऐसा लग रहा था उनकी समस्या का कोई इलाज नहीं है, फिर उन्होंने एक छोटे–से प्राकृतिक चिकित्सा क्लीनिक में शरण ली। उपवास रखने, एनीमा और दूसरे अपारंपरिक तरीकों से उन्हें आराम महसूस होने लगा। इस बदलावकारी अनुभव की वजह से प्राकृतिक चिकित्सा और योग पर उनका गहरा विश्वास हो गया। एक व्यापक नैचुरोपैथी और योग अस्पताल खोलने की



सोच से प्रेरित होकर डॉ. जिंदल ने साल 1977–79 में बेंगलुरू के बाहरी इलाके में एक बड़ी जमीन खरीदी। यहां से जेएनआई की नींव पड़ी, जोकि अनुसंधान विंग से परिपूर्ण था। इसे जिंदल एल्युमिनियम लिमिटेड (जेएएल) से काफी ज्यादा आर्थिक सहायता मिलती थी। इससे डॉ. जिंदल की प्राकृतिक चिकित्सा को एक नई ऊंचाइयों तक ले जाने की प्रतिबद्धता झलकती है।


उस समय प्रचलित पारंपरिक प्राकृतिक चिकित्सा से उलट, डॉ. जिंदल ने इस विज्ञान को आधुनिक तथा नया बनाने के मिशन की शुरूआत की। पुरानी रूढ़ियों में बंधे प्राकृतिक चिकित्सा के तौर–तरीकों में उत्साह तथा विकास की कमी को पहचानते हुए, वे दवारहित थैरेपीज को ऊपर उठाने और आगे बढ़ाने में जुट गए। 1969 में स्थापित एसजे फाउंडेशन उनके परोपकारी अभियानों के लिए एक आर्थिक स्तंभ बन गया। बिना किसी सरकारी या व्यक्तिगत सहयोग के यह पूरी तरह से जेएएल के योगदान पर निर्भर हो गया।

डॉ. जिंदल के अथक प्रयासों ने दवारहित तरीके से स्वस्थ होने के क्षेत्र पर काफी गहरा प्रभाव डाला है। वे जेएनआई को अस्थमा, डायबिटीज, हाइपरटेंशन, आर्थराइटिस और कैंसर के कई प्रकारों सहित विभिन्न बीमारियों के उपचार में विशेषज्ञता हासिल करने वाली एक विश्व–स्तरीय फैसिलिटी के तौर पर स्थापित कर रहे हैं। 550 बिस्तरों वाला यह संस्थान उन लोगों के लिए आशा की किरण बन गया है जोकि अपनी स्वास्थ्य समस्याओं के लिए दवा–रहित विकल्पों की तलाश कर रहे हैं।

जेएनआई के साथ–साथ डॉ. जिंदल ने कई सारे परोपकारी कार्यो को पूरा किया है, जोकि सामाजिक उत्थान के प्रति उनके समर्पण को दशार्ता है। इसके अंतर्गत एलोपैथी अस्पतालों, स्कूलों और कॉलेजों का निर्माण, गांवों के विकास से जुड़ी पहल, स्वास्थ्यसेवा एवं शिक्षा के लिए गांवों को गोद लेना और स्वास्थ्यसेवा तथा शिक्षा के क्षेत्र में लगातार काम कर रहे विभिन्न एनजीओ को सहायता पहुंचाना शामिल है। डॉ. जिंदल के लोकोपकारी प्रयास, प्राकृतिक चिकित्सा से भी कहीं आगे है, जिसमें अपने पैतृक गांव नालवा में आठ चैरिटेबल इकाईयों का निर्माण शामिल है। इससे आस–पास के इलाकों के काफी सारे लोगों को लाभ मिल रहा है। गरीब विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति के माध्यम से सहयोग देना और स्वास्थ्यसेवा तथा शिक्षा के क्षेत्र में सेवारत एनजीओ को आर्थिक मदद पहुंचाना, सामाजिक कार्यो के प्रति उनके समर्पण को दशार्ता है। डॉ. जिंदल के कार्यो का प्रभाव जेएनआई की चारदीवारी से बाहर भी है।

नैचुरोपैथी तथा योग पर जोर देने वाले, स्वास्थ्य को लेकर उनके व्यापक तरीके ने दुनियाभर में लाखों लोगों की जिंदगियों को बदल दिया। सुरक्षात्मक देखभाल और दवाओं के साइड इफेक्ट के बारे में जानकारी देने की उनकी प्रतिबद्धता, प्राकृतिक चिकित्सका पर उनकी आस्था के अनुरूप है। जिसमें उनका मानना है कि प्राकृतिक चिकित्सा एलोपैथिक अस्पतालों से बोझ को काफी कम कर सकती है। अपने इस पूरे सफर में, डॉ. जिंदल, स्वास्थ्य समस्याओं के लिए काफी सारे नवाचार और थैरेपीज लेकर आए।

### प्रसिद्ध होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ एस रजाउल्लाह के निधन से शोक की लहर



शेरघाटी ।प्रसिद्ध होम्योपैथिक चिकित्सक व अंजुमन तरक्की उर्दू बिहार शाखा शेरघाटी के अध्यक्ष डॉ एस रजाउल्लाह का मंगलवार को पटना में निधन हो जाने से शेरघाटी के चिकित्सकों व साहित्यिक जगत में शोक की लहर दौड़ गई है। वार्ड कॉउंसलर शाहिद ईमाम ने बताया कि डॉ एस रजाउल्लाह को बुधवार के दिन शेरघाटी के काजी मुहल्ला कब्रिस्तान में सुपुर्द–ए–खाक किया जाएगा। वर्षो तक उर्दू जुबान व अदब की खिदमत करते रहे रजाउल्लाह की मौत से लोग काफी सदमे में हैं। इनके निधन पर सौ से अधिक पुस्तकों के लेखक व प्रसिद्ध शायर नावक हमजापूरी,डॉ शहाब उद्दीन, डॉ उदय कुमार,मुंशी नईम उद्दीन,अंजुमन तरक्की उर्दू बिहार शाखा शेरघाटी के उपाध्यक्ष इमरान अली, जहीर अनवर, सचिव मो अली,अवामी उर्दू निफाज कमिटी के प्रमंडलिय अध्यक्ष जमशेद अशरफ,अरविन्द कुमार, शौकत अली, कौशल पांडे, दीनानाथ और जाकिर अहमद ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

## संक्षिप्त खबरें

### मारपीट के मामले में दो आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

शेरघाटी। थाने की पुलिस ने थाना क्षेत्र के बेला गांव से मंगलवार को मारपीट के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर पूछताछ के बाद न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दिया. थानाध्यक्ष इंद्रजीत कुमार ने बताया कि पुलिस के हत्थे चढा आरोपी क्रमशः प्रमोद यादव एवं गौतम कुमार के विरुद्ध मारपीट के आरोप में पिछले महीने 7 तारीख को मुकदमा दर्ज किया गया था. घटना के बाद से दोनों फरार चल रहे थे. जिसे पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया. उन्होंने बताया कि भूमि विवाद को लेकर आरोपियों ने गांव के ही दीपक यादव के साथ मारपीट किया था. इस घटना में पीड़ित गंभीर रूप से जख्मी हो गया था.

### शेरघाटी के नए अंचलाधिकारी उषा कुमारी ने किया पदभार ग्रहण

शेरघाटी। अंचलाधिकारी उषा कुमारी ने किया पदभार ग्रहण किया मालूम हो कि इसके पूर्व को किसी जिले में राजस्व पदाधिकारी के पद पर तैनात थे। जिन्हें प्रमोशन के बाद शेरघाटी के नए अंचलाधिकारी का पद ग्रहण किया है। वही पदभार ग्रहण करने के बाद निवर्तमान सीईओ सुधीर कुमार तिवारी एवं निवर्तमान राजस्व पदाधिकारी शुभम कुमार वर्मा ने उन्हे गुलदस्ता देकर स्वागत किया। उक्त दौरान मौजूद कर्मचारी विश्वनाथ कुमार, मिथिलेश कुमार, प्रमोद कुमार के अलावे अमीन उपासना कुमारी, कंचन कुमारी आदि भी मौजूद थी।

### जिला परिषद कार्यालय में शोक सभा का आयोजन

गया। ग या शहर के डाक बंगला रोड स्थित जिला पर्षद कार्यालय मे जिला पर्षद के प्रधान सहायक सह लेखपाल मनोज पाठक के आकस्मिक निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया है इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला परिषद अध्यक्ष नैना कुमारी और संचालन उपाध्यक्ष डा शीतल यादव ने किया।इस मौके पर मौजूद लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शाती के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते श्रद्धांजली दी गई है। श्रद्धांजलि देने वाले मे उप विकास आयुक्त विनोद दूहने,पिकी कुमारी,श्रेवता सिंह, पार्षद प्रतिनिधि मो औरजेब, राजेन्द्र यादव, समाजसेवी धर्मवीर सिंह उर्फ सरदार जी समेत कई सदस्यों के साथ जिला परिषद कार्यालय के कर्मचारी और सभी स्टाफ ने श्रद्धांजलि दी।

### अपराध मुक्त करना, मेरी पहली प्राथमिकताः थाना प्रभारी

सदर मुंगेर। नया रामनगर थाना अध्यक्ष के रूप में नए थाना अध्यक्ष विनोद कुमार झा ने किया योगदान तथा संभाले अपना कार्य भार। वहीं नए थाना अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि लोगों को अपराध से मुक्त करना मेरा पहली प्राथमिकता होगी। इसी को साथ में लेकर चलना तथा अपने थाना क्षेत्र के सभी लोगों से सहयोग की रहेगी आशा। वहीं उन्होंने जनप्रतिनिधि से भी पूरी तरह सहयोग की अपेक्षा रखेंगे। किसी भी प्रकार की कोई घटना की सूचना तुरंत थाना को दे समय पर पुलिस पहुंचकर सहयोग करेगी अपने थाना क्षेत्र के सभी लोगों को हर हमेशा पुलिस की मदद मिलेगी।

### एंटेरो हेल्थकेयर सॉल्यूशंस लिमिटेड का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम खोलने का प्रस्ताव

पटना। एंटेरो हेल्थकेयर सॉल्यूशंस लिमिटेड ने अपना आरंभिक सार्वजनिक निर्गम शुक्रवार, को खोलने का प्रस्ताव रखा है। बोली/प्रस्ताव बंद होने की तारीख मंगलवार, 13 फरवरी, 2024 होगी। एंकर निवेशक बोली लगाने की तारीख बोली/प्रस्ताव खुलने की तारीख से पहले एक कार्य दिवस, यानी गुरुवार, 08 फरवरी, 2024 है। ऑफर का प्राइस बैंड 1195 प्रति इक्विटी शेयर से 1258 प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है। बोली न्यूनतम 11 इक्विटी शेयरों के लिए और उसके बाद 11 इक्विटी शेयरों के गुणकों में लगाई जा सकती है। ऑफर में 10,000 मिलियन तक के इक्विटी शेयरों का एक नया इश्यू (फ्रेश इश्यू) और 47,69,475 इक्विटी शेयरों (ऑफर किए गए शेयर) तक की बिक्री का प्रस्ताव शामिल है।

# गांव चलो अभियान के तहत 9 वर्षों के कार्यकाल जन जन तक पहुंचा : जिला उपाध्यक्ष

प्रात : किरण संवाददाता



गया। भाजपा का राष्ट्रीय कार्यक्रम गांव चलो अभियान के अंतर्गत चंदौती उत्तरी मंडल का बैठक अध्यक्ष बिनोद पासवान की अध्यक्षता में आहूत की गई बैठक लेने के लिए जिला उपाध्यक्ष सह बेलागंज प्रभारी राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता के द्वारा आरंभ की गई सर्व प्रथम पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प माला चढ़ाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया इस बैठक को संबोधित करते हुए जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता ने कहा कि गांव चलो अभियान में प्रत्येक बूथ पर बैठक कर देश के ओजस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के 9 वर्षों के कार्यकाल को बतलाना हैं एवं अबतक दिए गए योजनाओं के लाभुकों से मिलकर चर्चा करना एवं आजादी के 75वा स्वर्णिम काल में अयोध्या में रामलला का विराजमान होना एवं जन जन के लोकप्रिय नेता पूर्व मुख्यमंत्री कपूरी ठाकुर जी को भारतरत्न देना बिहार के गरीब गुरबा का बहुत बड़ा सम्मान हैं जननायक किसी व्यक्ति या जाति के नही थे वे गरीबों के मसीहा थे भारतीय जनता पार्टी कार्यकताओं का हृदय सम्राट पूर्व उप प्रधानमंत्री लाल कृष्ण आडवाणी जी को भारतरत्न मिलने की घोषणा से प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता उत्साहित हैं आज प्रत्येक कार्यकर्ता गांव चलो अभियान में नरेंद्र भाई मोदी के द्वारा किए गए कृत के लिए गांव चलो अभियान में घर घर पहुंचाएंगे मोदी जी का संदेश आगे बढ़ेगा गांव आगे बढ़ेगा देश मोदी का एक ही सपना विकसित बने हर गांव अपना मोदी की गारंटी पर हैं विश्वास गांव गांव पहुंचा विकास।आज के बैठक में जिला मीडिया प्रभारी संतोष ठाकुर,राजेंद्र विश्वकर्मा,संजय पासवान, ई॰ अमित पासवान,महामंत्री दिनेश कुमार,संजय पासवान,आनंद कुमार,बिनोद कुमार नायक,अभयानंद सिंह,लक्ष्मण चौधरी, नीरज कुमार सिंह,रामस्वरूप दास, कमाल आजाद सहित मंडल के पदाधिकारी एवं बूथ अध्यक्ष उपस्थित हुए हैं।

# हरि झंडी दिखाकर ट्रेन को रवाना करेंगे सांसद

प्रात : किरण संवाददाता



औरंगाबाद। सांसद सुशील कुमार के अथक प्रयास से लोकसभा क्षेत्र के अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन पर ट्रेन नम्बर 12311/ 12312 हावड़ा कालका नेताजी एक्सप्रेस का ठहराव करवाया गया है। यह ट्रेन हावड़ा जंक्शन से कालका तक जाएगी। इस ट्रेन के ठहराव होने पर सांसद ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव को धन्यवाद और आभार ब्यक्त किया है।सांसद शीघ्र ही हरि झंडी दिखाकर इस ट्रेन को स्टेशन से रवाना करेंगे, बताते चले कि अपने सांसद के कठिन परिश्रम और अथक प्रयास से लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं और कई महत्वपूर्ण ट्रेन का ठहराव करवाया गया है एवं अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत लगातार विकास का कार्य तेजी से हो रहा है।अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन बहुत ही आकर्षक और सुविधाजनक हो रही है।इस नेक कार्य के लिए लोकसभा क्षेत्र और जिलावासियों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और सांसद सुशील कुमार सिंह को भाजपा वरीय नेता सुनील सिंह,कर्नल सुधीर सिंह,भाजपा जिलाध्यक्ष मुकेश शर्मा,युवा भाजपा नेता प्रवीर सिंह,भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष शुभेंदु शेखर सिंह,रमन सिंह,लोकसभा संयोजक अनिल शर्मा,सांसद प्रतिनिधि अश्विनी सिंह,समाजसेवी अजीत सिंह मंडल अध्यक्ष जितेन्द्र गुप्ता,जिला महामंत्री मुकेश सिंह,सूर्यपत सिंह,जिला परिषद उपाध्यक्ष रामेश्वर बैठा,संजीव पाठक,भोला सिंह,मितेन्द्र सिंह,नलिनी रंजन,अंकित सिंह,सोनू सिंह,टनटन सिंह,अखिलेश मेहता,राकेश कुमार देवता,भाजपा नेता मुनीन्द्र राम,प्रवीण गुप्ता,प्रफुल्ल सिंह,सुरेन्द्र गुप्ता,भरत सिंह,उदय सिंह,लोकसभा विस्तारक विकास कुमार उर्फ भोजपुरिया बाबा,किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष विनय सिंह,अनिता सिंह,जुलेखा खातून,अंजली सिंह,सारिका शेखर,गुड़िया सिंह,केदार सिंह,जिला परिषद धनंजय सिंह,प्रदीप चौरसिया,सुबोध सिंह,रवि सिंह,आशु अभिनव,अमिताभ सिंह उर्फ मुन्ना सिंह लोगो ने धन्यवाद और आभार ब्यक्त किया है।

# रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन




प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। औरंगाबाद के रक्त अधिकोष में भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी औरंगाबाद के द्वारा रक्तदान शिविर लगाया गया। प्रबंध कार्यकरणी सदस्य अजीत चंद्रा के नेतृत्व में रक्त अधिकोष में रक्त की कमी को देखते हुए रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें दर्जनों की संख्या में लोगों ने आकर रक्तदान किया अजीत चंद्र ने बताया कि रक्त अधिकोष में रक्त की भारी कमी थी जिसको देखते हुए रेड क्रॉस द्वारा रक्तदान शिविर लगाकर रक्त की कमी को पूर्ति करने का प्रयास किया जा रहा है। अलग-अलग स्थान पर रक्तदान शिविर लगाया जाएगा, जिसमें स्वेच्छा से लोगों को रक्तदान करने की अपील की जाएगी। जितनी ज्यादा जरूरत है उतना ज्यादा रक्त रक्त अधिकोष में नहीं रहने के कारण औरंगाबाद में मरीजों को काफी परेशानी हो रहा है। जिसको देखते हुए रक्तदान किया गया जिसमें लोगों ने रक्तदान किया रक्तदान करने वाले में राहुल विक्रम, सागर कुमार, राजेश कुमार, रौशन सिंह, अभिषेक रवि,अजीत कुमार, सुजीत सिंह,राजीव कुमार, नवीन कुमार,ओम प्रकाश,सोनू सिंह, राकेश कुमार,अनिल कुमार,मुखिया संघ के जिला अध्यक्ष सुजीत कुमार सिंह,पैक्स अध्यक्ष अमित रंजन ने रक्तदान किया। भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष सतीश कुमार सिंह ने कहा कि रेड क्रॉस लगातार रक्तदान शिविर का आयोजन करते रहिए बीच में रक्त की काफी खर्च होने से रक्त की कमी हुई है। अब रेड क्रॉस रक्तदान करने को लेकर जागरूकता अभियान भी चलाएगी ताकि ज्यादा ज्यादा लोग रक्तदान करें। रक्तदारी कोर्स में रखी कमी होने से जिले के अलग-अलग प्राइवेट और सरकारी अस्पतालों में भर्ती मरीज को काफी दिक्कत आती है और उन्हें इलाज के लिए बाहर जाना पड़ता है। इसे देखते हुए रक्त की कमी को दूर करने के लिए अलग-अलग स्थान पर रक्तदान करने को लेकर अपील की जा रही है। रेड क्रॉस लगातार रक्तदान कराएगी, ताकि रक्त की कमी को दूर किया जा सके। इस अवसर पर रेड क्रॉस के सचिव दीपक कुमार, आदित्य श्रीवास्तव, चंदन कुमार, रक्त अधिकोष के कर्मचारी द्वारिका जायसवाल, चंदन कुमार, विकास कुमार, गुड्डू आदि लघु उपस्थित रहे हैं।

## शादी डांस में हत्या के आरोपी दोषी करार

औरंगाबाद। व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में एडीजे दस रत्नेश्वर सिंह ने ओबरा थाना कांड संख्या -97/19 में निर्णय पर सुनवाई करते हुए एकमात्र काराधीन बंदी अभियुक्त अभिषेक कुमार उर्फ अभिषेक गिरी रामपुर ओबरा को भादंवि धारा -302/34 और आर्म्स एक्ट की धारा -25 (1-बी) ए, 26 और 27 के अंतर्गत दोषी पाते हुए जेल भेज दिया है। सजा के बिन्दु पर सुनवाई के तिथि 09/02/24 निर्धारित किया गया है। अभियोजन कि ओर से अधिवक्ता अशोक कुमार सिंह ने बताया कि प्राथमिकी सूचक चितरंजन दुबे रामपुर अरंडा ओबरा ने 17/04/19 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी जिसमें कहा था कि गांव में बराती आई थी रात 10 बजे कुछ ग्रामीणों के साथ मेरा पुत्र बबलु दुबें भी नाच रहा था। अभियुक्त के साथ नाचते समय बबलु का विवाद हो गया तो अभियुक्त ने देशी कट्टा से गोली मारकर बबलु दुबें को बुरी तरह से जख्मी कर दिया।

# ए मेरे वतन के लोगों गीत के रचयिता कवि प्रदीप की जयंती पर काव्य संवाद

प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। औरंगाबाद जिले की महत्वपूर्ण साहित्यिक संस्था समकालीन जवाबदेही परिवार द्वारा महान कवि एवं गीतकार ए मेरे वतन के लोगों गीत के रचयिता रामचंद्र नारायण द्विवेदी उर्फ कवि प्रदीप की 109वीं जयंती के मौके पर काव्य संवाद का कार्यक्रम आयोजित किया गया। संस्था के प्रधान संपादक डॉ सुरेंद्र प्रसाद मिश्रा के आह्वान पर मीडिया प्रभारी सुरेश विद्यार्थी ने काव्य संवाद को संबोधित करते हुए कहा कि कवि प्रदीप ने लगभग 1700 गीतों की रचना की।जिनमें, अधिकतर गीत राष्ट्रीय भावना से ओत प्रोत थे।उस कड़ी में ए मेरे वतन के लोगों एक ऐसी गीत साबित हुई जिसे स्वर कोकिला लता मंगेशकर ने गाई और जिसे सुनकर



भारत के प्रथम प्रधानमंत्री नेहरू जी भी रो पड़े थे। यह गीत ऐसी गीत है जो राष्ट्रीय कार्यक्रम में अक्सर बजाई जाती है और इसके गीत के गाए बिना कोई राष्ट्रीय कार्यक्रम अधूरा रह जाता है। चल चल रे नौजवान, आओ बच्चों तुम्हें दिखाएं झांकी हिंदुस्तान की, दूर हटो ये दुनिया वालो हिंदुस्तान हमारा है, हम लाए हैं तूफान से किश्ती निकाल के, इंसाफ की डगर पर बच्चों दिखाओ चल के यह ऐसे अमर गीत है जिसे जब हम सुनते हैं हमारे अंदर राष्ट्र प्रेम की जज्बा उठने लगती है। आजादी की लड़ाई में भी उन्होंने विशेष भूमिका निभाई उनके राष्ट्र प्रेम गीतों से अंग्रेजों की सरकारी हिल गई थी ब्रिटिश सरकार ने जब इन पर गिरफ्तारी का वारंट जारी किया तो वे भूमिगत हो गए थे। कभी प्रदीप जीवंत रचनाकार के रूप में जाने जाते हैं शायद ऐसा कोई भारतीय होगा जिसने उनके गीतों को गुनगुनाया नहीं होगा उनके ऐसे कई गीत हैं जो हर पल सभी भारतीयों में रच बस से गए हैं। काव्य संवाद के मौके पर जितेंद्र कुमार सिंह,पवन कुमार सिंह,चंदन पाठक, अमन राज,सोम प्रकाश, अमित कुमार सिंह,सौरभ राज सहित अनुपस्थित थे।

## उपप्रमुख पर लाए गए अविश्वास प्रस्ताव हुआ पारित

बिहार पंचायत राज अधिनियम की धारा 144 के तहत बीते 24 जनवरी को प्रखंड के आठ पंचायत समिति सदस्यों के द्वारा उपप्रमुख पर अविश्वास का प्रस्ताव लाया गया था। 14 दिन बाद मंगलवार को ब्लॉक के सभागार में पंचायत समिति सदस्यों की बैठक हुई। सदन में चचाओं के दौरान सहमति नही बनने के कारण सदस्यों के बीच चुनाव कराया गया। जिसमें अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में 11 सदस्यों ने वोट किया। उपप्रमुख के पक्ष में मात्र नौ सदस्य रहे। वही एक सदस्य का वोट रद्द हुआ। इस तरह प्रखंड उपप्रमुख कुमारी गौरी यादव पर अविश्वास प्रस्ताव पारित हुआ है। बैठक की अध्यक्षता पंसस चंद्रकांत राम ने किया। बैठक में प्रखंड क्षेत्र के सभी 21 पंसस मौजूद रहे।तकरीबन एक घंटे तक अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के बाद अधिकांश पंचायत समिति सदस्य उपप्रमुख के कार्यशैली से असंतुष्ट दिखे। इसके बाद बीडीओ मोहम्मद कामरान के मौजूदगी में वोटिंग कराई गई। जानकारी देते हुए बीडीओ सह कार्यपालक मोहम्मद कामरान ने बताया कि उपप्रमुख कुमारी गौरी यादव को हटाए जाने के पक्ष में 11 पंसस ने मत का प्रयोग किया। वही उपप्रमुख के पक्ष में 9 मत प्राप्त हुआ है। वही एक पंसस का वोट रद्द किया गया। मतों के परिणाम के बाद प्रखंड उपप्रमुख के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पारित माना गया है। साथ ही कहा कि अविश्वास प्रस्ताव की रिपोर्ट बनाकर चुनाव आयोग को भेज दिया जाएगा। इसके बाद चुनाव आयोग के द्वारा चुनाव की तिथि निर्धारित की जाएगी।

# पूर्व मुखिया का निधन के बाद पंचायत में शोक का लहार

प्रात : किरण संवाददाता

शेरघाटी। प्रखंड के चिताप कला पंचायत के पूर्व मुखिया एवम राजा बीघा गांव निवासी कामेश्वर मंडल की हुआ निधन. पूर्व मुखिया ने उनके निधन के खबर के बाद पंचायत में शोक की लहर दौड़ गई. घटना की जानकारी मुखिया प्रतिनिधि जितेंद्र यादव ने मंगलवार को दिया. उन्होंने बताया कि करीब 3:00 बजे भोर में अचानक उनकी निधन हो गई. सूचना के



बाद उनके घर पहुंच कर शोक संतृप्त परिवार से मिलकर जो कि घड़ी में साहस के साथ कार्य करने का मशवरा दिया. उन्होंने कहा कि इस दौरान उनके पुत्र संजय मंडल को कबीर अंत्येष्टि के तहत मिलने वाली राशि का लाभ तत्काल उपलब्ध कराया गया। विदित हो की कामेश्वर मंडल 2007 से 2016 तक दो टर्म तक पंचायत के मुखिया रहे थे. उनके असामयिक मौत पर पूर्व मुखिया प्रतिनिधि धर्मेंद्र सिंह, सुदर्शन सिंह, मुखिया पूनम देवी सहित पंचायत वासियों ने शोक व्यक्त किया है।

# स्कूल ऑफ मैथमैटिक्स ने स्कूल ऑफ लैंग्वेज एंड लिटरेचर को 83 रनों से दी शिकस्त

प्रात : किरण संवाददाता

गया। दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय सीयूएसबी में आयोजित अंतर संकाय क्रिकेट प्रतियोगिता के पांचवे दिन का मैच स्कूल ऑफ लैंग्वेज एंड लिटरेचर एवं स्कूल ऑफ मैथमैटिक्स, स्टेटिस्टिक्स एंड कंप्यूटर साइंस के बीच खेला गया है। जन सम्पर्क पदाधिकारी पीआरओ ने बताया कि मैच के उद्घाटन समारोह के प्रारंभ में मुख्य अतिथि स्पोर्ट्स कमिटी के चेयरमैन प्रो. प्रधान पार्थ सारथी का स्वागत डॉ. जीतेन्द्र प्रताप सिंह सहायक निदेशक ने पुष्पगुच्छ भेंट कर किया है। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन के दौरान छात्रों का उत्साह वर्धन किया तथा समस्त छात्रों से आह्वान किया कि वह खेल भावना के साथ खेले तथा अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें उन्होंने प्रतियोगिता के उत्कृष्ट आयोजन हेतु प्रतियोगिता के आयोजन सचिव डॉ. गौरव कुमार सिंह एवं स्पोर्ट्स कमेटी के सदस्यों को भी बधाई दी तथा साथ ही खिलाड़िओ से परिचय प्राप्त किया और टॉस



कराकर मैच प्रारम्भ करवाया है।पहले बल्लेबाजी करते हुए स्कूल ऑफ मैथमैटिक्स, स्टैटिस्टिक्स एंड कंप्यूटर साइंस ने 20 ओवरों में 08 विकेट के नुक्सान पर 148 रनों स्कोर बनाया है कप्तान सत्यम सचान ने 38 गेंदों पर 02 छक्कों एवं 06 चौकों की मदद से 53 रन बनाये है।

जवाब में स्कूल ऑफ लैंग्वेज एंड लिटरेचर की टीम 14.3 ओवरों मात्र 65 रन बनाकर सिमट गई है। स्कूल ऑफ लैंग्वेज एंड लिटरेचर की तरफ से हर्ष राज ने सबसे ज्यादा 14 रन बनाये है ।मैच में स्कूल ऑफ मैथमैटिक्स, स्टैटिस्टिक्स एंड कंप्यूटर साइंस की तरफ से हर्ष राज, सत्यम सचान एवं रोहितेश ने 03-03 लिये है।स्कूल ऑफ लैंग्वेज एंड लिटरेचर की तरफ से शिवम पटेल ने 03 तथा अंकित और अर्जुन ने 02-02 विकेट चटकाये। मैच के निर्णायक की भूमिका शारीरिक शिक्षा विभाग के रिसर्च स्कॉलर्स कुणाल सेठी एवं राहुल कुमार ने निभाया है। इस अवसर पर डीएसडब्ल्यू प्रो. पवन मिश्रा, डॉ. नृपेंद्र वीर सिंह, प्रो. रौशन कुमार, प्रो. एच के निगम, डॉ. राजेश प्रताप, डॉ. पंकज मिश्रा, डॉ. जयनाथ यादव, डॉ. किशोर कुमार तथा विश्वविद्यालय परिवार के अन्य संकायगण एवं अधिकारीगण मौजूद रहे तथा छात्रों का उत्साहवर्धन किया है।

## लोकसभा चुनाव को लेकर निर्वाचित पदाधिकारियों ने दिए निर्देश

गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी गया डॉ॰ त्यागराजन एसएम की अध्यक्षता में आगामी लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारी को लेकर सभी निर्वाचि पदाधिकारी एव निर्वाचन कार्य से जुड़े जिला स्तरीय पदाधिकारी के साथ समाहरणालय सभा कक्ष में बैठक कर कई आवश्यक निर्देश दिए हैं।गया जिलें कुल-मतदाताओं की संख्या-3037947 है, जिसमें पुरूष-1578310 एवं महिला-1459582 अन्य-55 है। जिसमें गया जिलें में कुल-87073 नये मतदाता का नाम जोड़ा गया है। जिले में 3254 बूथ हैं। कार्मिक कोषांग गया द्वारा जिले के कुल 393 कार्यालयों के शाखाओं से कुल 23178 सरकारी कर्मियों का डाटा एकत्रित किया गया है। शेष और विभागों से कर्मियों का नाम प्राप्त किया जा रहा है, ताकि चुनाव के विभिन्न कार्यों में उनसे सहयोग लिया जा सके। जिला पदाधिकारी ने सभी निर्वाचि पदाधिकारी को स्पष्ट निर्देश दिया कि इलेक्शन मोड में आकर पूरी अच्छी तरीके से कार्य करना सुनिश्चित करें, ताकि सभी तैयारियां समय पर पूर्ण होते हुए निर्वाचन का कार्य सफलता पूर्वक कराया जा सके।

# डीएम ने वार्षिक इन्टर मीडियएट सैद्धान्तिक परीक्षा 2024 का केंद्र का लिया जायजा



प्रात : किरण संवाददाता

भागलपुर। जिला क्षेत्र भ्रमण के क्रम में वर्णित स्थानीय जिला स्कूल प्रांगण में जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी ने पहुंच कर इन्टरमीडियएट वार्षिक सैद्धान्तिक परीक्षा 2024 का जायजा लेते हुए विद्यालय के विधि व्यवस्था का निरीक्षण किया। निरीक्षण क्रम में जिलाधिकारी ने विद्यालय के विभिन्न वर्ग कक्षों में पहुंचे एवं परीक्षा कार्य को बारीकियों के साथ अवलोकन करने के साथ देखा साथ ही उक्त अवसर पर परीक्षा के सुचारू संचालन हेतु की गई तैयारियों के संबंध में विद्यालय प्रबंधन से जानकारी प्राप्त की गई। जहां उन्होंने परीक्षा को लेकर यथोचित दिशा निर्देश दिये। इस मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित विभागीय पदाधिकारी भी उपस्थित थे। ज्ञात हो कि परीक्षा का आयोजन को लेकर 12 फरवरी से (केवल दिनांक- 04 फरवरी एवं 11फरवरी 2024 को छोड़कर) नियमित तिथियों तक किया जाना है। निरीक्षण के क्रम में परीक्षा शांतिपूर्ण वातावरण में संचालित होता पाया गया था। उक्त वर्णित परीक्षा का आयोजन जिला सदर अनुमंडल अंतर्गत 38, नवगछिया अनुमंडल अंतर्गत 6 एवं कहलगांव अनुमंडल अंतर्गत 6 परीक्षा केंद्रों पर किया जा रहा है।

## मगध पुस्तक मेला सह संस्कृतिक उत्सव कार्यक्रम समापन

गया। वंदे मातरम् युवा मिशन के द्वारा ग्यारह दिवसीय आयोजन, मगध पुस्तक मेला सह संस्कृतिक उत्सव कार्यक्रम आज विधिवत समापन किया गया है। जिसका आयोजन सुबह 10 बजे गणेश वंदना के साथ किया गया इसके पश्चात कविता प्रस्तुति भी की गई है। कार्यक्रम के आरंभ में मगध मेधा प्रतियोगिता अंतर्गत सभी प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त विजेताओं को प्रमाण पत्र और प्रतीक चिन्ह, मेडल आदि देकर सम्मानित किया गया है।कॉलेज स्तरीय नृत्य प्रतियोगिता मे सेकेंडरी डीपीएस स्कूल को प्रथम, श्रुति गुप्ता को द्वितीय और तृषा रंजन को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ है। गायन प्रतियोगिता मे आर्यन राज प्रथम, अर्चना कुमारी द्वितीय और रौशनी मित्तल तृतीय स्थान पर रहे। रंगोली प्रतियोगिता मे अवतिक कुमारी प्रथम, अंकित कुमार द्वितीय और जूनियर डीपीएस स्कूल ग्रुप तृतीय स्थान प्राप्त किया है। भाषण प्रतियोगिता मे कनिष्का अरशद प्रथम , आशी द्वितीय और राज नंदनी तृतीय स्थान प्राप्त पर रहे। स्लोगन मे शोभा आर्या प्रथम आई है।

# पूजा आयोजन को लेकर पुलिस व शांति समिति की संयुक्त बैठक हुई सम्पन्न

प्रात : किरण संवाददाता

नवगछिया (भागलपुर)। आगामी सरस्वती पूजा आयोजन को लेकर बिहपुर थाना प्रांगण में शांति समिति की संयुक्त बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की शुरूआत बिहपुर बीडीओ सत्यनारायण पंडित की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन थानाध्यक्ष राहुल कुमार ठाकुर ने किया। इस मौके पर सर्किल इंस्पेक्टर आलोक कुमार, दारोगा सुजीत कुमार उपस्थित थे। बैठक के क्रम में शांति व्यवस्था बनाये रखने को लेकर कई महत्वपूर्ण बिंदू पर चर्चा करते हुए बताया गया है कि आगामी 14 फरवरी को माँ सरस्वती की पुजा आयोजन को लेकर प्रतिमा स्थापित करने वाले स्थानीय पूजा आयोजक युवाओं को



लाइसेंस लेना अनिवार्य रूप से जरुरी होगा हैं। क्षेत्र इलाके के किसी भी पूजा स्थल पर डीजे प्रतिबंध रहेगा साथ ही हुड़दंग मचाने वाले लोगों के विरुद्ध पुलिस की चौकस निगरानी रहेगी। वही थानाध्यक्ष ने शांति समिति के सदस्यों के बीच चर्चा करते हुए कहा कि अगर किसी भी इलाके में डीजे बजा तो डीजे संचालक व पूजा कमेटी के सदस्यों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जायेगी। वही उन्होंने कहा कि पूजा स्थल पर अश्लील गाना नही बजे और पूजा पंडाल के आसपास ताश या जुआ खेल नही हो, बिना हेलमेट, ट्रिपल लोड बाइक न चलाए, रात्रि दस बजे के बाद साउंड सिस्टम व लाउडस्पीकर नहीं बजेगा। शराब पीकर हुड़दंग मचाने वाले लोगों पर निगरानी की जाएगी पकड़े जाने पर वैसे लोगों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जायेगी। इसी क्रम में थानाध्यक्ष श्री ठाकुर ने कहा कि शांतिपूर्ण सभ्य व नियंत्रित पूजा आयोजन संपन्न कराने पर पूजा कमेटी को पुरस्कृत किया जायेगा। इस मौके पर राम-जानकी ठाकुरबाड़ी के महंत नवल किशोर दास, पूर्व प्रमुख अरविंद चौधरी, मुखिया संघ के अध्यक्ष मनोज लाल, जिप सदस्य मोइन राइन, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष इरफान आलम, सरपंच सुल्तान किंग, प्रमोद सिंह उर्फ लालू, जीवन चौधरी, डीके शर्मा, अलख निरंजन पासवान सहित इलाके के जनप्रतिनिधि के अलावा प्रबुद्ध बुद्धिजीवी गण उपस्थित थे।

# पुराने संग्रहालय का संरक्षण संवर्धन जीर्णोद्धार करने को लेकर किया गया धरना प्रदर्शन सभा, सीबीआई जांच करने की उठी मांग

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। पटना संग्रहालय बचाओ संघर्ष समिति के बैनर तले म्यूजियम के समक्ष ऐतिहासिक धरोहर विरासत बचाओ, इतिहास संस्कृति बचाओ, संविधान लोकतंत्र बचाओ, देश बचाओ नारों के साथ पूर्व घोषित आंदोलन के तहत जनतांत्रिक तरीके से 6 सूत्री मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन सभा किया गया। धरना प्रदर्शन सभा में सैकड़ों सामाजिक राजनीतिक कार्यकर्ता, प्रोफेसर, शिक्षाविद, विद्वान, पत्रकार, लेखक, कवि, इतिहासकार, पुरातत्ववेत्ता, बुद्धिजीवियों आदि ने भाग लिया। सभा में इप्टा कलाकार, जसम कलाकार रंजन हिरावल एवं कठपुतली कलाकार सुनील कुमार, सरला देवी ने जनवादी क्रांतिकारी गीत प्रस्तुत किये। सभा की अध्यक्षता नंदकिशोर सिंह, पुष्पराज सहित अन्य पांच सदस्यीय अध्यक्षमंडल ने किया। सभा को भाकपा माले के अरविंद सिंह, कमलेश शर्मा, एन ए पी एम के आशीष रंजन, ऐतिहासिक धरोहर विरासत बचाओ अभियान-देश बचाओ अभियान के संस्थापक अध्यक्ष किरण देव यादव, गालिब, उदयन, देश बचाओ अभियान के सचिव धर्मेंद्र कुमार, प्रोफेसर नवल किशोर चौधरी, चक्रवर्ती अशोक प्रियदर्शी, बलदेव झा, उमेश सिंह, प्रोफेसर तरुण कुमार, नवोदिता झा, गणेश शंकर सिंह, किशोरी दास, अरुण कुमार सिंह, जवाहर निराला, अनिल यादव आदि दर्जनों वक्ताओं ने कहा कि 106 वर्षीय पुराने संग्रहालय के आधे से अधिक भाग को तोड़कर 542 करोड रुपए की लागत से पुराने संग्रहालय से नए संग्रहालय तक सुरंग का निर्माण कर आर्ट गैलरी बनाया जाएगा, जिससे ऐतिहासिक धरोहर के अस्तित्व पर संकट मंडरा रही है। जबकि अंग्रेजों द्वारा बनाया गया भव्य सुंदर सुदृढ़ इमारत को तोड़ना कहां तक उचित है ? यदि सुरंग बनाना ही है तो अन्यत्र रिक्त स्थलों पर निर्माण किया जा सकता है। हालांकि पटना बाढ़ व भूकंप प्रभावित क्षेत्र तथा गंगा के किनारे सघन आबादी वाले क्षेत्र है । ऐसी स्थिति में विभिन्न जगहों पर नवनिर्मित पूल जब ध्वस्त हो जा रही है, तो सुरंग ध्वस्त होने से आम जनों की काफी क्षति होने की संभावना बनी रहेगी। इसलिए किसी भी सूरत में सुरंग निर्माण करना जनहित में नहीं है। सामाजिक कार्यकर्ताओं ने कहा कि संग्रहालय का 60% पुरातत्व सामग्री, पांडुलिपि, ताम्रपत्र, विभिन्न दुर्लभ अद्भुत सामग्रियां को पुराने से नए म्यूजियम में स्थापित की गई है जो राहुल सांस्कृत्यान के द्वारा तिब्बत एवं अन्य देश से दुर्लभ सामग्री को एकत्रित किया गया था। उक्त सामग्री को तस्करी चोरी और बिक्री कर देने की भी संभावना दिख रही है, जिस प्रकार से दरभंगा के म्यूजियम में रखी अनुमानित 6 करोड रुपए की अष्टधातु के मूर्तियों सामग्रियों को तस्करी - चोरी करने का मामला उजागर हुआ है। समाजसेवियों ने महामहिम राज्यपाल एवं राष्ट्रपति से 2017 से ही बंद पड़े व संस्था के द्वारा संचालित निजीकृत म्यूजियम को जल्द चालू करने, जनहित में खोलने, स्थानांतरित सभी सामग्रियों को पुनर्वापसी कर पुराने संग्रहालय में समाहित करने, सामग्री को सूचीबद्ध कर कैटलॉग तैयार करने , उच्च स्तरीय जांच कमेटी गठित कर सीबीआई से जांच करने, देश, राज्य व खगड़िया जिला सहित सभी जिले के सभी ऐतिहासिक धरोहर विरासत को पर्यटन स्थल घोषित करने, जीर्णोद्धार करने, संरक्षण संवर्धन करने की मांग किया।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रखंडस्तरीय उन्मुखीकरण सह कार्यशाला आयोजित

नवगछिया (भागलपुर)। नवगछिया पुलिस जिला परिक्षेत्र अंतर्गत गोपालपुर प्रखंड कार्यालय स्थित आईटी भवन के सभागार में बीपीआरओ की अध्यक्षता में प्रखंड समन्वय समिति के द्वारा एक दिवसीय उन्मुखीकरण सह कार्यशाला आयोजित किया गया। आयोजित कार्यशाला में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. सुधांशु कुमार ने फाइलेरिया उन्मूलन हेतु आगामी 10 फरवरी से 26 फरवरी तक सर्वजन दवा सेवन हेतु चर्चा करते हुए विस्तार से बताया गया है। वही कार्यशाला में परिवार नियोजन पखवारा कार्यक्रम को सफल बनाने पर जोड़ देते हुए कई बिंदुओं पर चर्चा की गई। इस दौरान प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने बताया कि क्षेत्र की आशा कार्यकत्ताओं द्वारा घर-घर जाकर फाइलेरिया की दवा खिलाया जायेगी। इस मौके पर आंगनबाडी पर्यवेक्षिका, जीविका के बीपीएम, बीईओ, स्वास्थ्य प्रबंधक आतिश कुमार राय, सामुदायिक उत्प्रेरक सूरज कुमार, वैक्टर बोर्न डिजीज पर्यवेक्षक अभिषेक कुमार, पीरामल स्वास्थ्य सुमंत कुमार सिंह, एनजीओ पीसीआई कुमारी के अलावा भारी संख्या में आशा कर्मी मौजूद थी।

### मंजूषा आर्ट में नवोदय छात्रों ने दिखाई अपनी हुनरबाजी: प्राचार्य

नवगछिया (भागलपुर)। पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय नगरपारा के प्रांगण में पिछले आठ दिनों से मंजूषा आर्ट की कार्यशाला चल रही है। मंजूषा कला प्रशिक्षण केंद्र भागलपुर के कलाकार पवन कुमार सागर एवं प्रीति कुमारी के कुशल नेतृत्व में नवोदय के नामांकित बच्चों को कार्यशाला में विस्तार जानकारी साझा करते हुए उनके आर्टकला को बेहतर तरीके से सिखाया गया। वही कार्यशाला के क्रम में बच्चों के द्वारा आर्टकला की प्रदर्शनी लगाई गई थी। वही बच्चों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी में बच्चों की मेहनत को लेकर गहन करते दिख रही थी। कई दर्शक प्रदर्शित आर्ट कलाकृतियों के इस प्रदर्शनी को देखकर आगंतुकों को मंत्रमुग्ध कर दिया था। विगत शनिवार को पटना संभाग के उपायुक्त द्वारा औचक निरीक्षण के दौरान विद्यालय की गतिविधियों से संतुष्ट दिखे साथ ही साथ कार्यशाला में बच्चों की कला संस्कृति के इस कौशल विकास के लिए मंजूषा आर्ट के कलाकारों की तारीफ की। वही मामले को लेकर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य रोशन लाल ने बच्चों की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए आगे मधुबनी आर्ट कार्यशाला आयोजित कराने का आश्वासन दिया है। इस मौके पर विद्यालय के कई प्रतिभाशी छात्रों के अलावा अन्य मौजूद थे।

### महिला को उसके सौतेले बेटे ने मारी गोली: थानाध्यक्ष

नवगछिया (भागलपुर)। इन दिनों नवगछिया पुलिस जिला परिक्षेत्र इलाके में अपराधियों के कारनामों का दौर लगातार जारी है। इसी कड़ी में गोपालपुर थाना क्षेत्र के लत्तीपाकर गांव में एक और गोलीबारी की घटना सामने आई हैं। घटना को लेकर बताया जा रहा है कि स्थानीय ग्रामीण मुन्ना पोद्दार की पत्नी ललिता देवी को उसी के सौतेले पुत्र ने गोली मारकर हत्या का प्रयास मामला सामने आया है। वही गोली लगने से महिला गम्भीर रूप से जख्मी व घायल हो गई है। घायल महिला का इलाज पटना के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। वही अस्पताल के चिकित्सकों के मुताबिक महिला की हालत अभी भी नाजुक बतायी जा रही है। वही चिकित्सक के मुताबिक गोली महिला के कनपटी में फंसी हुई है। वही इधर घटना को लेकर स्थानीय गोपालपुर थाना की पुलिस पूरे मामले की जांच में उलझी हुई दिख रही है। घटित गोलीबारी के मामले को लेकर पुलिस कछुआ की चाल में दिख रही हैं तो वही पुलिस द्वारा अभी तक मामले को लेकर सिर्फ जांच ही खानापूर्ति करते दिख रही है। वही मामले को लेकर अभी तक पुलिस की किसी तरह की कार्रवाई नहीं की गई है।

# तारापुर शहीद दिवस राजकीय समारोह के रूप में मनाने को लेकर एसडीओ ने की बैठक

**प्रात: किरण संवाददाता**



तारापुर (मुंगेर 5 फरवरी। मंगलवार को अनुमंडल पदाधिकारी राकेश रंजन कुमार की अध्यक्षता में 15 फरवरी 1932 को तारापुर थाना भवन पर तिरंगा झंडा फहराने को लेकर हुए गोलीकांड में शहीद हुए स्वतंत्रता सेनानी की शहादत की याद में राजकीय समारोह को सफल बनाने को लेकर जनप्रतिनिधियों पत्रकार अधिवक्ता समाजसेवी चेंबर ऑफ कॉमर्स के लोगों के साथ एक विशेष बैठक आयोजित किया गया। बैठक में मुख्य रूप से भाग लेने वाले सभी प्रतिनिधियों ने समारोह का सफल संचालन को लेकर अपना-अपना पक्ष प्रशासन के समक्ष रखा। बैठक के दौरान एसडीओ श्री कुमार एवं डीएसपी सिंधु शेखर सिंह ने लोगों से बातचीत के दौरान बताया कि संपूर्ण शहर में 15 फरवरी के दिन साफ सफाई ट्रैफिक व्यवस्था से लेकर संध्या में उर्दू चौक से धौनी के बीच सभी दुकानदारों स्थानीय मकान मालिकों द्वारा दीपावली की तरह शाम ढलते ही दीप प्रज्वलित करने से लेकर अपने-अपने घरों के ऊपर तिरंगा झंडा लगाने एवं स्वयं अपने मकान पर लाइटिंग झालर की व्यवस्था सुनिश्चित करने का सामूहिक रूप से निर्णय लिया गया। बैठक में सुबह के 8:30 बजे शहीद स्मारक पर झंडोतोलन 1000 फीट का तिरंगा यात्रा के साथ-साथ शाम ढलते ही तारापुर थाना भवन के प्रांगण में एक शाम शहीदों के नाम सांस्कृतिक कार्यक्रम में सभी लोगों को बढ़ चढ़कर भाग लेने की अपील की गई। संध्या में होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम की जिम्मेदारी भूमि सुधार उप समाहर्ता व प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं असरगंज तारापुर संग्रामपुर के प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को दी गई।

बैठक में राजकीय समारोह के सफल कार्यक्रम के लिए सरकारी कोष नहीं रहने के कारण जनप्रतिनिधि पत्रकार अधिवक्ता व्यापारी चेंबर ऑफ कॉमर्स से सहयोग राशि भी स्वेच्छा से लेने पर विशेष बातचीत की गई। बैठक में कई जनप्रतिनिधि पत्रकार अधिवक्ता चेंबर ऑफ कॉमर्स ने स्वेच्छा से सहयोग राशि देने पर अपनी अपनी सहमति जताई। सहयोग राशि लेने के लिए अनुमंडल में कार्यरत प्रधान लिपिक पंकज कुमार सिंह को अधिकृत किया गया। संध्या में सरकारी एवं प्राइवेट स्कूली छात्र-छात्राओं के अलावे स्थानीय स्तर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम के कलाकारों के बीच पारितोषिक वितरण करने पर भी विचार विमर्श किया गया। अनुमंडल पदाधिकारी श्री कुमार ने तारापुर के आम आवाम नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम को बेहतर से बेहतर बनाने के लिए सभी लोगों का सुझाव और सहयोग आवश्यक है। कार्यक्रम को लेकर प्रबुद्ध लोगों के बीच आमंत्रण कार्ड भेजने से लेकर सहयोग राशि के लिए एक रसीद निर्गत करने पर चर्चा की गई। बैठक में शहीद स्मारक के समीप एक पुराना बिजली का खंभा वर्षों से जो झुका हुआ है जिसे कार्यक्रम के पहले उसे हटा लेने की जिम्मेदारी तारापुर के बिजली विभाग को दिया गया। इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार कार्यपालक पदाधिकारी कुंदन कुमार थाना अध्यक्ष अरविंद कुमार समाजसेवी चंद्र सिंह राकेश मंटू यादव हरे कृष्णा वर्मा अजय झा मोहम्मद भोलू मों अफजलहोदा मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### छापेमारी कर पुलिस ने मिनी गन फैक्ट्री का किया उद्भेदन

हवेली खड़गपुर (मुंगेर)। मिनीगन फैक्ट्री का उद्भेदन मुंगेर पुलिस के लिए आम बात हो गई है। वहीं हथियारों की तस्करी और तस्करों के गिरफ्तारी के लिए मुंगेर के पुलिस कप्तान और पुलिस के लिए चुनौती साबित हो रहा है। मुंगेर जिला मिनीगन फैक्ट्री के लिए पूर्व से बदनाम है। दियारा क्षेत्र एवं पहाड़ी इलाका मिनी गन फैक्ट्री चलाने के लिए सुरक्षित क्षेत्र माना जाता है नए एसपी और थाना अध्यक्ष ने मिनीगन फैक्ट्री एवं तस्करों के खिलाफ अब पुलिस का कमर कस लिया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शामपुर थाना के पहाड़ी इलाके में हथियार बनाने का मिनीगन फैक्ट्री का उद्भेदन किया गया है। शामपुर थाना अध्यक्ष के नेतृत्व में शामपुर पहाड़ी इलाकों में अभियान चलाकर मिनी गन फैक्ट्री का पता पर्दाफाश किया गया है। पुलिस ने बताया कि इस मामले में कई अर्ध निर्मित और निर्मित हथियार के अलावे हथियार बनाने का उपकरण पुलिस को बरामद हुआ है। पुलिस ने इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। दोनों से पूछताछ की जा रही है मिनी गन फैक्ट्री होने की पुष्टि गिरफ्तार अभियुक्त ने किया है। थाना अध्यक्ष नीतीश कुमार ने कहा की पकड़े गए दोनों अपराधी मिनी गन फैक्ट्री चलाते थे और तस्करों को हथियार की आपूर्ति करते हैं इस उद्भेदन से हथियार बनाने वाले और तस्करों करने वाले लोगों के बीच में हड़कंप मच गया है।

# निःशुल्क मोतियाबिंद निवारण शिविर का किया गया आयोजन



**प्रात: किरण संवाददाता**

हवेली खड़गपुर (कोट)। हरि शाखा दृष्टि भागलपुर के द्वार निःशुल्क नेत्र जांच व निशुल्क मोतियाबिंद निवारण शिविर का आयोजन मंगलवार को प्राचीन काली मंदिर खास बाजार में किया गया। इस निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का शुभारंभ राजद प्रखंड अध्यक्ष विपिन खिरहरी भाजपा नगर अध्यक्ष रजनीश झा वरिष्ठ भाजपा नेता शंभू केसरी वरिष्ठ जदयू नेता मनोज कुमार रघु हरि शाखा दृष्टि के प्रबंधक शंभू शंकर डॉक्टर अनिल कुमार यादव एवं डॉ अखिलेश सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस मौके पर हरि शाखा दृष्टि भागलपुर के डॉक्टर अनिल कुमार यादव व जूनियर डॉक्टर अखिलेश सिंह ने सभी लोगों का नेत्र जांच किया गया। मनोज कुमार रघु ने बताया की शिविर में कुल 315 लोगों का सर्वप्रथम आंख का जांच किया गया। इस में करीब 195 लोगो के आंखों में मोतियाबिंद पाया गया। जिसे आगामी दिनांक 08 फरवरी 2024 को भागलपुर अस्पताल में निशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा। हरि शाखा दृष्टि भागलपुर के डॉक्टर ने बताया कि 195 लोगों के आंखों में पाए गए मोतियाबिंद का ऑपरेशन किए जाने के बाद सभी को दवा, चश्मा, एवं कंबल भी साथ में मुफ्त दिया जाएगा। इस मौके पर हरि शाखा दृष्टि अस्पताल के प्रबंधक शंभू शंकर डॉ अनिल यादव जूनियर डॉक्टर अखिलेश सिंह कुमार सौरभ चंचल कुमार सिंह अनिल कुमार शर्मा मुकेश खिरहरी कैलाश रजक अशोक मिश्रा धर्मेंद्र चौरसिया सरदार छोटू सिंह प्रकाश मांझी इत्यादि लोग सहयोग में लगे हुए थे

# रामोत्सव कलश शोभा यात्रा में 1008 नारी शक्ति ने लिया हिस्सा

**प्रात: किरण संवाददाता**

तारापुर (मुंगेर 5 फरवरी)। भगवान श्रीराम की जन्मभूमि अयोध्या में भव्य मंदिर निर्माण को लेकर जहां देश भर में राममय वातावरण दिख रहा है। तो वहीं मंगलवार को तारापुर नगर पंचायत के धौनी ग्राम में आयोजित रामोत्सव के दौरान शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमें 1008 कलश लेकर नारी शक्ति ने उल्टा मंदिर से धौनी दुर्गा मंदिर तक पैदल पदयात्रा की। इस दौरान रथ पर राम दरबार के साथ डीजे पर भजन की धुन पर हजारों भक्त झूमते नजर आए। कलश यात्रा कार्यक्रम के मौके पर राम दरबार की आरती की गई। माला पहनाकर श्री राम जानकी लक्ष्मण और हनुमान जी का अभिनंदन किया गया। शोभा यात्रा में शामिल भाजपा प्रवक्ता जयराम विप्लव ने कहा कि 500 वर्षों की आस पूरी हुई। भारत का बच्चा बच्चा मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के रंग के रंग गया है। धर्म हमें जीवन जीने की राह दिखाता है। राम राज्य के लिए हमें समाज में राम के आदर्शों, मूल्यों, और मर्यादाओं, को स्थापित करना है। राम कथा के आयोजन से समाज की आत्मिक और बौद्धिक शुद्धि होती है। अयोध्या में राम राम जन्मभूमि पर बने भव्य मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के सफल आयोजन हेतु प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का हर राम भक्त अभिनंदन करता है। आने वाला समय राम राज्य का होगा। शोभा यात्रा में वृंदावन से पधारे कथावाचक देवकीनंदन भारद्वाज अपने शिष्यों के साथ सम्मिलित हुए। इस दौरान यजमान के रूप में शरत कुमार दास व उनकी धर्म पत्नी शिक्षिका पुंजन सौर्य संयोजक साहिल राज राजीव दास, सामाजिक कार्यकर्ता मनमोहन चौधरी, मंगल सिंह, विनीत सिंह, मनोरंजन, शुभम, अशोक कुमार दास, प्रेम रंजन, अभिनव आनंद, निरपेन्द्र कुमार दास, सहित हजारों से अधिक श्रद्धालु कलश यात्रा में मौजूद थे।

### खादी मेला सह उद्यमी बाजार का हुआ भव्य आयोजन

भागलपुर। स्थानीय सैंडिस कम्पाउंड के मैदान प्रांगण में खादी मेला सह उद्यमी बाजार का भव्य आयोजन किया गया है। मेला का उद्घाटन जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी द्वारा विधिवत रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। ज्ञात हो कि बिहार राज्य खादी ग्रामोद्योग बोर्ड, पटना एवं उद्योग विभाग, बिहार सरकार द्वारा निरंतर खादी मेला के माध्यम से बिहार से जुड़े हुए खादी एवं अन्य उद्यमियों को बढ़ावा देने का संयुक्त प्रयास किया जाता रहा है। इसी क्रम में इस बार राज्य स्तरीय खादी मेला सह उद्यमी बाजार बिहार के भागलपुर जिला में लगाया गया है। 10 दिनों तक चलने वाला यह मेला भागलपुर के सैंडिस कॉम्पाउंड में लगाया गया है। इस मेला में पूरे राज्य भर के एक सौ से अधिक खादी एवं ग्रामोद्योग संस्था ने भाग लिया है। मेला आयोजन को लेकर बताया जा रहा है कि 6 फरवरी से 15 फरवरी 2024 तक चलेगा। इस मेले में शहरी क्षेत्र के सैकड़ों उपभोक्ता मेला में सुबह 10 बजे से लेकर रात्रि 9 बजे तक खरीदारी कर सकेंगे।

# नियोजन सह व्यावसायिक मार्गदर्शन योजना के लिए आगामी 20 फरवरी को शिविर का होगा आयोजन

**प्रात: किरण, ब्यूरो**

मुंगेर। श्रम संसाधन विभाग बिहार के निर्देश पर जिला नियोजन पदाधिकारी द्वारा योग्य अभ्यर्थियों को नियोजन सेवा का विस्तार योजना के अंतर्गत टूल किट एवं नियोजन सह व्यावसायिक मार्गदर्शन योजना अंतर्गत स्टडी किट प्रदान करने के लिए आगामी 20 फरवरी को जिला नियोजनालय परिसर में नियोजन सह व्यावसायिक मार्गदर्शन शिविर का आयोजन किया गया है। इस योजना अंतर्गत प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए स्टडी किट व टूल किट प्रदान किया जाएगा। इसके लिए वांछित योग्यता एवं शर्तें भी रखा गया है। जिला नियोजन पदाधिकारी ने बताया कि टूल किट के उम्मीदवार को इलेक्ट्रीशियन फिटर मोबाइल रिपेयरिंग ब्यूटीशियन प्लंबर इलेक्ट्रोनिक्स आदि के लिए उम्र सीमा 18 से 35 वर्ष होगा। इसके लिए शैक्षणिक योग्यता संबंधित ट्रेड में बी एसडीएम आईटीआई समकक्ष परीक्षा में उत्तीर्ण अथवा एनएसक्यूएफ से मान्यता प्राप्त डिग्री होना चाहिए। इसके लिए वार्षिक आय 18 हजार से कम निर्धारित किया गया है। इसके लिए अभ्यर्थी को दिनांक 31 जनवरी 2024 को नियोजनालय अथवा एनसीएस पोर्टल पर न्यूनतम एक वर्ष से निबंधत होना अनिवार्य है।

उन्होंने बताया कि स्टडी किट के लिए अभ्यर्थी का उम्र 18 से 35 के बीच होना चाहिए और वैसे अभ्यर्थी जो स्नातक इंटरमीडिएट किसी सरकारी सेवा के रिक्त में आवेदन दिया हो और इनका वार्षिक आय 18000 से कम है जो नियोजनालय अथवा एन सी एस पोर्टल पर न्यूनतम एक वर्ष से निबंधत होना चाहिए। इस स्टडी किड्स के लाभुक जो दिव्यांगजन अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग और पिछड़ा वर्ग शामिल है स्टडी किड्स के ट्रेड यूपीएससी बीपीएससी एसएससी रेलवे बैंकिंग इत्यादि के लिए टूल किट्स प्रदान किया जाएगा। नियोजन पदाधिकारी ने बताया कि योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार आगामी 20 फरवरी 2024 के अपराह्न 5:00 बजे तक संबंधित प्रमाण पत्र की सभी प्रमाणित छाया प्रति के साथ जिला नियोजन प्राधिकारी मुंगेर के संबोधित करते हुए अपना आवेदन जिला नियोजनालय कार्यालय में जमा कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। आवेदकों का चयन विभागीय निर्देशानुसार उपनिदेशक (नियोजन) भागलपुर प्रमंडल भागलपुर के अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा किया जाएगा।

### हत्याकांड के अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

शाहकुंड (भागलपुर)। विगत दिनों अकबरनगर थाना परिक्षेत्र के भवनाथपुर स्थित आम बगीचे से एक छः वर्षीय बच्ची का शव बरामद किया गया था। उक्त घटना को लेकर वरीय पुलिस अधीक्षक, पुलिस अधीक्षक नगर एवं पुलिस उपाधीक्षक विधि-व्यवस्था के द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। वही घटना की जांच व आरोपियों की निशानदेही को लेकर एफएसएल टीम को घटना की जांच में लगाया गया था। वही एफएसएल टीम द्वारा घटना स्थल पर मौजुद प्रदर्शों (खुन लगा मिट्टी आदि) का विधिवत जांच को लेकर जब्त किया गया। वही पुलिस टीम द्वारा मृतक के पिता ने फर्द बयान में अपने चचेरा भाई पर आरोप हत्या का लगाया है। इस संबंध में मृतक के पिता के फर्द बयान के आधार पर अकबरनगर थाना में सुसंगत धाराओं के साथ आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया। वही वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक नगर की निगरानी में पुलिस उपाधीक्षक के नेतृत्व में एक एसआइटी का गठन किया गया। गठित टीम को कांड उद्भेदन एवं अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया था। वही गठित टीम द्वारा घटना के महज 24 घंटे के अंदर कांड के मुख्य आरोपी अभियुक्त गोहिया उर्फ रोही कुमार को तकनीकी अनुसंधान के तहत योजनाबद्ध तरीके से गिरफ्तार कर लिया गया है। उक्त आशय की जानकारी सिटी एसपी कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान साझा करते हुए एसपी मि. राज ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त गोहिया के निशानदेही पर माचिस का डिब्बा एवं अपराध के समय अभियुक्त द्वारा धारण किये गए कपड़ों को भी पुलिस टीम द्वारा जब्त किया गया है। वही उन्होंने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान गोहिया उर्फ रोही कुमार पिता लखन ऋषि देव साकिन हरिनगर थाना अकबरनगर भागलपुर है। वही उसके निशानदेही पर घटना स्थलीय जांच अनुसंधान के क्रम में खुन लगा मिट्टी, जला हुआ कपड़ा, बोतल, एवं माचिस आदि बरामदगी सूची में शामिल हैं। वही उन्होंने कहा कि गठित टीम द्वारा घटना का उद्भेदन में प्रयास काफी बेहतर रहा है जो सराहनीय है।

### वन विभाग की रेस्क्यू टीम ने 90 किलो वजनी अजगर को पकड़ा

भागलपुर। पीरपैंती प्रखंड के अम्मापाली गांव इलाके के पकड़िया मैनी नदी पुलिया से कुछ दूरी पर एक विशालकाय अजगर बरामद किया गया है। जिसका वजन नब्बे किलो से ऊपर का बताया जा रहा है। वही स्थानीय ग्रामीणों द्वारा मामले की सूचना वन विभाग को दी तभी वन विभाग की रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंचकर उक्त विशालकाय अजगर को भारी मस्कत के बाद पकड़ने में सफल रहे थे। वही वन विभाग पिरपैंती के वनरक्षक अमन कुमार वनपाल पूनम की रेस्क्यू टीम ने जब अजगर को देखा तो त्वरित इसकी सूचना भागलपुर के वन विभाग के अधिकारियों को दिया गया। जिसके कुछ घंटे बाद रेंजर एन के सिंह और मो. अरशद अपनी समुचित टीम के साथ मौके पर पहुंच कर तकनीकी यंत्र सहित कैच पाइप का सहयोग ले अजगर को पकड़ने में सफलता प्राप्त की। वही रेस्क्यू टीम के अधिकारियों ने बताया कि अजगर सुंदरबन भागलपुर ले जाया जा रहा है। जहां इसे सुरक्षित व्यथा के बीच रखा जायेगा। वही उन्होंने कहा कि इस विशालकाय अजगर का इलाके में मिलना यह प्रतीत होता है कि इलाके में और भी प्रजाति हो सकती हैं इसके लिए सर्च ऑपरेशन अभियान चलाया जायेगा, जिसके लिए विभागीय स्तर पर बात की जाएगी।

# घटना के पांच दिन बाद भी नहीं खुला मार्केट

- मार्केटिंग परिसर के ऊपर दिनदहाड़े हुई थी गोलीबारी
- घटना को लेकर स्थानीय दुकानदारों के बीच बना है दहशत का माहौल



**प्रात: किरण संवाददाता**

नवगछिया (भागलपुर)। नवगछिया पुलिस जिला परिक्षेत्र के गोपालपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत पंचगछिया मुख्य बाजार स्थित मार्केटिंग कंपलेक्स में बीते दिनों रंगदारी की मांग को लेकर दिनदहाड़े अपराधियों ने गोलीबारी की घटना सामने आई थी। उक्त मामले को लेकर नवगछिया पुलिस जिला के नवनियुक्त एसपी पूरण कुमार झा के द्वारा स्वतः घटना की जांच किये जाने के बावजूद भी मार्केटिंग कॉम्प्लेक्स परिसर में संचालित सभी दुकानदार के बीच भय का माहौल बना हुआ दिख रहा है। घटना के पांच दिन बीत जाने के बाद भी दुकान नहीं खुला है। आलम यह है कि स्थानीय दुकानदार के बीच अपराधियों के इस तरह खुलेआम घटना को अंजाम दिये जाने से आसपास के दुकानदारों में भी किसी बड़ी घटना घटित होने का संसय बना हुआ दिख रहा है। ज्ञात हो कि घटना को लेकर नवगछिया एसपी ने कहा था कि घटना के आरोपियों के विरुद्ध कठौर से कठौर कार्रवाई करते हुए अपराधी को सलाखों के पीछे भेजा जायेगा, लेकिन घटना को लेकर मार्केटिंग कॉम्प्लेक्स परिसर के दुकान संचालक के द्वारा मिली जानकारी के मुताबिक पुलिस सुरक्षा नहीं मिलने के कारण मार्केटिंग कॉम्प्लेक्स को तत्काल बंद कर दिया है। सभी दुकानदार यहां से दुकान बंद कर अपना रोजगार को लेकर आशंकित चल रहे है। वही घटना को लेकर सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मार्केटिंग कंपलेक्स स्थानीय सुधीर साह का था जहां कुछ वर्ष पूर्व भी इलाके के कुख्यात अपराधी छोटू के दहशत से गांव छोड़ दिया था, लेकिन यहां पर जिस तरह से अपराधियों के द्वारा पुनः गोलीबारी की घटना को दिनदहाड़े अंजाम दे दहशत फैलाया गया। इससे स्थानीय कॉम्प्लेक्स के संचालक सुधीर साह के द्वारा इस मार्केटिंग परिसर को धरहरा के किसी व्यक्ति के हांथो बेच दिया गया है। इसके बाद से अपराधियों की नजर उक्त नये कॉम्प्लेक्स के मालिक से रंगदारी की मांग को लेकर के गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया गया है। वही दिनदहाड़े घटित इस घटना से पंचगछिया परिक्षेत्र इलाके में सभी आम दुकानदार के बीच दहशत का माहौल बना दिख रहा है। वही मामले को लेकर गोपालपुर थानाध्यक्ष मिथिलेश कुमार ने बताया कि पंचगछिया में 112 एवं अन्य पुलिस बल की नियुक्ति की गई है। अगर बाजार इलाके में किसी भी व्यवसायी को इस घटना से परेशानी है तो उसे हम लोगों के पास जानकारी देने की अपील की गई हैं। वही उन्होंने कहा है कि हम लोग उन्हें पूरी सुरक्षा प्रदान करेंगे। वही थानाध्यक्ष ने कहा है कि क्षेत्र इलाके मे शांति कायम रखने की दिशा में हर समय तातपर्य है और हमारी पुलिस टीम की 24 घंटे बाजार परिसर में निगरानी बनी रहेगी। किसी भी हालत में अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा क्षेत्र इलाके में अपराधी की कोई भी गतिविधि को चलने नही दिया जाएगा।

# जमीनी विवाद में दबंगों ने की गोलीबारी, गांव में मची दहशत

**प्रात: किरण संवाददाता**

नवगछिया (भागलपुर)। मुख्यालय के निर्देश पर नवगछिया पुलिस जिला परिक्षेत्र इलाके में बड़ी संख्या में पुलिस प्रशासन का जिला फेरबदल का दौर जारी है। इसी का फायदा उठा कर एक बार फिर अपराधी अपने मंसूबों को पूरा करने की होड़ मचा दी है। इसी कड़ी में भवानीपुर ओपी परिक्षेत्र अंतर्गत बिरबन्ना में जमीनी विवाद को लेकर एक फिर गोलीबारी की घटना सामने आई है। घटना को लेकर सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक देर रात गांव इलाके में दहशत फैलाने के लिए आग्नेयास्त्र से लैस एक दर्जन से भी अधिक दबंगों ने स्थानीय फूटेस यादव के दरवाजे पर चढ़कर गोलीबारी की वारदात को अंजाम दिया है। दबंगों ने करीब आधा दर्जन से अधिक गोली फायरिंग किये जाने की बात बताई जा रही है। वही आधी रात को गोलियों की तड़तड़ाहट से बिरबन्ना इलाके में दहशत का माहौल बना हुआ है। वही गोलियों की तड़तड़ाहट से डरे लोग अपने घरों से बाहर निकलने से कतराते नजर आ रहे हैं। वही दबंगों द्वारा किये गोलीबारी में फुटेश यादव सहित उनके परिवार के लोग घर के भीतर छिपकर अपनी जान बचाव में जद्दोजहद करते रहे और दबंग गोलीबारी करते रहे थे। हालांकि गोलीबारी की घटना में किसी तरह के हताहत होने की सूचना नही मिली। वही क्षेत्र में गोलीबारी की सूचना मिलते ही भवानीपुर ओपी थाना के थानाध्यक्ष महेश कुमार सदलबल के साथ मौके पर गांव पहुंचे। लेकिन पुलिस के पहुंचने के पूर्व ही सभी अपराधी मौके से भाग निकलने में सफल रहे थे। वही पुलिस ने घटना स्थल से 3 जिंदा गोली और 5 खोखा बरामद किया है। इधर घटना को लेकर फूटेस यादव ने भवानीपुर ओपी में आवेंदन देकर न्याय की गुहार लगाने के साथ केस दर्ज कराया है। जिसमें गांव के ही मुकेश यादव समेत अन्य 12 लोगों के विरुद्ध रंगदारी मांग को लेकर घर पर चढ़कर गोलीबारी करने व अन्य आरोप लगाया है। इस मामले को लेकर भवानीपुर ओपी हजसन थानाध्यक्ष महेश कुमार ने बताया कि पीड़ित परिवार द्वारा दिये गये आवेंदन पर कांड दर्ज कर पुलिस जांच में जुट गई है। मामला जमीनी विवाद से जुड़ा है।

# यातायत के सुचारू प्रबंधन पर हुई बैठक: डीएम

- प्रबुध नागरिकों व प्रशासनिक पदाधिकारियों के साथ हुई बैठक

**प्रात: किरण संवाददाता**




भागलपुर। जिला समाहरणालय स्थित समीक्षा भवन में जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी की अध्यक्षता में यातायत प्रबंधन के सुचारू प्रबंधन विषय पर प्रबुध गणमान्य नागरिकों के साथ बैठक का आयोजन किया गया है। बैठक में यातायत प्रबंधन के तहत जाम की समस्या से निपटने एवं शहर के समेकित विकास की संभावना पर विस्तृत विचार विमर्श किया गया। उक्त अवसर पर बैठक में उपस्थित विभिन्न संगठनों का प्रतिनिधित्व कर रहे प्रबुध गणमान्य नागरिकों को शहरी क्षेत्र में लगातार हो रही जाम की समस्या से निदान हेतु प्रस्तावित तैयारियों के संबंध में अवगत कराया गया। वही जिलाधिकारी द्वारा जानकारी दी गई कि सभी महत्वपूर्ण चौक चौराहों के 100 मीटर के परिधि में लाल मार्किंग से चिन्हित किया जायेगा। जिसमें कोई ठेला नही लगेगा। वही यातायात व्यवस्था को लेकर सुझाव दिया गया कि ट्रैफिक मीटर में दर्ज समय सीमा को एक सौ को घटा कर 70 प्रति सकेंड के आस-पास का मीटर में किया जाय। जिस पर ठोस निर्णय लेने का आश्वासन दिया गया है। ट्रैफिक सिगनल 45 सकेंड की अवधि का होगा। जानकारी दी गई कि बस पड़ाव हेतु जगदीशपुर से संबंधित रिक्साडी में बस पड़ाव हेतु 02 एकड़ जमीन चिन्हित कर ली गई है। जिसका स्थल निरीक्षण अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी द्वारा किया गया है, जिसके संबंध में शीघ्र ही यथोचित निर्णय लिया जायेगा। वही जानकारी दी गई कि यातायत के सुचारू प्रबंधन द्वारा निर्मित ढ़का हुआ नाला को पैदल यात्री पट्टी के रूप में उपयोग किया जाना प्रस्तावित है। जिससे शहर के समेकित विकास, जाम की समस्या के स्थाई निदान के संदर्भ में बैठक में उपस्थित प्रबुध नागरिकों द्वारा उपयोगी एवं महत्वपूर्ण है। वही दिये गये सुझाव के साथ साथ कहा गया है कि शहरी क्षेत्र इलाके में कचड़ा उठाव व नाला सफाई संबंधि कार्य यदि रात्रि में किया जाय तो जाम की समस्या से बचा जा सकता है साथ ही प्रदूषन से बचाव हेतू प्रभावकारी निदान के रूप में निर्धारित अवधि को पूर्ण कर चूके पुराने वाहनों के परिचालन पर रोक के संबंध में सुझाव दिया गया है, तदनुसार जिला परिवहन पदाधिकारी को इस संबंध में विभाग से मार्गदर्शन प्राप्त करते हुए अविलम्ब यथोचित कार्रवाई हेतु निदेशित किया गया है। बैठक में प्रबुध नागरिकों ने शहर के पर्यटकीय क्षेत्रों जैसे महिष मेंही आश्रम, बुढ़ नाथ मंदिर एवं अन्य संबंधित क्षेत्रों के विकास की संभावना पर कार्य करने के संबंध में सुझाव दिया है। जिसके संबंध में अविलम्ब यथोचित कार्रवाई करने का आश्वासन जिलाधिकारी द्वारा दिया गया है। वही बैठक के दौरान हुए विचार विमर्श क्रम में यह संज्ञान में लाया गया कि व्यवसायिक वाहनों सहित टोटो परिचालन क्रम में कभी-कभी एम्बुलेंस को रोकना पड़ता परिणाम स्वरूप असहज स्थिति उत्पन्न हो जाती है।

### पंचायती राज पदाधिकारी ने दुकान को किया सील, जड़ा ताला

शाहकुंड (भागलपुर)। प्रखंड परिक्षेत्र इलाके में इन दिनों अजीबोगरीब कारनामा देखने को मिल रहा है जिसे सुनकर लोगों के बीच चर्चा का माहौल बना हुआ है कि सरकारी आदेशों के बावजूद लोग अपने जिद्द पर अड़े हुए हैं। मामले को लेकर बताया जा रहा है कि प्रखंड मुख्यालय में स्ववित योजना के तहत कई भवन निर्माण का कार्य किया गया है। वही दूसरी तरफ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहकुंड के समीप बने जलमीनार (पियाऊ) से सटे निर्मित दुकान के ऊपरी तल पर बने दुकान का बंद सील अज्ञात लोगों द्वारा तोड़ दिया गया है। वही मामले को लेकर प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बताया जा रहा है कि दुकान के ऊपरी तल बने दुकान को स्थानीय प्रशासन द्वारा आवंटित दुकान को अवैध रूप से स्थानीय इलाके के बतौर ऑनर राम विलास सिंह के द्वारा अवैध तरीके से दुकान बनाकर प्रिंस कुमार के नाम आवंटित किया गया था।

# पंचदिवसीय युवा सशक्तिकरण कार्यक्रम हुआ संपन्न

**प्रात: किरण संवाददाता।**



नवगछिया (भागलपुर)। आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा आयोजित पंचदिवसीय युवा सशक्तिकरण योजना के तहत प्रथम प्रशिक्षण शिविर अर्जुन कॉलेज आफ नर्सिंग रँगरा नवगछिया के प्रांगण में विधिवत संपन्न हुआ। इस मौके पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में भागलपुर के अपर जिलाधिकारी श्वेता भारती, नवगछिया के पुलिस अधीक्षक पूरण झा, अनुमंडल अधिकारी उत्तम कुमार, महाविद्यालय की अध्यक्षा नीलम देवी, भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण समिति के निर्देशक राजीव रंजन एवं रंगड़ा प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी अनू भारती शिरकत किया। इस दौरान कोसी क्षेत्र के 6 जिलों के 350 छात्र-छात्राओं ने विगत 5 दिनों में मानसिक तनाव पर संतुलन पाने की विधि का प्रशिक्षण लेने के साथ शाररिक व मानसिक स्तर पर कई तकनीकी कला ज्ञान के गुणों को सीखी है। वही एकाग्रचित्तता भाव एवं आत्मविश्वास से चेतना जागृत कर अपने लक्ष्य को पाने के तरीके प्रशिक्षक द्वारा सिख दी गई। सुदर्शन क्रिया सीखा एवं उनके नियमित अभ्यास से असीम आत्मिक शांति एवं खुशी का अनुभव प्राप्त किया जा सकता है और शांत चित्त में ही सही निर्णय लिया जा सकता है। व्यक्तित्व के विकास एवं प्रभावशाली कम्युनिकेशन स्किल को भी लाभार्थियों ने सीखा है। श्वेता भारती ने अपने संबोधन में प्रतिभागियों को बताया कि वे बड़े लक्ष्य को निरंतरता, समर्पण एवं सकारात्मक सोच से आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। वही उन्होंने नवगछिया जैसे क्षेत्र में रोजगारोन्मुखी शिक्षा के दीप जलाने के लिए महाविद्यालय प्रबंधन को कोटिशह धन्यवाद दिया एवं जिला प्रशासन से हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। वही पूरन झा ने छात्राओं को स्वावलंबी होने के लिए प्रेरित किया और उन्होंने कहा कि एक महिला के शिक्षित एवं स्वावलंबी होने से परिवार एवं समाज का विकास होता है। इसी क्रम में अनुमंडल अधिकारी उत्तम कुमार ने कहा कि आर्ट ऑफ लिविंग का अर्जुन कॉलेज प्रांगण में आयोजित होने से युवा सशक्तिकरण योजना का समझौता एक सराहनीय कदम रहा है।

| टी-20 | कब | वेन्यू | समय |
|---|---|---|---|
| पहला | 6 जुलाई 2024 | हरारे स्पोर्ट्स क्लब | शाम 4:30 बजे से |
| दूसरा | 7 जुलाई 2024 | हरारे स्पोर्ट्स क्लब | शाम 4:30 बजे से |
| तीसरा | 10 जुलाई 2024 | हरारे स्पोर्ट्स क्लब | रात 9:30 बजे से |
| चौथा | 13 जुलाई 2024 | हरारे स्पोर्ट्स क्लब | शाम 4:30 बजे से |
| पांचवां | 14 जुलाई 2024 | हरारे स्पोर्ट्स क्लब | शाम 4:30 बजे से |



# जुलाई में जिम्बाब्वे का दौरा करेगी टीम इंडिया

- 5 टी-20 मैचों की सीरीज खेलेगी
- हरारे में होंगे मुकाबले

नईदिल्ली (एजेंसी)। जून में टी-20 वर्ल्ड कप के बाद भारतीय टीम जुलाई में जिम्बाब्वे का दौरा करेगी। जिम्बाब्वे क्रिकेट और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने मंगलवार को दौरे की घोषणा की। दौरे में भारतीय टीम जिम्बाब्वे के खिलाफ पांच मैचों की टी-20 सीरीज खेलेगी। मुकाबले 6 से 14 जुलाई के बीच खेले जाएंगे, सभी मुकाबले हरारे में होंगे।

### आखिरी बार 2022 में किया था दौरा

भारतीय टीम ने 2022 में आखिरी बार जिम्बाब्वे का दौरा किया था। इस दौरान टीम ने 3 वनडे मैचों की सीरीज खेली थी। टीम ने तीनों मैच जीतकर सीरीज पर 3-0 से कब्जा जमाया था। आखिरी टी-20 सीरीज भारत ने जिम्बाब्वे में 2016 में खेली थी, जहां टीम इंडिया 2-1 से जीती थी।

### ग्लोबल क्रिकेट को बढ़ाना हमारी जिम्मेदारी - जय शाह

बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा, बीसीसीआई ने वर्ल्ड क्रिकेट कम्युनिटी में योगदान देने में हमेशा महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। हम समझते हैं कि यह जिम्बाब्वे के लिए रिबिल्डिंग का दौर है और इस समय जिम्बाब्वे क्रिकेट को हमारे समर्थन की जरूरत है।

### मेजबानी के लिए हम रोमांचित हैं -जेडसी अध्यक्ष

जेडसी के अध्यक्ष तवेंगवा मुकुहलानी ने कहा, हम जुलाई में टी-20 सीरीज के लिए भारत की मेजबानी करने के लिए बिल्कुल रोमांचित हैं। इस साल भारत का यहां आना हमारे देश के लिए सबसे बड़े इवेंट्स में से एक होगा। दौरे के महत्व और परिमाण पर अधिक जोर नहीं दिया जा सकता है, खासकर जब यह ऐसे समय में आ रहा है जब हम खुद को बेहतर कर रहे हैं। इस दौरे की पुष्टि जेडसी और बीसीसीआई के बीच चर्चा के बाद हुई। इस दौरे का उद्देश्य दोनों देशों के बीच बाइलैटरल टाइज को मजबूत करना है।

### वर्ल्ड कप नहीं खेलेगा जिम्बाब्वे

जिम्बाब्वे इस साल होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई नहीं किया।इस साल अफ्रीका से नामिबिया, युगांडा और साउथ अफ्रीका खेलेंगे। 2023 में वनडे वर्ल्ड कप भी नहीं खेल सका था। टीम ने आखिरी बार 2022 का टी-20 वर्ल्ड कप खेला था, जिसमें वह लीग स्टेज से बाहर हो गया था। इससे पहले, टीम आईसीसी के प्रतिबंध के कारण 2021 का वर्ल्ड कप नहीं खेल सकी थी। इतना ही नहीं, टीम 2019 के वनडे वर्ल्ड कप के लिए भी क्वालिफाई नहीं हुई थी।

# रोहित शर्मा को क्यों मुंबई इंडियन की कप्तानी से हटाया, कोच मार्क बाउचर ने खोला राज

केप टाउन (एजेंसी)। मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच मार्क बाउचर ने खुलासा किया है कि रोहित शर्मा को टीम की कप्तानी से हटाना एक कठिन निर्णय था। रोहित शर्मा आईपीएल 2024 से पहले इसलिए सर्वाधिक चर्चा हासिल कर रहे हैं क्योंकि जिस मुंबई इंडियंस को उन्होंने 5 बार बतौर कप्तान खिताब दिलाया है, उसके अब वह कप्तान नहीं रहेंगे। मुंबई इंडियंस ने गुजरात टाइटंस को दो बार फाइनल में पहुंचाने वाले हार्दिक पांड्या को कप्तान बनाया है। इस फैसले के बाद बाउचर ने कहा कि फ्रेंचाइजी प्रबंधन



यह फैसला इसलिए लिया क्योंकि वह रोहित से अतिरिक्त बोझ हटाना चाहते थे।

बाउचर ने दक्षिण अफ्रीका में एक पॉडकास्ट पर बात करते हुए कहा कि हमने हार्दिक को एक खिलाड़ी के रूप में वापस लाने के लिए विंडो देखी। हम अभी भी उन्हें (रोहित को) एक खिलाड़ी के रूप में चाहते हैं। हम जानते हैं कि वह टीम के लिए क्या कर सकते हैं। हम चाहते हैं कि वह कप्तानी के बोझ के बिना अपनी बल्लेबाजी का आनंद ले। संभवतः उनके बल्ले से कुछ सीज़न सर्वश्रेष्ठ नहीं रहे हैं, लेकिन उन्होंने कप्तान के रूप में अच्छा प्रदर्शन किया है। मुंबई इंडियंस समूह ने इस पर काफी सोचा और यह कदम उठाने की सोची।

बाउचर को उम्मीद है कि रोहित बल्ले से अधिक स्वतंत्र रूप से काम करेंगे। उन्होंने कहा कि वह अभी भी भारत की कप्तानी कर रहे हैं इसलिए प्रचार तो बना रहेगा, लेकिन जब वह आईपीएल में कदम रखेंगे, तो कप्तान के रूप में उन पर से अतिरिक्त दबाव हट जाएगा और हो सकता है कि हमें रोहित शर्मा से इस दौरान सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन मिल जाए। चेहरे पर अच्छी मुस्कान के साथ खेलना और खूबसूरत परिवार के साथ समय बिताना, ऐसा करने का कोई आसान तरीका नहीं है। बाउचर ने कहा कि रोहित का व्यस्त कार्यक्रम भी भारतीय कप्तान पर दबाव डालता है। बाउचर ने कहा-एक बात जो मैंने रोह (उपनाम) के साथ समझी वह यह है कि वह एक शानदार लड़का है और वह सदियों से कप्तानी कर रहा है और वह वास्तव में अच्छा प्रदर्शन कर रहा है और न केवल एमआई के लिए बल्कि भारत के लिए भी, वह एक जगह जाता है और वहां जाता है। कैमरे उस पर हैं और वह बहुत व्यस्त है।

# विलियमसन ने लगाया 31वां टेस्ट शतक

### जो रूट से आगे निकले, साउथ अफ्रीका के खिलाफ न्यूजीलैंड को 528 रन की बढ़त



माउंड मेंगानुई (एजेंसी)। न्यूजीलैंड के केन विलियमसन ने टेस्ट क्रिकेट में 31वां शतक लगा दिया है। इसी के साथ वह एक्टिव प्लेयर्स में सबसे ज्यादा सेंचुरी लगाने वाले खिलाड़ियों में दूसरे नंबर पर पहुंच गए। उन्होंने इंग्लैंड के जो रूट को पीछे छोड़ा, जिनके नाम 30 टेस्ट शतक हैं। विलियमसन ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट की दूसरी पारी में 109 रन की पारी खेली। उन्होंने पहली पारी में भी शतक लगाकर 118 रन बनाए थे।

**न्यूजीलैंड को 528 रन की बढ़त-** माउंट मॅग्नानुई के बे ओवल मैदान में न्यूजीलैंड ने साउथ अफ्रीका पर 528 रन की बढ़त बना ली है। दिन का खेल खत्म होने तक टीम ने दूसरी पारी में 4 विकेट के नुकसान पर 179 रन बना लिए। पहली पारी में न्यूजीलैंड ने 511 और साउथ अफ्रीका ने 162 रन बनाए थे। मैट हेनरी और मिचेल सैंटनर ने 3-3 विकेट लिए।

**दूसरी पारी में न्यूजीलैंड की खराब शुरुआत-** टेस्ट के तीसरे दिन साउथ अफ्रीका ने अपनी पहली पारी 162 रन बनाकर खत्म की। न्यूजीलैंड ने 349 रन की बढ़त के साथ अपनी दूसरी पारी शुरू की। टीम ने दूसरी पारी में ओपनर टॉम लैथम का विकेट 10 रन के स्कोर पर ही गंवा दिया। लैथम 3 ही रन बना सके।

**विलियमसन के अलावा कोई नहीं टिका-** नंबर-3 पर उतरे केन विलियमसन के ओपनर डेवोन कॉन्वे के साथ दूसरे विकेट के लिए 92 रन की पार्टनरशिप की। कॉन्वे 29 रन बनाकर आउट हुए और दोनों की साझेदारी टूटी। उनके बाद रचिन रवींद्र भी 12 रन बनाकर आउट हो गए। विलियमसन ने तीसरे दिन का खेल खत्म होने से 4 ओवर पहले ही शतक पूरा कर लिया। सेंचुरी के बाद उन्होंने तेज खेलना शुरू किया लेकिन वह 109 रन बनाकर आउट हो गए।

एक्टिव प्लेयर्स में विलियमसन से ज्यादा शतक सिर्फ ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ ने लगाए हैं।

### नील ब्रांड को 2 विकेट

दिन का खेल खत्म होने तक न्यूजीलैंड ने दूसरी पारी में 4 विकेट के नुकसान पर 179 रन बना लिए। डेरिल मिचेल 11 और टॉम ब्लंडेल 5 रन बनाकर नॉटआउट रहे। टीम की कुल बढ़त 528 रन की हो चुकी है। ऐसे में संभव है कि चौथे दिन की शुरुआत से ही साउथ अफ्रीका अपनी दूसरी पारी में बैटिंग शुरू कर दे।

साउथ अफ्रीका से दूसरी पारी में कप्तान नील ब्रांड ने 2 विकेट लिए। एक-एक विकेट डेन पैटरसन और रुआन डे स्वार्ट को भी मिला। ब्रांड ने पहली पारी में 6 विकेट लिए थे। वह अपना डेब्यू मैच खेल रहे हैं। साउथ अफ्रीका के कप्तान नील ब्रांड ने दूसरी पारी में 2 विकेट लिए। उन्होंने पहली पारी में 6 विकेट लिए थे।

### साउथ अफ्रीका ने 80/4 से आगे बढ़ाई पारी

साउथ अफ्रीका ने तीसरे दिन अपनी पहली पारी में 80/4 के स्कोर से आगे बढ़ाई। डेविड बेडिंघम और कीगन पीटरसन ने खेलना शुरू किया। बेडिंघम ज्यादा देर टिक नहीं सके और 83 के स्कोर पर टीम ने पांचवां विकेट गंवा दिया। बेडिंघम 32 रन बनाकर पवेलियन लौटे। उनके बाद रुआन डे स्वार्ट खाता खोले बगैर ही एलबीडब्ल्यू हो गए।

### पीटरसन टिके, दूसरे एंड से गिरते रहे विकेट

100 रन के अंदर 6 विकेट गंवाने के बाद पीटरसन ने टीम को संभाला। वह टीम को 100 रन के पार ले गए, लेकिन उनके सामने क्लाइड फॉर्चून 9 रन बनाकर आउट हो गए। पीटरसन ने टीम का स्कोर 150 के पार पहुंचाया लेकिन खुद भी 45 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। पीटरसन के जाते ही साउथ अफ्रीका ने अगले 10 रन बनाने में 2 विकेट गंवा दिए। शेफो मोरेकी 5 और डेन पैटरसन 1 रन बनाकर आउट हो गए। टीम 72.5 ओवर में 162 रन ही बना सकी।

### कप्तान साउदी को छोड़ सभी को मिले विकेट

न्यूजीलैंड के कप्तान टिम साउदी ने पहली पारी में 5 गेंदबाजों को आजमाया। पारी में उन्हें छोड़ सभी ने विकेट निकाले। मैट हेनरी (3) और काइल जैमिसन (2) की पेस जोड़ी ने मिलकर 5 विकेट निकाले। वहीं लेफ्ट आर्म स्पिनर्स मिचेल सैंटनर (3) और रचिन रवींद्र (2) ने भी मिलकर 5 ही विकेट लिए।

### दोनों टीमों की प्लेइंग इलेवन

न्यूजीलैंड- टिम साउदी (कप्तान), टॉम लैथम, डेवोन कॉन्वे, केन विलियमसन, रचिन रवींद्र, डेरिल मिचेल, टॉम ब्लंडेल (विकेटकीपर), ग्लेन फिलिप्स, मिचेल सैंटनर, काइल जैमिसन और मैट हेनरी।

साउथ अफ्रीका- नील ब्रांड (कप्तान), एडवर्ड मूर, रेनार्ड वान टोन्डर, जुबैर हमजा, डेविड बेडिंघम, कीगन पीटरसन, रुआन डे स्वार्ट, क्लाइड फोर्च्यून (विकेटकीपर), डुआन ओलिवर, शेफो मोरेकी और डेन पैटरसन।

# ऑस्ट्रेलिया ने 8 विकेट से जीता तीसरा वनडे

### वेस्टइंडीज 86 पर ऑलआउट, बार्टलेट को 4 विकेट; सीरीज 3-0 से कंगारुओं के नाम

ओवल (एजेंसी)। ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को तीसरे वनडे में 8 विकेट से हरा दिया है। कैनबेरा में पहले बैटिंग करते हुए वेस्टइंडीज टीम 86 रन ही बना सकी। ऑस्ट्रेलिया से जेवियर बार्टलेट ने 4 विकेट लिए।

87 रन का टारगेट होम टीम ने 6.5 ओवर में ही 2 विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया। जैक फ्रेजर मैगर्क ने 41 और जोश इंग्लिस ने 35 रन बनाए। तीसरे वनडे में जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया ने सीरीज भी 3-0 से अपने नाम कर ली।

**वेस्टइंडीज की शुरुआत ही खराब हुई-** कैनबेरा के मनुका ओवल मैदान पर ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। पहले बैटिंग करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत खराब रही। टीम ने 13 रन के स्कोर पर ही पहला विकेट गंवा दिया। योर्न ओटली 8 ही रन बनाकर जेवियर बार्टले का शिकार हुए। यहां से एलिक एथनाज ने कीसी कार्टी के साथ टीम को संभाला।



### पावरप्ले के बाद लगी विकेट की झड़ी

पहले पावरप्ले में एक ही विकेट गंवाने के बाद वेस्टइंडीज की पारी बिखर गई। 11वें ओवर में कार्टी 10 रन बनाकर आउट हुए। उनके बाद कप्तान शाई होप 4, एलिक एथनाज 32, रोस्टन चेज 12, रोमारियो शेफर्ड 1 और अल्जारी जोसेफ 6 रन बनाकर आउट हो गए।

टेडी बिशप, मैथ्यू फोर्ड, गुडाकेश मोटी और ओशन थोमस खाता भी नहीं खोल सके। टीम 24.1 ओवर में 86 रन ही बना सकी। ऑस्ट्रेलिया से जेवियर बार्टलेट को 4 विकेट मिले। लांस मौरिस और एडम जम्पा ने 2-2 विकेट निकाले, जबकि एक सफलता शॉन एबट को मिली। वहीं एक बैटर रन आउट भी हुआ।

# विश्व की सर्वश्रेष्ठ टीमों की शैली से परिचित होंगे भारतीय युवा खिलाड़ी : हरमनप्रीत



भुवनेश्वर (एजेंसी)। भारतीय हॉकी पुरुष टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने सोमवार को कहा कि एफआईएच प्रो लीग चरण में भारतीय टीम के युवा हॉकी खिलाड़ी दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों के खेलने शैली जान पाएंगे। हरमनप्रीत ने कहा कि हम अभी दक्षिण अफ्रीका के एक सफल दौरे से वापस लौटे हैं वहां हमें प्रो लीग से पहले फ्रांस, दक्षिण अफ्रीका और नीदरलैंड के खिलाफ अपने खेल को परखने का मौका मिला था। उन्होंने कहा कि इस बार कुछ युवा खिलाड़ियों को टीम में शामिल किया गया है और यह उनके लिए दुनिया की कुछ सर्वश्रेष्ठ टीमों की खेल शैली से परिचित होने का एक शानदार अवसर होगा।

भारतीय कप्तान ने कहा कि हम प्रो लीग को बहुत गंभीरता से ले रहे हैं क्योंकि इसे जीतने से हमें एफआईएच हॉकी विश्वकप 2026 के लिए सीधी क्वालिफिकेशन मिलेगी। इसके साथ ही यह आयोजन पेरिस 2024 ओलंपिक की तैयारी में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उल्लेखनीय है कि भारत प्रो लीग के इस सत्र के अपने पहले मैच में 10 फरवरी को स्पेन से, उसके बाद 11 फरवरी को नीदरलैंड के खिलाफ भिड़ेगा।

# माइकल क्लिंगर बने गुजरात जायंट्स के हेड कोच

### मिताली राज और नूशिन के साथ काम करेंगे, सीजन-1 में आखिरी स्थान पर थी टीम

सिडनी (एजेंसी)। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज माइकल क्लिंगर को विमेंस प्रीमियर लीग 2024 से पहले गुजरात जायंट्स का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। वह ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज राचेल हेन्स



की जगह लेंगे। क्लिंगर अब गेंदबाजी कोच नूशिन अल खादीर और सलाहकार मिताली राज के साथ काम करेंगे।

क्लिंगर के नियुक्ति के बारे में जानकारी देते हुए गुजरात जायंट्स की सलाहकार मिताली राज ने कहा कि माइकल क्लिंगर के टीम के साथ जुड़ने से खिलाड़ियों को अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में मदद मिलेगी। माइकल शानदार बैटर रहे हैं। उनके अनुभव का फायदा टीम के युवा खिलाड़ियों को होगा।

**क्लिंगर बीबीएल में भी कोच की भूमिका निभा चुके हैं-** क्लिंगर रिटायरमेंट के बाद 2019-20 दो सीजन के लिए बीबीएल में मेलबर्न रेनेगेड्स के मुख्य कोच रह चुके हैं। वहीं वह इस सीजन में डब्ल्यूबीबीएल में सिडनी थंडर के सहायक कोच थे। सिडनी थंडर इस सीजन में चौथे स्थान पर रही।

**पिछले साल गुजरात जायंट्स ने 2 मुकाबले ही जीते थे-** पिछले साल गुजरात जायंट्स का प्रदर्शन बेहद खराब रहा था। गुजरात जायंट्स को 8 में से 6 मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा था। टीम पॉइंट टेबल में सबसे नीचे 5वें स्थान पर थी।



# ऑस्ट्रेलिया की टी-20 टीम में कमिंस-स्टार्क की वापसी

### न्यूजीलैंड के खिलाफ मिचेल मार्श ही कप्तानी करेंगे; सीरीज 21 फरवरी से

सिडनी (एजेंसी)। ऑस्ट्रेलिया की टी-20 टीम में पैट कमिंस और मिचेल स्टार्क की वापसी हुई है। न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने अपनी टीम का ऐलान किया। वेस्टइंडीज के खिलाफ कप्तानी करने वाले मिचेल मार्श ही न्यूजीलैंड के सामने भी टीम की कप्तानी करेंगे।ऑस्ट्रेलिया टीम 21 फरवरी से न्यूजीलैंड दौरे पर रहेगी। टीम यहां 3 टी-20 और 2 टेस्ट खेलेगी। ऑस्ट्रेलिया फिलहाल वेस्टइंडीज के खिलाफ लिमिटेड ओवर्स सीरीज खेल रही है।

# फेबियन एलन के साथ गन पॉइंट पर लूट

### होटल के बाहर फोन और बैग छीना,फ्रेंचाइजी ने कहा- खिलाड़ी पूरी तरह सुरक्षित

जोहान्सबर्ग (एजेंसी)। वेस्टइंडीज के इंटरनेशनल क्रिकेटर फैबियन एलन के साथ बंदूक की नोंक पर लूट हो गई। जमैका के ऑलराउंडर वर्तमान में एस-20 लीग में खेल रहे हैं। 28 साल के एलन पार्ल रॉयल्स फ्रेंचाइजी का हिस्सा हैं।

फैबियन को जोहान्सबर्ग में टीम होटल के बाहर निशाना बनाया गया। बंदूक से लैस हमलावरों ने सैंडटन सन होटल के पास एलन को बंदूक दिखाकर उनका फोन और बैग समेत निजी सामान जबरन छीन लिया। इस घटना ने SA20 में भाग लेने वाले खिलाड़ियों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा दी है। पार्ल रॉयल्स टीम, एसए 20 और क्रिकेट वेस्टइंडीज के सूत्रों ने इस घटना की पुष्टि की है। फ्रेंचाइजी ने भी उनके सुरक्षित होने की पुष्टि की।

**फ्रेंचाइजी ने कहा, खिलाड़ी का पूरा ध्यान रखा जा रहा-** पार्ट रॉयल्स फ्रेंचाइजी ने घटना के बाद कहा, कैरेबियन ऑलराउंडर पूरी तरह सुरक्षित हैं। वह अपनी टीम के साथ एलिमिनेटर की तैयारी कर रहे हैं। फ्रेंचाइजी अपने प्लेयर्स की सेफ्टी का ध्यान रखने के साथ उन्हें पर्सनल टाइम भी देती है।



घटना के बाद खिलाड़ियों की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। फैबियन भी इस वक्त अच्छा महसूस कर रहे हैं और एलिमिनेटर खेलने के लिए अवेलेबल भी हैं।

**खिलाड़ियों की सुरक्षा में दूसरी बार चूक-** बीते दिनों एस20 के खिलाड़ियों की सुरक्षा में चूक का यह दूसरा मामला है। इससे पहले भी एक घटना हो चुकी है। यह लीग का दूसरा सीजन है, जो प्लेऑफ चरण में पहुंच गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### मेघालय में दो संदिग्ध डकैतों की भीड़ ने पीट-पीटकर हत्या कर दी

**शिलांग, एजेंसी।** मेघालय के दक्षिण-पश्चिम गारो हिल्स जिले में भीड़ ने तीन संदिग्ध डकैतों को बुरी तरह पीटा, जिससे उनमें से दो की मौत हो गई, जबकि दूसरे का तुरा सिविल अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी।पुलिस ने कहा कि दो संदिग्ध डकैतों की पहचान बालेन जी. संगमा (30) और स्केन डी. शिरा (30) के रूप में हुई है, जिन्होंने चोटों के कारण दम तोड़ दिया, जबकि तीसरे की पहचान बेतुवेल डी. शिरा (22) के रूप में हुई है, जिसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रविवार को हुई घटना के बाद पुलिस जलुआग्रे (मंगसांग गिट्टिम) पहुंची और घायल व्यक्ति को बचाया और मारे गए आरोपियों के शव बरामद किए।पुलिस ने एक मारुति 800 कार, खून के धब्बे वाली लकड़ी और बांस की छड़ें, एक क्षतिग्रस्त मोबाइल हैंडसेट, एक खुखरी (तेज धार वाला हथियार), एक क्षतिग्रस्त कलाई घड़ी, यूनाइटेड गारो पीपुल्स फोरम (यूजीपीएफ) के अध्यक्ष की एक मुहर भी जब्त की। मौके से विभिन्न पहचानपत्र, 1,700 रुपये नकद और यूजीपीएफ पदाधिकारियों के नाम वाली एक नोटबुक मिली।पुलिस के अनुसार, दो संदिग्ध डकैतों को हत्या, फिरौती के लिए अपहरण, जबरन वसूली और शस्त्र अधिनियम के उल्लंघन सहित विभिन्न अपराधों के लिए पहले भी गिरफ्तार किया गया था।

### हम कोई भी मस्जिद नहीं देंगे, बहुत हुआ। हम अदालत में लड़ाई लड़ेंगे-असदुद्दीन ओवैसी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** ज्ञानवापी मस्जिद मामला कोर्ट में है। इसी बीच ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने साफ कर दिया है कि मुस्लिम पक्ष अब कोई भी मस्जिद नहीं देगा। साथ ही उन्होंने बाबरी मस्जिद विध्वंस का जिक्र कर कहा है कि हम देखेंगे कि क्या होता है। हाल ही में वाराणसी के एक कोर्ट ने व्यासजी के तहखाने में पूजा के अधिकार के आदेश जारी किए थे। ओवैसी ने कहा, हम कोई भी मस्जिद नहीं देंगे, बहुत हुआ। हम अदालत में लड़ाई लड़ेंगे। अगर दूसरा पक्ष 6 दिसंबर जैसा काम दोबारा करना चाहता है, तो हम देखेंगे कि क्या होता है। हम एक बार धोखा खा चुके हैं। हम दोबारा धोखा नहीं खाएंगे। 6 दिसंबर को उत्तर प्रदेश के अयोध्या में बाबरी मस्जिद ढहा दी गई थी। समझौते की संभावनाओं पर उन्होंने कहा, मैं साफतौर पर कहा रहा हूं कि यह ऐसे खत्म नहीं होगा। हम कानूनी लड़ाई लड़ेंगे और अदालतों को दिखाएंगे कि हमारे पास क्या दस्तावेज हैं। उन्होंने कहा, ज्ञानवापी में हम नमाज पढ़ रहे हैं। बाबरी मस्जिद मामले में तर्क दिया गया था कि आप (मुसलमान) वहां नमाज अदा नहीं करते हैं। यहां हम लगातार नमाज पढ़ रहे हैं। यहां तक कि साल 1993 तक यहां कोई पूजा नहीं हुई थी। मस्जिद के नीचे हिंदू धर्म से जुड़ी चीजें मिलने को लेकर उन्होंने कहा, कल अगर हम राष्ट्रपति भवन खोदने लगेंगे तो हमें कुछ न कुछ मिलेगा। हम उस जगह पर सैकड़ों सालों से नमाज पढ़ रहे हैं। इस दौरान उन्होंने कहा कि देश के मुसलमानों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी में भरोसा नहीं है। पीटीआई भाषा के अनुसार, वाराणसी जिला न्यायाधीश की अदालत में एक महिला ने सोमवार को याचिका दाखिल कर ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में बंद अन्य सभी तहखानों का भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) से सर्वेक्षण कराने की मांग की है। जिला अदालत ने अर्जी पर सुनवाई के लिए छह फरवरी की तारीख तय की है। विश्व वैदिक सनातन संघ की संस्थापक सदस्य और मां श्रृंगार गौरी मामले में एक पक्षकार राखी सिंह ने यह याचिका दाखिल की है, जिनकी पहले की एक याचिका पर एएसआई सर्वेक्षण हुआ था।

### वाम दलों ने कर लिया राहुल गांधी की सीट का बंटवारा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** विपक्षी गठबंधन आईएनडीआईए में सीट शेयरिंग के फॉर्मूले पर अब तक अंतिम मुहर नहीं लग सकी है। इसी बीच कहा जाने लगा है कि गठबंधन के साथी दल सीपीआई की नजरें कांग्रेस नेता राहुल गांधी की केरल की वायनाड सीट पर भी हो सकती हैं। हालांकि, इसे लेकर अब तक अंतिम फैसला नहीं लिया गया है। साल 2019 में वायनाड से 4 लाख से ज्यादा के अंतर से जीत हासिल की थी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, राज्य में सत्तारूढ़ गठबंधन एलडीएफ ने सीपीआई के लिए चुनी चार सीटों में वायनाड को भी शामिल किया है। हाल ही में पार्टी की हैदराबाद में बैठक हुई थी। अब सीपीआई महासचिव डी राजा के हवाले से कहा जा रहा है कि कांग्रेस को वायनाड छोड़ने के लिए कहने पर कोई चर्चा नहीं है। हालांकि, उन्होंने इस बात से इनकार भी नहीं किया है। उन्होंने कहा, एलडीएफ में सीट शेयरिंग फॉर्मूले के बीच वायनाड उन चार सीटों में से एक है, जो सीपीआई के खाते में आई है। फिलहाल, इसे लेकर बात जारी हैं। पश्चिम बंगाल में हमें तीन सीटें मिली हैं। 2019 में राहुल ने वायनाड के अलावा उत्तर प्रदेश की अमेठी सीट से भी चुनाव लड़ा था। हालांकि, कांग्रेस का गढ़ मानी जाने वाली इस सीट पर उन्हें स्मृति ईरानी के हाथों हार का सामना करना पड़ा था।अमेठी में चुनाव लड़ने के साथ ही राहुल ने राजनीति में एंट्री की थी। इससे पहले अमेठी सीट उनके पिता और पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के पास थी।

# मध्य प्रदेश में 7 सांसद बदलने तो एकदम तय, पर एक दर्जन से ज्यादा का कटेगा पत्ता; किनके नाम

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
लोकसभा चुनाव 2024 के शेड्यूल का ऐलान मार्च के पहले सप्ताह तक हो सकता है। भाजपा उससे पहले ही बड़ी संख्या में टिकटों पर फैसला कर लेना चाहती है ताकि उसके उम्मीदवारों को तैयारी के लिए पर्याप्त समय मिल सके। वहीं यूपी, एमपी जैसे बड़े राज्यों में भाजपा फेरबदल भी करने जा रही है और चर्चा है कि बड़ी संख्या में नए चेहरों को ही टिकट दिए जा सकते हैं। मध्य प्रदेश में लोकसभा की 29 सीटें हैं और यहां एक दर्जन से भी ज्यादा सांसदों को हटाकर नए चेहरों को मौका देने की रणनीति बन रही है। भाजपा सूत्रों का कहना है कि कुल 5 सांसद तो ऐसे हैं, जो अब मध्य प्रदेश विधानसभा के सदस्य हैं।

इन लोगों को अब राज्य में ही राजनीति का अवसर मिलेगा और सांसद के तौर पर नए नेताओं को मौका दिया जाएगा। इसके अलावा 2 सांसद ऐसे हैं, जो विधानसभा इलेक्शन में उतरे थे, लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा। इन सांसदों में फग्गन सिंह कुलस्ते और गणेश सिंह शामिल हैं। पार्टी सूत्रों का कहना है कि इन दोनों नेताओं को इस बार शायद ही लोकसभा का टिकट मिल पाए। इसके अलावा विधायक बने नरेंद्र सिंह तोमर, प्रह्लाद पटेल, रीति पाठक, राकेश सिंह और उदय प्रताप सिंह भी शायद फिर से मौका न पा सकें।

पार्टी की ओर से तय प्रभारियों ने अपनी डिटेल रिपोर्ट नेतृत्व को सौंप दी है। इस पर मंथन के बाद ही टिकटों के ऐलान होने शुरू होंगे। माना जा रहा है कि फरवरी के आखिरी सप्ताह से भाजपा अपने उम्मीदवारों के नाम फाइनल करना शुरू कर देगी। पिछले दिनों ही खबर आई थी कि भाजपा



नेतृत्व 70 प्लस की उम्र और कमजोर फीडबैक वाले नेताओं को दोबारा मौका नहीं देगा। इस खबर के बाद से ही वे नेता पसोपेश में हैं, जिनकी उम्र अधिक है और रिपोर्ट कार्ड भी पक्ष में नहीं दिख रहा। भाजपा को लगता है कि इसके जरिए ऐंटी-इनकम्बैंसी की भी काट होगी और नया नेतृत्व भी उभर सकेगा।

यह स्थिति कांग्रेस से एकदम उलट है। कांग्रेस में तो पार्टी पुराने नेताओं पर ही दबाव डाल रही है कि वे चुनाव में उतरें। इसकी एक वजह फंड की कमी भी है। कांग्रेस के एक नेता ने कहा कि भाजपा कैंडिडेट्स के पास फंड की कमी नहीं है। ऐसे में हम यदि नए चेहरों को उतारेंगे तो उनकी स्थिति कमजोर दिखेगी। उन्होंने कहा कि हम तो नेताओं से यह भी कह रहे हैं कि यदि वे खुद चुनाव में नहीं उतरना चाहते हैं तो कम से कम एक लोकसभा सीट का काम ही संभाल लें। इससे उम्मीदवारों को बल मिलेगा और फंडिंग की किल्लत भी कम होगी।

# अध्यक्ष जी कार्यकर्ता कुत्ता नहीं होता, मल्लिकार्जुन खरगे की बात पर भड़क गए कांग्रेस दिग्गज




**नईदिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम ने इस बार राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे पर निशाना साधा है। उन्होंने एक वीडियो के जरिए पार्टी प्रमुख से कहा है कि कार्यकर्ता कुत्ता नहीं होता। आचार्य प्रमोद को कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रियंका गांधी वाड्रा का करीबी भी कहा जाता है। आचार्य फिलहाल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात कर चर्चा में हैं।

वीडियो में क्या?

करीब डेढ़ मिनट लंबे इस वीडियो में खरगे को किसी कार्यक्रम के दौरान भाषण देते सुना जा सकता है। वह कह रहे हैं, एक हमारे पास कहावत है कि जब आप बाजार में जाते हो, तब अच्छा कुत्ता खरीदना है या प्राणी को लेना या जानवर को लेना है, तो लोग जानवर के बाजार में जाकर छानबीन करते हैं। अगर ईमानदार एक प्राणी को भी लेना है, तो उसका कान पकड़कर ऐसा ऊपर उठाते हैं। उन्होंने आगे कहा, ऊपर उठाने के बाद अगर वह भौंकता है, तो ठीक है अगर कुई कुई करता है तो ठीक नहीं है, कोई लेता नहीं उसको। तो आप भी सिलेक्शन करते वक्त जो भौंकता है, जो लड़ता है, जो आपके साथ रहता है उसको ले लो। उसको बूथ लेवल कमेटी का एजेंट बनाओ। और जब बूथ में कोई बैठता है, तो ऐसे आदमी को लगाओ, वो सुबह अगर 7 बजे जाता है, जो पेटी बंद होने पर साइन करके ही बाहर आना चाहिए। इसपर आचार्य प्रमोद ने कहा, कार्यकर्ता कुत्ता नहीं होता, कर्मठ और कर्मवीर होता है माननीय अध्यक्ष जी, बात कड़वी जरूर है लेकिन सच है। खास बात है कि उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर किए पोस्ट में खरगे के अलावा वायनाड सांसद राहुल गांधी और महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा को भी टैग किया है। इससे पहले आचार्य कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर भी सवाल उठा चुके हैं। उन्होंने कहा था, कांग्रेस पार्टी में हमारे ऐसे सब महान समझदार नेता है। एक तरफ देश का 2024 का महाभारत सज रहा है, दूसरी तरफ पार्टी राजनीतिक पर्यटन कर रही है। असल में हम 2024 के बाद सोचेंगे कि 2024 में जीतना कैसे है। उन्होंने कहा, ऐसा लग रहा है कि हम खुद को 2029 लोकसभा चुनावों के लिए तैयार कर रहे हैं। अगर हम 2024 के लिए तैयारी कर रहे होते, तो ऐसा नहीं होता।

### जांच के दायरे में सर्दी-खांसी और दर्द की 3 दवाएं, 30 साल से ले रहे हैं लोग

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आमतौर पर इस्तेमाल की जाने वाली दर्द, खांसी और सर्दी की तीन दवाएं जांच के दायरे में हैं। केंद्रीय दवा नियामक ने इन दवाओं को बनाने वाली कंपनियों से इनका असर और सुरक्षा जांचने के वास्ते नए सिरे से ट्रायल करने को कहा है। ये वो दवाएं हैं जिन्हें अक्सर सर्दी और खांसी के समय दिया जाता है। इसके अलावा, निश्चित खुराक संयोजन (एफडीसी) में उपलब्ध एक दर्द निवारक दवा भी जांच के घेरे में है। ये दवा पिछले 30 साल से अधिक समय से बेची जा रही है। एक सिंगल डोज देने के लिए दो या उससे अधिक दवाओं को मिलाकर देने को एफडीसी कहा जाता है। खांसी और सर्दी की जिन दवाओं का सुरक्षा आकलन करने के लिए नए सिरे से ट्रायल का सुझाव दिया गया है उनमें में से एक में पैरासिटामोल (एंटीपायरेटिक), फिनाइलफाइन हाइड्रोक्लोराइड (नाक संबंधी सर्दी-खांसी की दवा) और कैफीन एनहाइड्रस (प्रोसेस्ड कैफीन) युक्त दवाएं शामिल हैं। दूसरी दवा में कैफीन एनहाइड्रस, पैरासिटामोल, हाइड्रोक्लोराइड (नमक) और क्लोरफेनिरामाइन मैलेट (एंटी-एलर्जी दवा) शामिल हैं।

### बच्चे से लगाव नहीं हुआ वापस करना है, बॉम्बे हाईकोर्ट ने रद्द किया गोद लेने का आदेश

**मुंबई, एजेंसी।** दत्तक माता-पिता गोद लिए बच्चे के साथ उनका भावनात्मक लगाव पैदा नहीं हो पाया है इसलिए बंबई हाईकोर्ट ने दत्तक ग्रहण का एक आदेश रद्द कर दिया। दत्तक माता-पिता ने अदालत के समक्ष कहा कि हम बच्चे के साथ लगाव पैदा नहीं कर पाए, इसलिए हम बच्चे को वापस करना चाहते हैं। माता-पिता ने बच्चे के खराब व्यवहार और आदतों के बारे में ट्रस्ट से शिकायत की भी थी।

न्यायमूर्ति आर. आई. छागला की एकल पीठ ने दिसंबर 2023 में बाल आशा ट्रस्ट द्वारा दायर एक याचिका पर सुनवाई करते हुए पिछले महीने यह आदेश पारित किया। इसके बाद ट्रस्ट ने याचिका दायर की थी। हाईकोर्ट ने कहा कि अगर गोद लेने संबंधी 17 अगस्त 2023 का आदेश रद्द कर दिया जाता है तो यह बच्चे के हित में होगा।

अदालत ने केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण (सीएआरए) को जल्द से जल्द उपयुक्त दत्तक माता-पिता की पहचान करने के लिए बच्चे को गोद लेने की खातिर संबंधित पंजीकरण फिर से करने का भी निर्देश दिया। ट्रस्ट ने गोद लेने वाले माता-पिता को बच्चे के व्यवहार संबंधी मुद्दों को बेहतर ढंग से समझने के लिए परामर्श (काउंसलिंग) सत्र में शामिल होने की सलाह दी थी।

संबंधित अधिकारियों- सीएआरए, राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण, जिला बाल संरक्षण इकाई, और विशिष्ट दत्तक ग्रहण एजेंसी को गोद लेने वाले माता-पिता की बच्चे को अपने पास रखने और उसकी देखभाल करने में असमर्थता के बारे में भी अवगत कराया गया था। गोद लेने वाले माता-पिता ने ट्रस्ट की सलाह पर दो परामर्श सत्रों में भाग भी लिया था। याचिका में कहा गया कि परामर्शदाता ने पाया कि गोद लेने वाले माता-पिता का बच्चे के साथ भावनात्मक लगाव नहीं है। गोद लेने वाले माता-पिता और उनकी स्वयं की सात वर्षीय बेटी से प्यार करता है।

पीठ ने गोद लेने के आदेश को रद्द करने के अलावा निर्देश दिया कि दत्तक माता-पिता द्वारा बच्चे के हित के लिए उसके नाम पर किए गए दो लाख रुपये उन्हें वापस किए जाएंगे। इसने कहा कि गोद लेने वाले माता-पिता को निर्देश दिया जाता है कि वे याचिकाकर्ता-संस्था को बच्चे से संबंधित सभी मूल रिपोर्ट और दस्तावेज तुरंत लौटाएं।

## अमेरिका के कैलिफोर्निया में भीषण तूफान से तबाही, बाढ़ और भूस्खलन से करोड़ों लोगों का जीवन हुआ बाधित

**लॉस एंजेल्स, एजेंसी।**
कैलिफोर्निया में मौसम का मिजाज बदला हुआ है। समुद्री तूफान की वजह से राज्य में भारी बारिश और तेज हवाओं का असर देखा गया। तेज और तूफ़ानी बारिश की वजह से राज्य में बहुत नुकसान हुआ। एक सप्ताह से भी कम समय में पश्चिमी तट को अपनी चपेट में लेने वाला दूसरा पाइनएप्पल एक्सप्रेस तूफान सोमवार को दक्षिणी कैलिफोर्निया में पहुंच गया। इस तूफान की वजह से पूरे क्षेत्र में मूसलाधार बारिश हुई जिससे सड़कों पर बाढ़ आ गई और भूस्खलन हुआ। कुछ दिन पहले दक्षिणी कैलिफोर्निया में वायुमंडलीय नदी के कारण मूसलाधार बारिश हुई। बारिश के कारण बाढ़ जैसे हालात बन गए और इसके बाद अब पाइनएप्पल एक्सप्रेस तूफान ने राज्य में तबाही मचा रखी है।

सोमवार को कैलिफोर्निया और दक्षिण-पश्चिमी एरिजोना के कुछ हिस्सों में बाढ़ और तेज हवा की वजह से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। इस क्षेत्र में लगभग 3 करोड़ से ज्यादा लोग रहते हैं। इस क्षेत्र में बाढ़, तेज़ हवा और शीतकालीन



तूफान की स्थिति को देखते हुए लोगों को अलर्ट मैसेज दिए गए हैं। अधिकारियों ने निवासियों से बाहर जाने और ड्राइविंग को जितना हो सके सीमित करने का आग्रह किया था।

राष्ट्रीय मौसम सेवा (एनडब्ल्यूएस) के अनुसार, रविवार से पूरे लॉस एंजिल्स में 10 इंच (25.4 सेमी) से अधिक बारिश हुई है। यह क्षेत्र, देश का दूसरा सबसे बड़ा शहर है, इस क्षेत्र में पूरे सप्ताह बारिश जारी रहने का अनुमान है। एनडब्ल्यूएस द्वारा पोस्ट किए गए एक ऑनलाइन नोटिस के अनुसार, महत्वपूर्ण बाढ़ जारी है और इसके बढ़ने की आशंका है।

## ब्रिटेन के महाराजा किंग चार्ल्स को हुआ कैंसर

**लंदन, एजेंसी।**
ब्रिटेन के महाराजा किंग चार्ल्स 3 को कैंसर हो गया है। बकिंघम पैलेस ने सोमवार को इसकी जानकारी दी है। बयान जारी करते हुए बकिंघम पैलेस ने कहा कि वह अपने सभी सार्वजनिक कार्यक्रमों को स्थगित कर रहे हैं। पिछले महीने 75 साल के किंग चार्ल्स लगभग तीन दिनों के लिए अस्पताल में भर्ती हुए थे। उनका बढ़े हुए प्रोस्टेट का इलाज किया गया था। इसी दौरान डॉक्टरों को कैंसर जैसी दिक्कत के बारे में पता चल गया था। पैलेस की तरफ से कहा गया है कि चार्ल्स अपने इलाज को लेकर बेहद पॉजिटिव हैं।

सोमवार को पैलेस ने पुष्टि की कि उन्हें कैंसर है, हालांकि वह प्रोस्टेट कैंसर से ग्रसित नहीं हैं। पैलेस ने कहा कि कुछ दिन किंग सार्वजनिक कार्यक्रमों से दूर रहेंगे हालांकि वह हेड ऑफ स्टेट के तौर पर काम करते रहेंगे। बीमारी का पता लगने के बाद किंग चार्ल्स ने फोन करके अपने बेटों प्रिंस ऑफ वेल्स



विलियम और ड्यूक ऑफ ससेक्स हैरी को इस बारे में बताया। इसके अलावा अपने तीनों सिब्लिंग को भी स्वास्थ्य के बारे में जानकारी दी।

बकिंघम पैलेस ने अपने बयान में कहा, महाराज ने अपनी बीमारी के बारे में सबको बताने का फैसला किया। उम्मीद है कि जनता भी इस बात को समझेगी। बहुत सारे लोग जानते होंगे कि गंभीर बीमारी से जूझने के बाद किस तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। वहीं यूके के पीएम ऋषि सुनक ने भी किंग चार्ल्स के जल्दी ठीक होने की कामना की है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने भी उनके जल्द ठीक होने की कामना की है। बता दें कि नवंबर 2022 में महारानी एलिजाबेथ के निधन के बाद चार्ल्स महाराज बने। 6 मई 2023 को उनकी ताजपोशी की गई थी। वह इंग्लैंड के सबसे बुजुर्ग राजा हैं।

# चुनाव ड्यूटी से गायब रहने पर गिरफ्तारी वारंट जारी, 134 सरकारी कर्मचारियों के खिलाफ होगी कार्रवाई

**जमशोरो, एजेंसी।**
2024 के चुनावों के लिए अपने चुनाव कर्तव्यों को पूरा करने में विफल रहने वाले सरकारी कर्मचारियों के लिए गिरफ्तारी वारंट जारी किए गए हैं। स्थानीय न्यूज एआरवाई न्यूज की रिपोर्ट में इस बात का दावा किया गया है। यह निर्णय जमशोरो में सहवान के रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा बुलाई गई एक आपातकालीन बैठक के दौरान लिया गया। सहवान के रिटर्निंग ऑफिसर की अध्यक्षता में हुई बैठक में सरकारी कर्मचारियों द्वारा अपने निर्धारित चुनाव कर्तव्यों का पालन न करने पर चर्चा की गई। रिटर्निंग ऑफिसर ने पुलिस को 134 सरकारी कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया, जिन्होंने अपने निर्धारित चुनाव कर्तव्यों को निभाने से इनकार कर दिया था। पाकिस्तान स्थित समाचार चैनल एआरवाई न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, रिटर्निंग ऑफिसर के निर्देश के तहत, जिला प्रशासन ने शिक्षा, स्वास्थ्य और जलापूर्ति



सहित विभिन्न विभागों से संबंधित इन सरकारी कर्मचारियों की गिरफ्तारी के आदेश जारी किए हैं। इन कर्मचारियों की अपने चुनाव कर्तव्यों को पूरा करने में अनिच्छा एक चिंता का विषय है। इस सप्ताह की शुरुआत में, इसी तरह की कार्रवाई कराची में की गई थी, जहां सिंध स्वास्थ्य विभाग के 267 कर्मचारियों के लिए गिरफ्तारी वारंट जारी किए गए थे, क्योंकि अपने चुनाव कर्तव्यों को पूरा करने में असफल कर रहे थे।

वारंट क्क्र-110-कराची, दक्षिण के रिटर्निंग ऑफिसर मुहम्मद हयात द्वारा जारी किए गए थे। कर्मचारी, जिनमें महिलाएं भी शामिल हैं, वह अपने निर्धारित चुनाव कर्तव्यों से लगातार अनुपस्थित रहे हैं, जिसके कारण गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया है। इन घटनाक्रमों के जवाब में, 1 फरवरी को मुख्य चुनाव आयुक्त (छ्श्श्ष्ट) सिकंदर सुल्तान ने बैठक के बाद एक प्रेस बयान में कहा कि जो लोग शांति भंग करके चुनाव में बाधा डालने की कोशिश कर रहे हैं, उनसे सख्ती से निपटा जाएगा।

### चुनावी प्रक्रिया के दौरान शांति रखने की अपील

इसके अतिरिक्त, उन्होंने चुनावी प्रक्रिया के दौरान शांति बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने चेतावनी दी कि चुनाव में बाधा डालने का प्रयास करने वालों को सख्त परिणाम भुगतने होंगे। गिरफ्तारी वारंट जारी करना चुनावों के सुचारू संचालन और सरकारी कर्मचारियों द्वारा चुनाव कर्तव्यों की पूर्ति सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। चुनावी प्रक्रिया में बाधा डालने के किसी भी प्रयास पर कानून के तहत निर्णायक कार्रवाई की जाएगी।

### ड्रोन से बढ़ेगी भारत की समुद्री सुरक्षा, अमेरिका ने रक्षा सौदे को बताया ऐतिहासिक

**वॉशिंगटन, एजेंसी।**
अमेरिका ने भारत को रूक्त-9क्क प्रीडेटर ड्रोन बेचने की अनुमति दे दी है। इस रक्षा सौदे को लेकर अब अमेरिका ने बयान जारी किया है। अमेरिका ने कहा है कि करीब 4 अरब डॉलर की अनुमानित लागत से भारत को 31 ड्रोन बेचे जाएंगे, जिससे उनकी समुद्री सुरक्षा में इजाफा होगा। अमेरिकी विदेश विभाग के उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने बताया कि हमारा मानना है कि यह बिक्री भारत को समुद्री सुरक्षा और समुद्री क्षेत्र में जागरूकता क्षमता प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि इस रक्षा सौदे से भारत को इन विमानों का पूर्ण अधिकार मिलेगा और इस क्षेत्र में हम अपने भारतीय भागीदारों के साथ सहयोग को गहरा करना जारी रखेंगे। बता दें कि भारत ने अपने सशस्त्र बलों की निगरानी क्षमताओं को बढ़ाने के लिए अमेरिका से 31 एमक्यू-9बी सशस्त्र ड्रोन खरीदने का फैसला किया है। जिनमें से 15 सी-गार्जियन ड्रोन नौसेना को मिलेंगे। इसके अलावा थलसेना और वायुसेना को आठ-आठ स्काई-गार्डियन ड्रोन मिलेंगे।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129